# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बृहस्पतिवार, 2 जुलाई, 2026 | वर्ष -01 | अंक-136 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


संक्षिप्त खबरें

### लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन बने भारतीय सेना के नए उप प्रमुख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना में शीर्ष नेतृत्व स्तर पर एक महत्वपूर्ण बदलाव के तहत



लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन, सेना के उप प्रमुख (वाइस चीफ ऑफ द आर्मी स्टाफ) नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने 1 जुलाई को नई दिल्ली में अपना पदभार ग्रहण कर लिया। लगभग चार दशक लंबे सैन्य करियर में लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन ने विभिन्न चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में कमान संभालते हुए नेतृत्व, संचालन और रणनीतिक योजना के क्षेत्र में व्यापक अनुभव अर्जित किया है। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र हैं। लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन को जून 1988 में महार रेजिमेंट में कमीशन प्राप्त हुआ था।

### हिमाचल में मानसून का कहर, छह लोगों की मौत, 35 सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून ने रफ्तार पकड़ते ही जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित करना शुरू कर दिया है। लगातार हो रही बारिश के कारण राज्य के कई हिस्सों में भूस्खलन, सड़क अवरोध, बिजली बाधित होने और हादसों की घटनाएं सामने आ रही हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, अब तक बारिश से जुड़ी घटनाओं में 6 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 35 सड़कें बंद, 127 बिजली वितरण ट्रांसफार्मर (डीटीआर) ठप हैं और प्रारंभिक आकलन में 44.40 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया है।

### नीट-पीजी 2026 परीक्षा 30 अगस्त को होगी आवेदन प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) ने नीट-पीजी 2026 परीक्षा की अधिसूचना जारी कर दी है। देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर कंप्यूटर आधारित (सीबीटी) मोड में यह परीक्षा 30 अगस्त को आयोजित की जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया एक जुलाई शाम 5 बजे से शुरू होकर 21 जुलाई रात 11:55 बजे तक चलेगी। एनबीईएमएस के अनुसार परीक्षा से संबंधित पात्रता मानदंड, शुल्क संरचना, परीक्षा योजना और अन्य विस्तृत जानकारी सूचना बुलेटिन में उपलब्ध है। सूचना बुलेटिन 1 जुलाई को शाम 4 बजे से वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है।

### राममंदिर चढ़ावा चोरी आरोपी अविनाश के घर 20 लाख रुपए मिले

**अयोध्या।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में बुधवार को आरोपी लवकुश मिश्रा और अनुकल्प मिश्रा के घर पुलिस ने छापेमारी की। दस्तावेजों को खंगाला और परिजनों भी पूछताछ की गई।इस बीच, 8 में से 7 आरोपियों के घर बरामदगी का ब्योरा सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सबसे अधिक 20 लाख कैश जेल में बंद अविनाश शुक्ला के पास मिला है। 1121 डॉलर यानी करीब एक लाख 6 हजार रुपए और सोने-चांदी की ज्वेलरी भी बरामद हुई है। टिन्नू के पास से 1 लाख और उसके भतीजे से 2 लाख कैश मिले हैं।अविनाश के अयोध्या स्थित योग सेंटर पर 28 जून को पुलिस ने छापा मारा था। तब एक संदूक बरामद हुआ था। उस पर लाल रंग से 'रामराज्य कोष' लिखा था। पेटीएम का दफकोड लगा था। छापेमारी का वीडियो बुधवार सुबह सामने आया।

---

सम्राट कैबिनेट की बैठक में 29 एजेंडों पर लगी मुहर

# 31 बस स्टैंड बनेंगे आधुनिक, 5 केंद्रीय विद्यालयों को मिली भूमि

## भगवान वामन मंदिर का होगा सौंदर्यीकरण, पंचायतों के लिए 51,923 करोड़ मंजूरी

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को बिहार कैबिनेट की बैठक हुई। मुख्य सचिवालय के कैबिनेट हॉल में यह मीटिंग हुई. जहां 29 महत्वपूर्ण एजेंडों पर मुहर लगी। बिहार मंत्रिपरिषद की बैठक में पांच नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना को स्वीकृति दे दी है। 5 नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना के लिए 5-5 एकड़ आवश्यक सरकारी भूमि को उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत पूर्णिया पूर्व, राजगीर, शेखपुरा, मधेपुरा और मधुबनी में केंद्रीय विद्यालय खुलेंगे। वहीं मंत्रिमंडल की बैठक में बक्सर स्थित केंद्रीय कारा परिसर में अवस्थित भगवान वामन मंदिर के विकास, सौंदर्यीकरण और श्रद्धालुओं के लिए सुगम प्रवेश व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में भी फैसला हुआ है। मंदिर परिसर के लिए भूमि को पृथक चिह्नित कर सुरक्षित रखने के लिए चहारदीवारी के साथ सुरक्षा व्यवस्था विकसित करने और मंदिर परिसर के समुचित विकास का मार्ग प्रशस्त करने का निर्णय लिया गया है। मंत्रिपरिषद की



बैठक में आधुनिक, सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए राज्य के 31 बस स्टैंडों के आधुनिकीकरण एवं समग्र विकास के लिए पीपीपी मॉडल पर विकसित किए जाने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना में पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गया, दरभंगा, पूर्णिया, मुंगेर, कटिहार, सहरसा, नवादा, मधुबनी, किशनगंज सहित राज्य के विभिन्न जिलों के बस स्टैंड शामिल हैं।

**44 रुपये बढ़ाई गई मजदूरी :** विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण विकसित भारत जी रामजी योजना के अंतर्गत और कुशल मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी के भुगतान के संबंध में प्रति सात घंटा काम के लिए लीड एवं लिफ्ट के साथ मिट्टी कटाई हेतु निर्धारित दर की स्वीकृति मजदूरी 256 से बढ़ाकर 300 किया गया है। पटना जू प्रबंधन एवं विकास समिति के कार्यों को बेहतर ढंग से संचालन के लिए 23 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। इसमें एक पद नियमित और 22 संविदा पर आधारित होंगे। पटना के शास्त्री नगर स्थित राजस्व सर्वे प्रशिक्षण संस्थान के निलंबित राजस्व अधिकारी सोनी कुमारी को सेवा से बर्खास्तगी की स्वीकृति दी गई है। वीरपुर हवाई अड्डा के विकास के लिए 88.83 एकड़ भूमि के मुआवजा के लिए 29 करोड़ 56 लाख 99196 की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। राज्य में औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए भूमि अधिग्रहण तथा अवसंरचना के विकास हेतु वित्तीय संस्थानों से शर्तों एवं राज्य सरकार की गारंटी पर 25000 करोड़ रुपए का वित्त पोषण प्राप्त करने हेतु आधारभूत संरचना विकास प्राधिकरण को प्राधिकृत करने की स्वीकृति दी गई है। वहीं बैठक में 16 वें वित्त आयोग के अनुशंसा के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026- 27 से 2030-31 तक भारत सरकार से प्राप्त होने वाले 51923 करोड़ रुपए को त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के बीच वितरण की स्वीकृति दी गई है।

### रिक्त पदों को भरने के लिए स्वीकृति

विश्वविद्यालय और अंगीभूत महाविद्यालय में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के लिए बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग कार्य संचालन संशोधन नियमावली 2026 के प्रारूप पर स्वीकृति प्रदान की गई है। पटना नगर निगम द्वारा शहर के दीर्घकालीन शहरी चुनौतियां विशेष का सड़क अतिक्रमण एवं अनियमित वेंडिंग के कारण यातायात में असुविधा को ध्यान रखते हुय 200 करोड़ रुपए तक के नगर निगम बॉन्ड जारी करने की स्वीकृति दी गई है।

---

## समृद्धि से ही देश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा : सीएम सम्राट



**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बुधवार रात भारतीय स्टेट बैंक के 71 वें बैंक दिवस समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि बैंक सीडी रेशियो को बढ़ाकर 100 प्रतिशत तक करने का प्रयास करें। बैंकर्स को हम आश्वस्त करते हैं कि सरकार ऋण का भुगतान सुनिश्चित करायेगी। बिहार की समृद्धि से ही देश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कहा-140 करोड़ भारतीयों में से 14 करोड़ बिहारवासी को आगे बढ़ाए बिना देश आगे नहीं बढ़ सकता**

उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों में से 14 करोड़ बिहारवासी को आगे बढ़ाए बिना देश आगे नहीं बढ़ सकता। अगले 20 साल में बिहार इतना आगे बढ़ेगा कि अपने गौरवशाली इतिहास को पुनः प्राप्त कर लेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के संस्थागत ऋण को बढ़ावा दें तथा केसीसी का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाएं। बिहार में उद्योग का जाल बिछाना है इसमें बैंकर्स का सहयोग आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में बिहार के 1 करोड़ 87 लाख लोगों को विभिन्न सेक्टरों में सीधे रोजगार से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि दुनिया के अन्य देश टेक्नोलॉजी में भले आगे हो लेकिन भारत बैंकिंग सेवा में सबसे आगे है, जहां यूपीआई के माध्यम से सर्वाधिक लोग राशि ट्रांसफर कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जन-धन खाता खुलवाकर गरीब लोगों की पहुंच बैंक तक बनाई है। भारत में बैंकिंग सेवा अब पूरी तरह से डिजिटल हो चुकी है। हमको यदि अपने जीवन को सफल बनाना है, उद्योग और स्टार्टअप को बढ़ाना है तो हमें बैंकर्स के साथ जुड़ना ही होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुंगेर से भागलपुर तक 83 किलोमीटर तथा दीघा से कोईलवर तक 39 किलोमीटर लंबा मरीन ड्राइव पीपीपी मोड पर अगले तीन साल के अंदर तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित है। विकास और जनकल्याण के काम के लिए जो हमें सस्ता लोन देगा हम उसी से सहयोग लेंगे क्योंकि जनता को भी हमें जवाब देना पड़ता है। हमलोग बिहार के विभिन्न हिस्सों में 12 टाउनशिप विकसित कर रहे हैं, जिसमें एक लाख करोड रुपए का सीधा निवेश होगा। बिहार के विकास में आप अपना योगदान देते रहिये। मैं पुनः आप सभी को शुभकामनायें देता हूं।

---

## मुजफ्फरपुर : एएसआई 8 हजार घूस लेते धराया

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने बुधवार को राजेपुर ओपी में तैनात सहायक अवर निरीक्षक मुन्ना कुमार यादव को 8 हजार रुपये रिश्वत लेते ओपी परिसर में हीं रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार एएसआई मुन्ना कुमार यादव एक दर्ज मामले में मदद करने और पुलिस डायरी पीड़ित के पक्ष में लिखने के एवज में बरुराज थाना क्षेत्र के फूलवरिया निवासी बबन पासवान से 8 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहे थे। लेकिन पीड़ित रिश्वत की रकम नहीं देना चाहता था, इसलिए उसने इसकी शिकायत पटना स्थित



**अपने ही ओपी में घुस लेते पकड़ाए एएसआई निगरानी टीम की गिरफ्त में।**

निगरानी विभाग से कर दी। शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग ने मामले का सत्यापन कराया। मामला सही पाए जाने पर डीएसपी रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष धावा दल का गठन किया गया। योजना के अनुसार बुधवार को जैसे ही पीड़ित ने राजेपुर ओपी परिसर के पास एएसआई मुन्ना यादव को केमिकल लगे हुए 8 हजार रुपये थमाए, वही मौके पर पहले से घात लगाए निगरानी की टीम ने एएसआई मुन्ना कुमार यादव को रंगे हाथ हिरासत में ले लिया। निगरानी टीम ने गिरफ्तार एएसआई के जैसे हीं हाथ धुलवाए, रिश्वत में दिए गए नोट में लगे केमिकल से मुन्ना यादव का हाथ लाल हो गया। वही रिश्वत लेने की पुष्टि होते ही निगरानी की टीम ने रिश्वतखोरी के मामले में राजेपुर ओपी से ही एएसआई मुन्ना कुमार यादव को गिरफ्तार कर अपने साथ पटना ले गई। बताया जा रहा है कि विभागीय मुख्यालय में निगरानी टीम द्वारा पूछताछ के बाद उन्हें निगरानी की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा।

---

## सीतामढ़ी में सेंट्रल बैंक के सीएसपी से दिनदहाड़े 17 लाख रुपए की लूट

**सीतामढ़ी/ पटना (एनएसबी)।** बुधवार को बिहार के सीतामढ़ी जिले में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एक ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) से तीन हथियारबंद बदमाशों ने दिनदहाड़े करीब 17 लाख रुपए लूट लिए। पुलिस ने बताया कि यह घटना रीगा थाना क्षेत्र में हुई और सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई।

पुलिस के अनुसार, यह डकैती रीगा थाना क्षेत्र के अनहदी गांव में स्थित सेंट्रल बैंक के सीएसपी में हुई। सीएसपी संचालक राजेश्वर ठाकुर अपनी दुकान के अंदर थे, तभी तीन लोग अपाचे



मोटरसाइकिल पर आए। आरोपियों ने कथित तौर पर परिसर में प्रवेश किया, शटर गिराकर किसी को भी अंदर आने-जाने से रोका और संचालक को पिस्तौल दिखाकर धमकाया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने काउंटर पर रखी नकदी और संचालक की जेब से पैसे लूट लिए और करीब 17 लाख रुपए लेकर फरार हो गए। लूट की सूचना मिलते ही रीगा पुलिस मौके पर पहुंची, घटनास्थल का मुआयना किया और जांच शुरू की। अधिकारी सीएसपी और आसपास के इलाकों से सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं। प्रारंभिक जांच के अनुसार, पूरी घटना निगरानी कैमरों में कैद हो गई है, जिसका इस्तेमाल पुलिस संदिग्धों की पहचान करने और उनकी गतिविधियों का पता लगाने के लिए कर रही है।

---

## एनडीए के 9 और राजद के एक नेता बने एमएलसी

### सभापति अवधेश नारायण सिंह ने दिलायी शपथ

**पटना (एनएसबी)।** बिहार एनडीए के 9 और राजद के एक निर्वाचित विधायक को विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

बुधवार को विधान परिषद के एनेक्सी भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सबसे पहले भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह ने एमएलसी पद की शपथ ली। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, संजय मयूख समेत एनडीए से 9, राजद से सुनील कुमार सिंह ने एमएलसी पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे। मंच पर उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी के बगल में तेजस्वी यादव बैठे नजर आए। बता दें विधान परिषद की 10 सीटों के लिए कुल 10 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। 20 दिन पहले सभी 10 निर्विरोध चुने गए थे। नवनिर्वाचित एमएलसी में बीजेपी से 4, जदयू से 4, लोजपा(रा) और राजद से 1-1 कैंडिडेट्स ने जीत हासिल की।

---

## 12 आईपीएस और 53 डीएसपी का तबादला

**पटना (एनएसबी)।** बिहार में कई भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों को तबादला किया गया है। बिहार सरकार के गृह विभाग ने बुधवार को भारतीय पुलिस सेवा के 12 अधिकारियों के तबादले एवं नई पदस्थापन से संबंधित अधिसूचना जारी की। इस फेरबदल में एडीजी, आईजी और एसपी स्तर के अधिकारियों के साथ युवा आईपीएस अधिकारियों को भी नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

जारी आदेश के अनुसार, 1991 बैच की आईपीएस अधिकारी प्रीता वर्मा को बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के महानिदेशक-सह-अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के पद से स्थानांतरित कर गृह रक्षा

### सुधांशु कुमार को ट्रैफिक तो सुहिता अनुपम को विधि-व्यवस्था एडीजी की मिली जिम्मेदारी



वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएं, बिहार का महानिदेशक-सह-महासमादेष्टा बनाया गया है। इसी तरह आईपीएस अधिकारी निर्मल कुमार आजाद को पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) के साथ-साथ पुलिस महानिदेशक, मद्यनिषेध एवं राज्य उत्पाद नियंत्रण ब्यूरो का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, जबकि पंकज कुमार दराद को आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) के अपर पुलिस महानिदेशक के पद से हटाकर बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम का अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक बनाया गया है। सुधांशु कुमार (1996 बैच) को अपर पुलिस महानिदेशक (विधि-व्यवस्था) से हटाकर अपर पुलिस महानिदेशक (यातायात) की जिम्मेदारी सौंपी गई है और उन्हें विशेष निगरानी इकाई का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। इसके अलावा अमित राज को साइबर अपराध एवं सुरक्षा इकाई से स्थानांतरित कर एटीएस का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। इसी बैच की कासे सुहिता अनुपम को विधि-व्यवस्था का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है, जबकि वे अपराध अनुसंधान विभाग में कमजोर वर्ग के एडीजी का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगी। राजेश कुमार को बिहार मानवाधिकार आयोग से बदलकर पुलिस महानिरीक्षक, एससीआरबी बनाया गया है। वहीं 2006 बैच के पंकज कुमार राज को एससीआरबी से स्थानांतरित कर रेलवे का पुलिस महानिरीक्षक नियुक्त किया गया है, जबकि एस. प्रेमलथा को मद्यनिषेध एवं राज्य उत्पाद नियंत्रण ब्यूरो से बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस का पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है।

---

## हरियाणा से बिहार जा रही बस कार से टकराई, 5 की मौत

### उन्नाव में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हुआ हादसा

**लखनऊ (एजेंसी)।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बुधवार तड़के दर्दनाक सड़क हादसे में कार सवार 5 लोगों की मौत हो गई। हरियाणा से बिहार जा रही स्लीपर बस बेकाबू होकर डिवाइडर तोड़ते हुए सामने से आ रही कार से टकरा गई. हादसे में कार सवार 5 लोगों की मौत हो गई है. वहीं, बस में सवार 4 और कार सवार 4 कुल 8 लोग घायल हैं, जिनका इलाज कराया जा रहा है। यह हादसा बुधवार सुबह करीब 4:30 बजे थाना बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 230.800 के पास हुआ. जानकारी के अनुसार, बिहार नंबर की



स्लीपर बस (इफ06 ढक्त1024) हरियाणा से बिहार जा रही थी.डीएम घनश्याम मीणा ने बताया कि बुधवार तड़के करीब 4.30 बजे फरीदाबाद से बिहार जा रही एक निजी बस के चालक को नींद की झपकी आने के कारण बस अनियंत्रित हो गई. बस डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में पहुंच गई, जहां उसके सामने से आ रही एक कार से भीषण टक्कर हो गई.जिलाधिकारी ने बताया कि बस में लगभग 70 यात्री सवार थे. हादसे में बस के 4 यात्रियों को भी गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर भेजा गया है।

### औरंगाबाद में नहर में गिरी स्कूल वैन, 13 बच्चे घायल

**औरंगाबाद (एनएसबी)।** औरंगाबाद में बुधवार की सुबह स्कूल वैन सड़क से 15 फीट नीचे नहर में गिर गई। हादसे में 13 बच्चे घायल हो गए, जिनमें 3 की स्थिति गंभीर है। स्थानीय लोगों ने वैन में फंसे बच्चों को बाहर निकाला और इलाज के लिए कुटुंबा रेफरल अस्पताल पहुंचाया। हादसे में



घायल तीन बच्चों आरबी प्रताप (5), हर्ष कुमार और मौली कुमारी की हालत गंभीर है, उन्हें औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर किया गया है। ये लोग स्कूल पहुंचते उससे पहले हादसा हो गया। घटना अंबा-नवीनगर मुख्य मार्ग पर तामसी मोड़ के पास की है। हादसे के बाद वैन की आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। गाड़ी के कांच टूट गई है। बताया जा रहा है कि वैन में क्षमता से ज्यादा बच्चे

---

## कमर्शियल सिलेंडर 180 रुपए सस्ता नायरा का पेट्रोल-डीजल भी सस्ता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कॉमर्शियल सिलेंडर आज यानी 1 जुलाई से औसतम 180 रुपए सस्ता हो गया है। दिल्ली में ये 2930 का मिल रहा है।

वहीं अब पेट्रोल पंपों पर एक गाड़ी में एक दिन में सिर्फ 200 लीटर डीजल भरने की सीमा खत्म हो गई है। इसके अलावा अब पासपोर्ट बनवाना या री-इश्यू कराना महंगा हो गया है। सामान्य पासपोर्ट की फीस 1,500 रुपए से बढ़कर 2,500 रुपए हो गई। उधर निजी कंपनी वहीं प्राइवेट फ्यूल रिटेलर कंपनी नायरा एनर्जी ने पेट्रोल 5 रुपए प्रति लीटर और डीजल 3 रुपए प्रति लीटर



सस्ता कर दिया है। अब भोपाल में पेट्रोल की कीमत 114.79 रुपए और डीजल 99.57 रुपए पर आ गया है। नायरा के देशभर में 7000 हजार से ज्यादा पेट्रोल पंप हैं। अब पेट्रोल पंपों पर एक गाड़ी में एक दिन में सिर्फ 200 लीटर डीजल भरने की सीमा खत्म हो गई है, यानी अब आप अपनी गाड़ी में जितना चाहें उतना डीजल भरवा सकेंगे।

# लालू बोले- हम लड़ते रहेंगे, तेजस्वी यादव ने सरकार और सीएम को घेरा

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** राजद 30 वें स्थापना दिवस समारोह में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने हुंकार भरी। पार्टी ने 29 वर्ष पूरे कर लिए हैं। राजद के प्रदेश कार्यकाल वीरचंद पटेल पथ पटना में सुप्रीमो लालू यादव ने कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा, हम लड़े हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे।

तेजस्वी यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम सम्राट चौधरी पर प्रहार करते हैं उनको अगूठा छाप बताया। उन्होंने बंगला विवाद पर कहा कि बेवजह इस मामले को तूल दिया जा रहा है और राजनीति की जा रही है। कार्यालय के बाहर ढोल-नगाड़े बज रहे थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा, हमें सुरक्षा नहीं चाहिए। मेरा जन्म सर्वेंट क्वार्टर में हुआ था। लालू प्रसाद भी दो कमरों के घर में रह चुके हैं। हम लोग भी दो कमरों में रह सकते हैं। हमें कोई दिक्कत नहीं है। अभी तक आप लोग हमें समझ नहीं पाए हैं।

तेजस्वी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि जिन लोगों को सरकारी आवास रखने का अधिकार नहीं है, उनके पास भी सरकारी आवास है। स्पीकर के आवास में रामकृपाल यादव रह रहे हैं और डिप्टी सीएम के आवास में निशांत कुमार रह रहे हैं।

हमारे परिवार में जनप्रतिनिधि हैं, लेकिन यह भी बताइए कि चिराग पासवान के परिवार में भी सभी को घर चाहिए, जीतन राम मांझी के परिवार में भी चाहिए और उपेंद्र कुशवाहा के परिवार के लोगों को भी आवास चाहिए।


राजद के 30 वें स्थापना दिवस पर लालू और तेजस्वी नं भरी हुंकार।

सम्राट चौधरी कह रहे हैं कि बेटे को घर चाहिए। अरे, सभी को घर चाहिए। हमारे माता-पिता मुख्यमंत्री और अन्य संवैधानिक पदों पर रहे हैं, इसलिए नियमों के अनुसार जो आवास मिलेगा, वह मिलेगा, लेकिन इसपर बेवजह राजनीति की जा रही है।

तेजस्वी ने कहा कि पार्टी को 30 साल हो गए हैं, लेकिन आज तक कोई इस पर उंगली नहीं उठा सकता। यह संघर्ष करने वाली पार्टी है और मुझे पूरा विश्वास है कि हम सभी मिलकर लालू प्रसाद की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

उन्होंने ने कहा कि लालू यादव सिर्फ एक नाम नहीं हैं, बल्कि एक विचारधारा हैं, एक विज्ञान हैं, एक यूनिवर्सिटी हैं। इसलिए उन्हें गालियां दी जाती हैं। मुख्यमंत्री चाहते हैं कि सभी ओरिजिनल भाजपाई हो जाएं। लालू यादव ने न जाने कितने सांसद और मंत्री बनाए। सबको मौका दिया, सबको आगे बढ़ाया। अब फैशन हो गया है कि जो लालू यादव को गाली देगा, उसे बीजेपी आगे बढ़ाएगी। लालू यादव के बिना बिहार और देश की राजनीति की कल्पना नहीं की जा सकती।

उन्होंने ने सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि बिहार का खजाना खाली है। भाजपा और मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसे नहीं हैं, योजनाओं के लिए पैसा नहीं है, यहां तक कि विधायक फंड का पैसा भी रोक दिया गया है। कुछ बेईमान पदाधिकारी ही भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

सीएम को निशाने पर लेते हुए कहा कि चौधरी अंगूठाछाप मुख्यमंत्री हैं। यह सरकार दिल्ली से रिमोट कंट्रोल पर चल रही है। जिस मुख्यमंत्री पर हत्या का केस है, जो खुद अपराधी है, उसके शासन में फर्जी एनकाउंटर होना स्वाभाविक है। सम्राट चौधरी को बिहार की चिंता नहीं है, बल्कि सरकार अमित शाह चला रहे हैं।

तेजस्वी ने आरोप लगाया, गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। सम्राट चौधरी अपनी पगड़ी तक नहीं संभाल पाए और जाकर मुंडन करा लिया। जो अपनी पगड़ी नहीं संभाल पाया वो बिहार क्या संभालेगा।

इस बार संगठन को मजबूत करने की जरूरत है। अकेले तेजस्वी यादव के निकलने से कुछ नहीं होगा। मंच पर बैठे सभी नेताओं को भी मेहनत करनी होगी, तभी हम आगे बढ़ पाएंगे।

## खबरें : एक नजर में

### राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर स्वास्थ्य मंत्री ने दी शुभकामनाएँ

**पटना / एनएसबी।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के पर स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने राज्य के सभी चिकित्सकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा, चिकित्सक केवल एक पेशा नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और मानवता का सर्वोच्च स्वरूप हैं। जब कोई व्यक्ति पीड़ा, बीमारी अथवा संकट से जूझ रहा होता है, तब चिकित्सक अपनी विद्वता, संवेदनशीलता और अथक परिश्रम से उसे नया जीवन और नई आशा प्रदान करते हैं। समाज के प्रति आपका यह अमूल्य योगदान सदैव सम्मान और तज्ञता का विषय रहेगा। बिहार सरकार गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं किफायती स्वास्थ्य सेवाएँ प्रत्येक नागरिक तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में हमारे चिकित्सकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। राज्य के दूरस्थ एवं चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में भी अपने कर्तव्य का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने वाले सभी चिकित्सक विशेष रूप से प्रशंसा के पात्र हैं।


निशांत कुमार।

### बच्चों को रोज स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किए जाएंगे अभिभावक : शिक्षा मंत्री

### 4 जुलाई को राज्य भर में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में 4 जुलाई को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी (पीटीएम) का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी के माध्यम से अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा, नियमित उपस्थिति और विद्यालय से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों के प्रति जागरूक व प्रेरित किया जाएगा।

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि संगोष्ठी में विशेष रूप से ड्रापआउट बच्चों के दोबारा नामांकन, विद्यालयों में बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, घर पर पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण बनाने, सरकारी शैक्षिक योजनाओं की जानकारी देने तथा विद्यालयों में उपलब्ध मौलिक सुविधाओं के बारे में चर्चा की जाएगी। मालूम हो, 22 से 27 जून के बीच आयोजित स्वागत सप्ताह (बैक टू स्कूल अभियान) के दौरान 27 जून को कई विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश के कारण अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन नहीं हो पाया था। इसे देखते हुए प्राथमिक शिक्षा निदेशालय ने राज्य के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को पत्र जारी कर 4 जुलाई को पीटीएम बुलाने का निर्देश दिया है। विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी वर्गवार होगी ताकि ज्यादा से ज्यादा अभिभावक भाग ले सकें। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इससे बच्चों के शैक्षणिक विकास में परिवार और विद्यालय की साझेदारी को और मजबूत बनाया जा सकेगा। अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी से बच्चों की नियमित उपस्थिति, सीखने की गुणवत्ता तथा विद्यालय से जुड़ाव में सकारात्मक सुधार आएगा। इसी उद्देश्य से सभी विद्यालयों को संगोष्ठी की तैयारियों का निर्देश दिया गया है।

### दूसरे राज्यों में पंजीकृत चिकित्सक, नर्स एवं स्वास्थ्य पेशेवर भी बिहार में कर सकेंगे प्रैक्टिस

**पटना / एनएसबी।** बिहार सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में नई गति देते हुए चिकित्सकों, नर्सो एवं अन्य स्वास्थ्य पेशेवरों के पंजीकरण तथा स्वास्थ्य संस्थानों के लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं पूर्णतः डिजिटल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन सुधारों का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ-साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश एवं रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना है। राज्य सरकार ने बिहार चिकित्सा (संशोधन) अध्यादेश, 2026 तथा बिहार नर्सेज पंजीकरण (संशोधन) अध्यादेश, 2026 को दिनांक 26-06-2026 से लागू कर चिकित्सकों एवं नर्सिंग कर्मियों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को अधिक सरल बनाया है। अब राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अथवा किसी अन्य राज्य की राज्य चिकित्सा परिषद में विधिवत पंजीकृत चिकित्सक तथा भारतीय नर्सिंग परिषद अथवा अन्य राज्य की नर्सिंग परिषद में पंजीत नर्स बिहार में स्थानीय पंजीकरण अथवा पूर्ववर्ती राज्य से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त किए बिना, केवल निर्धारित प्रारूप में स्व-प्रमाणन पोर्टल पर अपलोड कर राज्य में विधिसम्मत रूप से कार्य कर सकेंगे। राज्य सरकार ने संबद्ध एवं स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के लिए भी बिहार राज्य संबद्ध एवं स्वास्थ्य देखभाल परिषद (संशोधन) नियमावली, 2026 अधिसूचित कर दी है। इसके तहत फिजियोथेरेपिस्ट, लैब टेक्नीशियन, अप्टोमेट्रिस्ट, अक्युपेशनल थेरेपिस्ट सहित अन्य संबद्ध स्वास्थ्य पेशेवर भी स्व-प्रमाणन के आधार पर कार्य कर सकेंगे। इसके लिए एकीकृत डिजिटल हेल्थ लाइसेंसिंग पोर्टल विकसित किया जाएगा, जिसके माध्यम से स्वास्थ्य संस्थानों से संबंधित सभी प्रकार के लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन के आवेदन, स्वीति तथा निर्गमन की प्रक्रिया ऑनलाइन संचालित होगी।

# विधायक संजय गुप्ता ने अंबेडकर भवन दलित बस्ती में किया समरसता भोज, सैकड़ों कार्यकर्ता हुए शामिल

### कार्यालय से दलित बस्ती तक कार्यकर्ताओं ने निकाला गौरव जुलूस

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र में आज जनसेवा, सांगठनिक सुढ़ता और सामाजिक समरसता के एक नए अध्याय की शुरुआत हुई। क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक संजय गुप्ता के नए केंद्रीय जनसेवा कार्यालय का भव्य उद्घाटन पूरे विधि-विधान और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यालय का उद्घाटन बिहार सरकार के मंत्री नीतीश मिश्रा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता व बिहार सरकार के पूर्व मंत्री मंगल पांडेय के कर-कमलों द्वारा हुआ।

इस ऐतिहासिक अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया, बिहार सरकार के मंत्री संजय टाइगर, दीघा विधायक संजीव चौरसिया, विधायक रत्नेश कुशवाहा, प्रख्यात शिक्षाविद एवं कुम्हरार विधानसभा के पूर्व के प्रत्याशी केसी सिन्हा का मुख्य रूप से गरिमामयी आगमन हुआ।

इससे पूर्व, सुबह के सत्र में नवनिर्मित कार्यालय परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और पूर्ण विधि-विधान के साथ देव-पूजन एवं हवन किया गया। इस दौरान विधायक संजय गुप्ता एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र की सुख, समृद्धि, उन्नति और खुशहाली की कामना की।

कार्यालय उद्घाटन के ठीक बाद कुम्हरार की सड़कों पर एक अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला। संगठन महामंत्री के मार्गदर्शन से ऊर्जावान हुए सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के विशाल हुजूम के साथ विधायक संजय गुप्ता पैदल मार्च करते हुए एक भव्य गौरव जुलूस के रूप में आगे बढ़े। हाथों में पार्टी का ध्वज और देशभक्ति के गगनभेदी नारों के साथ निकला यह जुलूस कार्यालय से शुरू होकर सीधे अंबेडकर भवन तक पहुंचा।


कुम्हरार विधानसभा कार्यालय का भव्य उद्घाटन।

अपनी राजनैतिक और सामाजिक प्रतिबद्धता को दोहराते हुए विधायक संजय गुप्ता जुलूस के समापन पर अंबेडकर भवन स्थित दलित बस्ती पहुंचे। वहाँ उन्होंने अत्यंत सादगी और आत्मीयता के साथ एक स्थानीय दलित कार्यकर्ता भाई के आवास पर जमीन पर बैठकर भोजन (समरसता भोज) ग्रहण किया। इस भावुक और ऊर्जावान क्षण में सैकड़ों समर्पित भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय प्रबुद्ध नागरिक भी सहभागी बने।

इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए विधायक संजय गुप्ता ने कहा, यह कार्यालय मात्र एक भवन नहीं, बल्कि कुम्हरार की देवतुल्य जनता की आकांक्षाओं, उनके अधिकारों और क्षेत्र के विकास का पवित्र केंद्र है। हमारे संगठन के संस्कार हमें सिखाते हैं कि राष्ट्र का कल्याण तब तक अधूरा है, जब तक समाज के अंतिम छोर (अंत्योदय) पर खड़ा व्यक्ति मुख्यधारा से न जुड़ जाए। एक जन प्रतिनिधि के रूप में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हर नागरिक की सेवा और सम्मान के प्रति मेरी प्रतिबद्धता अटूट है। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय मेरी कर्मभूमि का वो साझा मंच है, जिसके द्वार कुम्हरार के हर नागरिक और समर्पित कार्यकर्ता के लिए चौबीसों घंटे खुले हैं। यहाँ जन-संवाद भी होगा और जन-समस्याओं का त्वरित समाधान भी।

इस भव्य और बहुआयामी आयोजन में भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, क्षेत्रीय नेता, सैकड़ों की संख्या में देवतुल्य कार्यकर्ता और स्थानीय आम जनता उपस्थित रही।

## खबरें खास-खास

### गलीचा बुनने वाले हाथ चलाएंगे अब ट्रेन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** सीखड़ गांव के मनोज कुमार का चयन लोको पायलट में होने पर पुरे परिवार और गांव में खुशी का माहौल हैं । मनोज कुमार के पिता राम दुलार ने अपनी पत्नी मालती संग 25 वर्ष तक भदोही में कालीन बुन कर अपने पांच पुत्रों कों उच्च शिक्षा प्रदान की । उनके सभी बेटे भी उनके साथ मिलकर कालीन बुनाई के साथ अपनी पढ़ाई भी करते रहें। मनोज कुमार ने पिता और भाइयों संग बारहवीं की शिक्षा तक गलीचा बीनने के साथ गणित विषय से पूर्ण की । इसके बाद शोभित विश्वविद्यालय से बच्चों कों ट्यूशन पढाकर अपने डिप्लोमा की डिग्री भी हासिल की । आर्थिक तंगियों के चलते कुछ साल तक निजी कम्पनियों में भी कार्य किया। 2020 में जब इनके छोटे भाई डा विनोद की नियुक्ति पर्यावरण विभाग में वैज्ञानिक के पद पर हुई तो उन्होंने मनोज कों 2024 में सहायक लोको पायलट हेतु निकाली गई विज्ञप्ति के लिए तैयारी करने के लिए कहां । अंत में मनोज जी ने विवाह उपरांत घर पर ही रहकर स्वयं गहन अध्ययन के द्वारा आज लोको पायलट पद पर चयनित होकर बता दिया की अथक प्रयास और लगन से कुछ भी असंभव नहीं हैं। परिश्रम और शिक्षा की ललख से आज यह परिवार समाज में एक मिशाल के लिए जाना जाता हैं । मनोज कुमार के बड़े भाई डा. संजीव सहायक प्रोफेसर और लेखक हैं छोटे भाई राजीव किसान और उनसे छोटे डा विनोद कुमार और उनकी पत्नी डा सुरभि भी सहायक प्रोफेसर हैं। सबसे छोटा भाई प्रमोद लोक सेवा की तैयारी कर रहे हैं। मनोज कुमार ने अपने चयन होने पर अपने अभिभावक एवं अपने भाइयों के प्रेम के प्रति आभार व्यक्त किया। गांव में इनकी कामयाबी पर लोग शिक्षा के प्रति ललख के लिए इस परिवार कों बधाई दे रहें हैं ।


सीखड़ गांव के मनोज कुमार का चयन लोको पायलट में हुआ।

### बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने दुनिया भर के खेल पत्रकारों को विश्व खेल पत्रकार दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने दुनिया भर के खेल पत्रकारों को विश्व खेल पत्रकार दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन खेल पत्रकारों के कार्यो व कर्तव्यनिष्ठा को मान्यता देने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित है। खेल पत्रकारिता खेल संस्कृति के विकास और प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह दिन खेल पत्रकारों के काम को सम्मानित करने और खेल पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। वर्ष 1994 में अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रेस एसोसिएशन ने अपनी 71वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में इस दिन की शुरुआत की थी। जिसका गठन 2 जुलाई 1924 को पेरिस में ओलंपिक के दौरान हुआ था। यह दिन खेल पत्रकारों के प्रयासों,समर्पण एवं प्रतिबद्धता को सार्वभौमिक मान्यता देता है, जो हमें खेलों आयोजनों से जुड़ी नवीनतम और सटीक जानकारी प्रदान करते है


बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार व अन्य।

### आईजीआईसी में डॉक्टर्स डे मनाया गया

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान (आईजीआईसी ) में बुधवार को डॉक्टर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान निदेशक डा. सुनील कुमार ने चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टरों पर समाज और देश की अहम जिम्मेदारी होती है। जिस लगन से डॉक्टर अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं उससे समाज में उन्हें प्रतिष्ठा मिलती है। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि युवा डाक्टरों में जनमानस की सेवा के प्रति समर्पण देखा जा रहा है। वरीय चिकित्सक युवा डॉक्टरों को उनके अच्छे कार्य पर उनकी हौसला बढ़ाने की दिशा में काम करें। उन्होंने कहा कि बिहार के कई चिकित्सकों ने देश और विदेश में अपने कार्य के कारण राज्य और अपने संस्थान को गौरवान्वित किया है। हमें अपने लगन और निष्ठा को बरकरार रखना चाहिए। इस अवसर पर डा. वीरेंद्र कुमार सिंह डाक्टर नवल किशोर सिंह डाक्टर रोहित कुमार डाक्टर नशर अब्दाली डा अनूप सिंह डाक्टर अनिल कुमार सिंह डा पूजा कुमारी डाक्टर सुषमा कुमारी डाक्टर रंजू सिंह डाक्टर अर्चना कटियार डा आर पी चौधरी मैट्रन पुनम प्रभा सिस्टर उमा कुमारी सिस्टर मधु रंजन सिस्टर नीराला कुमारी सिस्टर ज्योति कुमारी ने अपने विचार व्यक्त किए। संस्थान निदेशक डा सुनील कुमार ने केक काटा। इस मौके पर संस्थान के अन्य चिकित्सकों के अलावा कर्मचारी भी उपस्थित थे।



इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान (आईजीआईसी ) में बुधवार को डॉक्टर्स डे मनाया गया।

### समीर परिमल ने पटना सिटी पश्चिमी अंचल के राज्य कर उपायुक्त का प्रभार संभाला

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य कर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी समीर परिमल ने बुधवार को पटना सिटी पश्चिमी अंचल में राज्य कर उपायुक्त के पद का विधिवत प्रभार ग्रहण किया। प्रभार ग्रहण के अवसर पर अंचल कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

प्रभार ग्रहण करने के बाद श्री परिमल ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर अंचल की कार्यप्रणाली, राजस्व संग्रह, लंबित मामलों तथा करदाता सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विभाग की प्राथमिकता करदाताओं को पारदर्शी, संवेदनशील और समयबद्ध सेवाएँ उपलब्ध कराना तथा सरकार के राजस्व हितों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करना है। श्री परिमल ने करदाताओं से वस्तु एवं सेवा कर संबंधी प्रावधानों के स्वैच्छिक अनुपालन की अपील करते हुए कहा कि विभाग करदाताओं के साथ सहयोगात्मक और विश्वासपूर्ण संबंध स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विभाग, व्यापारिक समुदाय और करदाताओं के आपसी सहयोग से राजस्व संग्रह में वृद्धि के साथ-साथ सुशासन के उद्देश्यों को भी प्रभावी ढंग से प्राप्त किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि श्री समीर परिमल राज्य कर विभाग के अनुभवी अधिकारियों में गिने जाते हैं तथा प्रशासनिक दक्षता, विधिक समझ और राजस्व प्रबंधन के क्षेत्र में उनका व्यापक अनुभव रहा है। साथ ही वह एक उच्च कोटि के शायर और कवि भी हैं।


बिहार राज्य कर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी समीर परिमल ने बुधवार को पटना सिटी पश्चिमी अंचल में राज्य कर उपायुक्त के पद का विधिवत प्रभार ग्रहण किया।

### नगर आयुक्त ने पटना नगर निगम की 19 रिस्पन्स टीमों के साथ की समीक्षा बैठक

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मानसून के मद्देनजर नगर आयुक्त ने बुधवार को पटना नगर निगम सभागार में गठित 19 कि रिस्पन्स टीमों के साथ समीक्षा बैठक की तथा जलजमाव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने सभी टीमों को अपने-अपने क्षेत्र के चिन्हित संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने, सभी मैनहोल, कैचपिट एवं स्लैब की नियमित जांच करने तथा कहीं भी क्षति या अवरोध मिलने पर तत्काल संबंधित पदाधिकारी को सूचित करने का निर्देश दिया। साथ ही वर्षा शुरू होते ही बिना विलंब फील्ड में उतरकर जलनिकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रत्येक कि रिस्पन्स टीम को एक-एक वाहन उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि बारिश के दौरान टीमें लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर सकें और जलनिकासी कार्यो की निगरानी करते हुए आवश्यक कार्रवाई कर सकें। सभी टीमों को अपने क्षेत्र के ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन, नालों, अधिष्ठापित पंप सेटों तथा वहां कार्यरत कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर निर्बाध जलनिकासी सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। नगर आयुक्त ने बताया कि पटना नगर निगम के 75 वार्डो को 19 जोन में विभाजित कर प्रत्येक जोन में एक जोनल निरीक्षक एवं दो सफाई कर्मियों की कि रिस्पन्स टीम गठित की गई है। सभी टीमों को रेनकोट, टर्च, ग्लव्स सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरण (सेफ्टी गियर) उपलब्ध कराए गए हैं।

# जितेंद्र सहाय तथा सुरेंद्र जमुआर जैसे साहित्यकार विरले होते हैं : न्यायमूर्ति सोनी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** डा. जितेंद्र सहाय और सुरेंद्र जमुआर जैसे मानवतावादी महापुरुष और साहित्यकार विरले होते हैं। डा सहाय ने अपने सादगीपूर्ण जीवन और मानव-सेवा तथा साहित्य-सेवा के माध्यम से एक अनुकरणीय आदर्श स्थापित किया। उनका सार्वजनिक और पारिवारिक-जीवन, दोनों ही आदर्श थे। यह बातें बुधवार की संध्या, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयंती समारोह में समारोह की मुख्य-अतिथि और पटना उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति सोनी श्रीवास्तव ने कही।



जयंती पर साहित्य सम्मेलन ने दोनों साहित्यिक विभूतियों को किया स्मरण, आयोजित हुई लघुकथा-गोष्ठी।

उन्होंने कहा कि साहित्य सम्मेलन बिहार के महान साहित्यकारों की लीला-भूमि रही है। यहाँ आने से हमारी आत्मा स्पंदित और आनन्दित होती है। नयी पीढ़ी को इसका लाभ लेना चाहिए। सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने न्यायमूर्ति श्रीमती श्रीवास्तव को अंग-वस्त्रम एवं सम्मेलन की पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया।

सभा की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन-अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि हिन्दी के वरेण्य साहित्यकारों में परिगणित होने वाले लेखक डा जितेन्द्र सहाय एक कुशल सर्जन भी थे और मनीषी सर्जक भी। वे बिहार के सभी साहित्यकारों के निजी-चिकित्सक ही माने जाते थे। वहीं स्तुत्य लेखक डा सुरेंद्र प्रसाद जमुआर एक ऐसे परिश्रमी हिन्दी-सेवी थे, जिन्होंने बिहार के अनेक अलक्षित साहित्यकारों को प्रकाश में लाने का ऐतिहासिक कार्य किया। परिश्रम और साहित्यिक प्रतिभा दोनों ही साहित्यकारों के आभूषण थे। जमुआर जी ने अपनी लेखनी से हिन्दी साहित्य का ही नही, बिहार के साहित्यकारों का भी बड़ा भला किया। उन्होंने हिन्दी साहित्य का इतिहास तो नही लिखा, किंतु बिहार के साहित्यकारों का इतिहास अवश्य लिख डाला।

उन्होंने कहा कि डा सहाय ने एक शल्य-चिकित्सक के रूप में जिस कौशल से चाकू चलाया उसी कौशल से लेखनी भी चलाई। वे साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष एवं एक प्रभावशाली नाटककार भी थे। उनके नाटकों, निन्यानबे का फेर, मुण्डन , बगल का किरायदार, महाभाव आदि के अनेक मंचन पटना एवं अन्य नगरों के प्रेक्षागृहों में होते रहे। उनका आवास साहित्यकारों और संसतिकर्मियों का केंद्र बना रहता था।

डा सुलभ ने कहा कि आधुनिक हिन्दी साहित्य के उन्नयन में बिहार के साहित्यकारों ने अभूतपूर्व योगदान दिया, किंतु हिन्दी साहित्य के इतिहास में बिहार के हिन्दी-सेवियों की चर्चा अत्यंत गौण है। जमुआर जी ने अपने चार अत्यंत मूल्यवान ग्रंथों, तीन खण्डों में प्रकाशित बिहार के दिवंगत हिन्दी साहित्यकार एवं बिहार के साहित्यकारों की साहित्य यात्रा में, बिहार के साढ़े तीन सौ से अधिक हिन्दी-सेवियों के अवदानों को, उनके संपूर्ण व्यक्तित्व और कृतित्व के साथ प्रकाश में लाने का अत्यंत महनीय कार्य किया।

पटना उच्च न्यायालय के विद्वान अधिवक्ता और डा सहाय के पुत्र अमित प्रकाश ने अपने पिता की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि यों तो वे पेशे से चिकित्सक थे और बिहार के स्वास्थ्य विभाग में उपनिदेशक थे, किंतु वे मूलतः साहित्यिक और सामाजिक व्यक्तित्व थे। वे सफल शल्य-चिकित्सक थे, किंतु उन्हें आनन्द और सुख की अनुभूति, सेवा और साहित्य से ही मिलती थी। वे जीवन में संयमी, संतोषी और कल्याणकारी थे। वरिष्ठ साहित्यकार प्रो सुनील कुमार उपाध्याय तथा डा मनोज गोवर्द्धनपुरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। चंदा मिश्र ने वाणी-वंदना की। इस अवसर पर आयोजित लघुकथा-गोष्ठी में, डा पुष्पा जमुआर ने फंडा शीर्षक से, डा पूनम आनन्द ने वैकेन्सी, डा पूनम देवा ने विरासत,विभारानी श्रीवास्तव ने मूल्यों का कद्र, शमा कौसर शमा ने जाल, कुमार अनुपम ने असत्यमेव जयते, नन्दन कुमार ने क्रिकेट तथा इन्दु भूषण सहाय ने श्मानवताश शीर्षक से अपनी लघुकथा का पाठ किया। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन सम्मेलन के प्रबंधमंत्री कृष्ण रंजन सिंह ने किया।

सम्मेलन के भवन अभिरक्षक प्रवीर कुमार पंकज, रवि भारद्वाज, अमृत राज, सिद्धार्थ राज, ललित कुमार मिश्र, रंजन कुमार अमृतनिधि, अश्विनी कविराज, राहुल सिन्हा, विपिन कुमार, हिमांशु कुमार, अक्षय आनन्द, रूपक कुमार आदि प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# प्रदेश में 5 नए केंद्रीय विद्यालयों के खुलने का रास्ता साफ राज्य कैबिनेट ने दी मंजूरी, शिक्षा मंत्री ने किया स्वागत

### हर विद्यालय को आवंटित की जाएगी पांच-पांच एकड़ जमीन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने पांच नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। बुधवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रत्येक विद्यालय के लिए पांच-पांच एकड़ सरकारी भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।

इन नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना पूर्णिया, राजगीर (नालंदा), शेखपुरा, मधेपुरा और मधुबनी में की जाएगी। भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विद्यालय की स्थापना की दिशा में आगे की कार्रवाई होगी। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि ये विद्यालय पूर्वी पूर्णिया के मधुबनी, राजगीर के पिलखुआ, शेखपुरा के नीमी, मधेपुरा के साहूगढ़ तथा मधुबनी जिले के राजनगर प्रखंड स्थित सतिहारपुर में खोले जाएंगे।

शिक्षा मंत्री ने इस अहम निर्णय के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत संरचना को मजबूत करने तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि इन केंद्रीय विद्यालयों के शुरू होने से उत्तर बिहार के साथ-साथ दक्षिण बिहार के हजारों विद्यार्थियों को भी आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा प्रतिस्पर्धी माहौल का लाभ मिलेगा। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर उत्ष्ट शिक्षा संस्थानों की उपलब्धता बढ़ने से छात्रों और अभिभावकों को काफी सुविधा होगी।

### राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में पठन पर्व शुरू, 7 तक चलेगा अभियान

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में बुधवार से पठन पर्व की शुरुआत हो गई। बच्चों में पठन संस्कृति को प्रोत्साहित करने तथा भाषा दक्षता के विकास को गति देने के उद्देश्य से आयोजित यह विशेष अभियान 7 जुलाई तक चलेगा। पठन पर्व की थीम 'हर दिन कहानी, हर बच्चे की जुबानी' रखी गई है। मिशन निपुण बिहार के पांच वर्ष पूरे होने के अवसर पर शुरू किए गए इस अभियान के पहले दिन कक्षा दो के विद्यार्थियों के लिए विशेष वाचन गतिविधि आयोजित की गई। इसके तहत बच्चों ने अपनी पसंदीदा भाषाय हिन्दी, उर्दू, बांग्ला, मैथिली या अंग्रेजी में कहानी, कविता या अनुच्छेद का 15 मिनट तक जोर-जोर से पाठ किया। सीनियर विद्यार्थियों ने छोटे बच्चों का सहयोग करते हुए उन्हें बेहतर ढंग से पढ़ने और समझने में मदद की।

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने पठन पर्व की शुरुआत पर खुशी जताते हुए कहा कि यह अभियान बच्चों में पुस्तकों के प्रति रुचि बढ़ाने, भाषा कौशल को मजबूत करने और सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि जब बच्चे नियमित रूप से पढ़ते हैं तो उनकी समझ, अभिव्यक्ति, कल्पनाशक्ति और आत्मविश्वास का विकास होता है। विद्यालयों से मिली जानकारी के अनुसार बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ इस गतिविधि में भाग लिया। कई विद्यार्थियों के धाराप्रवाह और प्रभावशाली वाचन से वहां उपस्थित शिक्षक भी प्रभावित दिखे। वाचन के लिए सिलेबस के अलावा स्कूल की लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों तथा अन्य पठन सामग्रियों का उपयोग किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### दरभंगा एयरपोर्ट के निमार्णाधीन नए टर्मिनल भवन का सांसद ने किया निरीक्षण, समय सीमा के अंदर पूरा करने का दिया निर्देश

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा एयरपोर्ट के निमार्णाधीन नए टर्मिनल भवन के बन जाने के बाद दरभंगा ही नहीं मिथिला क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की देश स्तर पर एक नई पहचान स्थापित होगी।दरभंगा एयरपोर्ट को बिहार का पहला पूर्ण अंतरराष्ट्रीय हवाई बनाने के लिए ठोस पहल की जा रही है। स्थानीय सांसद सह एयरपोर्ट सलाहकार समिति के अध्यक्ष डॉ गोपाल जी ठाकुर ने मंगलवार की देर संध्या एयरपोर्ट अधिकारयों तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ इस एयरपोर्ट पर 912 करोड़ की लागत से बन रहे नए टर्मिनल भवन के निर्माण कार्यों का जायजा लेने के बाद उपरोक्त बातें कही। इस मौके सांसद डा ठाकुर ने अधिकारयों के साथ टर्मिनल भवन के निर्माण कार्यों के प्रगति कार्यों की समीक्षा भी की सांसद डा ठाकुर ने इस नए टर्मिनल भवन के साथ 2473 मीटर से बढ़ाकर 3657 मीटर में 244.60 करोड़ की लागत से रनवे विस्तारीकरण का मुआयना कर आवश्यक सुझाव दिए। इस एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग सिस्टम के लिए भारतीय एयरफोर्स विभाग से एमएएफआई 2 योजना के तहत अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा कैट 2 की औपचारिकताओं को पूरा की जा रही है। सांसद डा ठाकुर ने निमार्णाधीन टर्मिनल भवन दरभंगा ही नहीं वरन मिथिला क्षेत्र की विकास कार्यों का एक मानक बताते हुए कहा कि नए टर्मिनल भवन पूरा हो जाने के बाद दरभंगा एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की सभी मानक को पूरा कर लेगा तथा मिथिला क्षेत्र की हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत पहचान स्थापित होगी।मौके पर एयरपोर्ट डायरेक्टर डॉ दिलीप कुमार निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि तथा एनएच व एनएचआई के अधिकारी तथा अभियंता मौजूद थे।



### आयुष्मान कार्ड निर्माण में लक्ष्य प्राप्ति के लिए जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश

**दरभंगा(एनएसबी)।** जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधकों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिये। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंडों से निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की फीडबैक प्राप्त की। समीक्षा में पाया गया कि कुछ प्रखंडों द्वारा अपेक्षित उपलब्धि हासिल नहीं की गई है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही पर शख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो आशा कर्मी अथवा अन्य संबंधित कर्मी निर्धारित कार्यों का पूर्ण नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि 15 जुलाई तक तक 19,000 आयुष्मान कार्ड निर्माण का लक्ष्य हर हाल में पूरा किया जाए। इसके लिए प्रत्येक पंचायत में न्यूनतम 30 आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ.अरुण कुमार, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार मिश्रा, डीपीएम स्वास्थ्य, डी सी एम - रवि रंजन डीपीसी आयुष्मान भारत ,एनसीडीओ सत्येंद्र प्रसाद आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

### तारडीह में राजकीय डिग्री महाविद्यालय में नामांकन शुरू

**तारडीह(एनएसबी)।** प्रखंड के राजकीय डिग्री महाविद्यालय में बुधवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। पहले दिन पांच छात्राओं ने विभिन्न विषयों में प्रवेश लिया। आयुषी ने एमजेसी (हिंदी) जबकि संगीता, प्रीति, ज्योति और गुड़िया ने एमजेसी (इतिहास) में नामांकन कराया। महाविद्यालय खुलने से अब स्थानीय छात्र-छात्राओं को स्नातक की पढ़ाई के लिए दूसरे शहर नहीं जाना पड़ेगा। महाविद्यालय प्रशासन ने अधिक से अधिक विद्यार्थियों से नामांकन कराने की अपील की है।

### तरौनी में बाबा नागार्जुन जयंती पर जनप्रतिनिधियों की अनदेखी पर नाराजगी

**बेनीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के तरौनी गांव स्थित बाबा नागार्जुन के नाम पर आयोजित समारोह ही ह्यराजनीति का अखाड़ाह्ल बनकर रह गया। प्रखंड क्षेत्र के तरौनी स्थित उमेश नागार्जुन संस्कृत कॉलेज में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बाबा नागार्जुन जयंती समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दरकिनार कर दिया गया। समारोह के मुख्य मंच पर लगे बैनर से ही विवाद शुरू हुआ। बैनर पर पूर्व मंत्री सह कांग्रेस विधान पार्षद डॉ. मदन मोहन झा सहित क्षेत्र के अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधियों का नाम-फोटो नदारद रहा। इस 'प्रोटोकॉल की धज्जी' पर कांग्रेस ने तीखा हमला बोला है। कांग्रेस के दरभंगा ग्रामीण जिलाध्यक्ष मिथिलेश कुमार चौधरी ने आयोजकों पर सीधा आरोप लगाया कि बाबा के नाम पर कार्यक्रम कम, प्रचार-प्रसार और पक्षपात ज्यादा हुआ।श्री चौधरी के अनुसार, कला संस्कृति विभाग के पदाधिकारी द्वारा कांग्रेस के विधान पार्षद और स्थानीय प्रतिनिधियों को जानबूझकर ह्यनजरअंदाजह्ल किया गया। उन्होंने इसे जनप्रतिनिधियों का खुला अपमान बताते हुए चेतावनी दी कि दोषी पदाधिकारियों के खिलाफ कांग्रेस सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी। जिलाध्यक्ष ने एक और ह्यनेगेटिवह्ल मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि बाबा नागार्जुन के गांव तरौनी में जिस शोध केंद्र, संग्रहालय और स्मारक की घोषणा सरकार ने की थी, वह फाइलों में ही क्यों सिमट कर रह गई? ह्लघोषणा हुई, फोटो खिंचा, और फिर सब ठंडे बस्ते में। आखिर कब पूरा होगा?

### शिशु विभाग के नए विभागाध्यक्ष डॉ रिजवान हैदर का किया अभिनंदन



**दरभंगा (एनएसबी)।** डॉ रिजवान हैदर डीएमसीएच के शिशु विभाग के नये विभागाध्यक्ष के तौर पर पदभार संभाल लिया है।कार्यभार संभालने के बाद बुधवार को शिशु विभाग के लिपिक मो. तबसीर और बिहार पारा मेडिकल संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी सह मेडिकल लैब टेक्नीशियन अकील अहमद ने गुलाब का फूल देकर और माला पहनाकर डॉ रिजवान हैदर का स्वागत किया एवं अच्छे कार्यकाल कि सुभकामना दी। बताते चले कि इससे पुर्व मे डॉ अशोक कुमार 30 जुन को विभागाध्यक्ष से सेवानिवृत हुए थे।

### सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला स्तर पर प्रतियोगिता तीन जुलाई को

**दरभंगा(एनएसबी)।** जिला एवं राज्यस्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबाल अंडर 15 बालक एवं अन्डर-17बालक-बालिका प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए जिला खेल पदाधिकारी परिमल ने बताया कि 65 वां सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 18.08.2026 से 25.09.2026 तक नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।राष्ट्रीय प्रतियोगिता से पूर्व जिला एवं राज्य स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन 03 जुलाई 2026 को नेहरू स्टेडियम, लहेरियासाराय में करायी जाएगी। यह प्रतियोगिता दो आयु वर्ग में करायी जाएगी। अन्डर-15 में केवल बालक भाग लेंगे तथा अन्डर 17 में बालक बालिका दोनों भाग ले सकते हैं। दरभंगा जिला से चयनित खिलाड़ी को अन्डर-15 बालक में दिनांक 10-14 जुलाई तक मुंगेर में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता होगा तथा अन्डर-17 बालक का किशनगंज एवं दिनांक 10 -04 जुलाई को बालिका का समस्तीपुर में आयोजित किया जाएगा। राज्य स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 14 जुलाई अन्डर 15(बालक) का मुंगेर में, दिनांक 10 से 14 जुलाई तक अन्डर 17(बालक) का किशनगंज में एवं दिनांक 10 से 14 जुलाई अन्डर 17(बालिका) का समस्तीपुर में किया जाना तय है। निबंधन कराने हेतु अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 तक निर्धारित है। एकलव्य राज्य आवासीय प्रशिक्षण के खिलाड़ी भी उक्त प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे।उक्त प्रतियोगिता में अंडर 15 के बालक वर्ग में जन्मतिथि 1 जनवरी 2012 के बाद का होना चाहिए।

# जिलाधिकारी ने दिल्ली मोड़ आरओबी निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश**



निरीक्षण करते जिलाधिकारी कौशल कुमार।

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार द्वारा आज दिल्ली मोड़ आरओबी रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित एजेंसियों एवं अभियंताओं को निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। दिल्ली मोड़ की ओर निमार्णाधीन सर्विस रोड के कार्य का अवलोकन किया तथा निर्देश दिया कि सर्विस रोड का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर यातायात का सुचारु परिचालन सुनिश्चित किया जाए,ताकि आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित आरई वाल के निर्माण कार्य को तत्काल प्रारंभ कराने का निर्देश दिया तथा निर्माण की गुणवत्ता एवं समयबद्ध निष्पादन पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देश दिया। साथ ही बेला मोड़ की ओर निमार्णाधीन ड्रेनेज कार्य की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि ड्रेन निर्माण कार्य निर्धारित समय के भीतर पूर्ण किया जाए। इसके अतिरिक्त सर्विस रोड निर्माण के साथ-साथ आरई वाल के निर्माण कार्य को भी शीघ्र प्रारंभ कर प्रगति सुनिश्चित करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने रेलवे भाग से संबंधित कार्यों के लिए आवश्यक डायवर्सन निर्माण को तत्काल शुरू करने का निर्देश देते हुए कहा कि विभिन्न कार्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर परियोजना को गति दी जाए। निरीक्षण के दौरान सहायक समाहर्ता कल्पना रावत सहित संबंधित अभियंता एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मोदी सरकार ने कमर्शियल गैस सिलेंडर सस्ता कर आम जनता को दी बड़ी राहत : संजय सरावगी

**दरभंगा (एनएसबी)।** भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने केंद्र सरकार द्वारा कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में औसतन लगभग 180 रुपये की कमी किए जाने का स्वागत करते हुए इसे आम लोगों, छोटे व्यापारियों, होटल, रेस्तरां और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए बड़ी राहत बताया है। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का लाभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने बिना किसी विलंब के सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का काम किया है। संजय सरावगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री के प्रति आभार और कृतज्ञता व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीति हमेशा यही रही है कि जब भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में राहत मिले, उसका लाभ देश की जनता तक शीघ्र पहुंचे।

# किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने से बड़ा कोई दान नहीं है: रिंकू कुमार झा




रक्तदान शिविर मेंक्लब के अध्यक्ष रोटेरियन रिंकू झा, सचिव रोटेरियन अमन कुमार एवं अन्य।

**सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल अललपट्टी में रक्तदान शिविर का आयोजन ● रोटरी क्लब ऑफ मिथिला ने रक्तदान शिविर के साथ किया नए सत्र का शुभारंभ**

**दरभंगा (एनएसबी)।** रोटरी क्लब ऑफ मिथिला ने अपने नए सत्र 2026झ्27 का शुभारंभ समाजसेवा के संकल्प के साथ किया। सत्र के प्रथम प्रोजेक्ट के रूप में स्वामी विवेकानंद कैंसर हॉस्पिटल के सहयोग से सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल, अललपट्टी, दरभंगा में प्रातः 9:30 बजे से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा के इस अभियान में अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन रिंकू झा, सचिव रोटेरियन अमन कुमार, कोषाध्यक्ष रो डॉ. रंजना मिश्रा, पूर्व ए जी रो०राघवेंद्र, रोराहुल बोहरा सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्ष रोटेरियन रिंकू झा ने कहा कि, "रक्तदान महादान है। किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने से बड़ा कोई दान नहीं है।" सेक्रेटरी रो अमन कुमार ने बताया कि प्रथम बार रक्त दान करनेवालों में लड़कियों की संख्या ज्यादा रही । उन्होंने सभी स्वस्थ नागरिकों से नियमित रूप से रक्तदान करने का आह्वान किया। रोटरी क्लब ऑफ मिथिला ने नए सत्र की शुरूआत सेवा के इस पुनीत कार्य से करते हुए समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई तथा भविष्य में भी जनहित के अनेक सेवा प्रकल्प संचालित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सेंट जेवियर स्कूल, दरभंगा के शिक्षकों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

### सदर प्रखंड के हजारों विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा : ईश्वर मंडल




मंत्री संजय सिंह 'टाइगर' से मिलते विधायक ईश्वर मंडल।

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री संजय सिंह 'टाइगर' एवं विभाग के सचिव राजीव रौशन से शिष्टाचार मुलाकात कर दरभंगा सदर प्रखंड के अतिहर पंचायत स्थित अतिहर गांव में एक नए डिग्री कॉलेज की स्थापना की मांग को लेकर मांग पत्र सौंपा हैं। विधायक श्री मंडल ने मांग पत्र में कहा हैं कि दरभंगा सदर प्रखंड में कुल 23 पंचायतें हैं, जिनमें 13 पंचायतें दरभंगा ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र तथा 8 पंचायतें दरभंगा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती हैं। इतने बड़े क्षेत्र में आज तक एक भी सरकारी डिग्री कॉलेज की स्थापना नहीं हो सकी है, जिससे हजारों छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि सदर प्रखंड की लगभग 15 पंचायतों में महादलित, अतिपिछड़ा, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग की आबादी अधिक है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के अनेक छात्र-छात्राएं संसाधनों के अभाव में उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। विधायक श्री मंडल ने यह भी अवगत कराया कि अतिहर पंचायत के अतिहर गांव में डिग्री कॉलेज के निर्माण हेतु पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध है, जिससे बिना किसी भूमि संबंधी बाधा के कॉलेज की स्थापना की जा सकती है। उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह 'टाइगर' एवं विभागीय सचिव राजीव रौशन ने विधायक द्वारा प्रस्तुत मांग पत्र पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। विधायक श्री मंडल ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार इस जनहितकारी मांग को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र ही अतिहर में नए डिग्री कॉलेज की स्थापना का निर्णय लेगी, जिससे दरभंगा सदर प्रखंड के हजारों विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

### राजकीय डिग्री कॉलेज, सिंघवाड़ा, दरभंगा में स्नातक प्रथम वर्ष (बी.ए.) सत्र 2026-2030 में नामांकन प्रारंभ

**दरभंगा (एनएसबी)(एनएसबी)।** राजकीय डिग्री कॉलेज, सिंहवाड़ा, दरभंगा में सत्र 2026-2030 के बी.ए. प्रथम वर्ष में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस नवस्थापित कॉलेज के लिए अब तक कुल 28 छात्र-छात्राओं ने ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के पोर्टल पर आवेदन किया है। आज ललिता कुमारी ने नामांकन लेकर इतिहास रच दिया। वे इस कॉलेज में नामांकन लेने वाली पहली छात्रा बन गई हैं। इस अवसर पर सनहपुर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. अविनाश कुमार, कॉलेज के वरीय शिक्षक डॉ. मोहम्मद तसलीम तथा सामाजिक कार्यकर्ता चंदा झा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मुश्ताक अहमद ने कहा कि बिहार सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के प्रसार के उद्देश्य से नए डिग्री कॉलेज खोलकर सराहनीय कार्य किया है, किंतु बुनियादी सुविधाओं, शिक्षकों तथा अन्य कर्मचारियों की कमी के कारण अनेक कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही हैं।

### दरभंगा के केवटी में वरिष्ठ नागरिकों ने लगाया धमकी और उत्पीड़न का आरोप, सुरक्षा की लगाई गुहार

**दरभंगा(एनएसबी)।** जिले के केवटी प्रखंड अंतर्गत गोपालपुर गांव में वरिष्ठ नागरिक विनयकांत ठाकुर 74 वर्षीय रिटायर बैंक अधिकारी ने कुछ लोगों पर लगातार धमकी देने, उत्पीड़न करने और कानूनी कार्रवाई वापस लेने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पीड़ितों का कहना है कि मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद उन्हें लगातार भय के माहौल में जीना पड़ रहा है। पीड़ितों के अनुसार, पूर्व में दर्ज एफआईआर संख्या 45/14 में चार लोगों को नामजद किया गया था। उनका आरोप है कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से आरोपी पक्ष और उनके परिजन लगातार मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं तथा ऐसा नहीं करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं।पीड़ितों ने यह भी आरोप लगाया कि हाल ही में आरोपी पक्ष ने उनकी निजी भूमि में प्रवेश कर एक पेड़ काट दिया और दोबारा जान-माल की धमकी दी। इस घटना के संबंध में एफआईआर संख्या 142/26 दर्ज कराई गई है।

# वृक्षारोपण कर रोटरी क्लब ऑफ दरभंगा के नये सत्र 2026-27 का हुआ शुभारम्भ

**चार्टर अकाउंटेंट दिवस और डॉक्टर्स डे को भी रोटरी दरभंगा ने बनाया यादगार**




वृक्षारोपण करते रोटरी दरभंगा के पदाधिकारी एवं सदस्य।

**दरभंगा (एनएसबी)।** एक जुलाई, 2026 से रोटरी क्लब ऑफ दरभंगा के नये पदस्थापित प्रेसिडेंट रो. डॉ. मणिशंकर, सेक्रेटरी रो. ई. अमरेंद्र नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष रो. रानू सुल्तानिया ने अपने क्लब के सदस्यों के साथ अपने कार्यकाल का शुभारम्भ का आगाज पर्यावरण को प्राथमिकता देते हुए जिला स्कूल, दरभंगा के परिसर मे वृक्षारोपण कर किया। साथ ही साथ ही 2 जुलाई को चार्टर अकाउंटेंट दिवस और डॉक्टर्स डे को भी मद्देनजर रखते हुए सी. ए. कुमार संजय और कई डॉक्टर्स को भी क्लब के अध्यक्ष डॉ मणिशंकर ने अपने आवास पर आमंत्रित कर उनसे केक कटवाया और गुलाब का फूल भेंट कर उनको सम्मानित किया। इन सभी कार्यक्रम मे क्लब के अध्यक्ष डॉ. मणिशंकर, सेक्रेटरी ई. अमरेंद्र नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष रानू सुल्तानिया, डॉ. एस. एन. सर्राफ, आलोक कुमार सिंह, डॉ. राजेश द्विवेदी,डॉ. गौड़ी शंकर झा, ई. सतीश सिंह,डॉ. हरि दामोदर सिंह, तनुज मेहता, अजय कानोडिया, सी. ए. कुमार संजय, सरदार सुरेंद्र सिंह,डॉ. हरेंद्र कुमार, डॉ. नवीन कुमार, आशुतोष कुमार, शैलेन्द्र झा,।डॉ. ज्योति प्रकाश कर्ण, डॉ. प्रवीण झा, डॉ. संजन संजू, डॉ. अमित झा, चेतन सिंह के अलावा और भी कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### 7 दिन बाद भी कार्रवाई नहीं, चौकीदार के पुत्र की कथित वसूली मामले पर चुप्पी

**तारडीह(एनएसबी)।** सकतपुर थाना क्षेत्र के महिया गांव में चौकीदार के पुत्र द्वारा कथित अवैध वसूली का मामला सामने आने के सात दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वायरल ऑडियो में शराब कारोबारियों से मासिक वसूली और रुपये थाना के "छोटा बाबू" को देने की बात कही गई है। 29 जून 2026 को बहेड़ा अंचल निरीक्षक मुरलीधर साह एवं थानाध्यक्ष अरविंद कुमार जांच के लिए पहुंचे थे, लेकिन अब तक जांच रिपोर्ट या कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक नहीं हुई।

# इनर व्हील क्लब दरभंगा ने शिव पूजन के साथ किया नए सत्र का शुभारंभ




क्लब की अध्यक्षा डॉ. नीतू मेहता, अंशु आर्या, डॉ. उषा झा एवं अन्य।

**दरभंगा (एनएसबी)।** इनर व्हील क्लब ने अपने नए सत्र 2026झ्27 का शुभारंभ आध्यात्मिक वातावरण में मब्बी स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ किया। पूजा के उपरांत क्लब ने सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न प्रोजेक्टों का शुभारंभ किया। क्लब की अध्यक्षा डॉ. नीतू मेहता के नेतृत्व में मंदिर परिसर स्थित इनर व्हील पार्क में 21 पौधों का पौधारोपण किया गया तथा स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो डस्टबिन लगाए गए।

इसके साथ ही गौ अन्नपूर्णा में गौसेवा के तहत दो बोरा चोकर, एक बोरा घास एवं ताजी सब्जियाँ भेंट की गई। बच्चों एवं श्रद्धालुओं के बीच लड्डू प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर क्लब की सचिव अंशु आर्या, इमीडिएट पास्ट प्रेसिडेंट डॉ. उषा झा, सुधा दारूका, स्वाति मित्तल, अपूर्वा वर्मा, सोनी सुल्तानिया, डॉ. नूतन बाला, डॉ. सीमा प्रसाद, डॉ सुजाता राय, सुनीता जी, कुंदन जी, रूपकला जी, संजना जी, बलजीत कौर, रीना बोहरा, आध्या तथा दो विशिष्ट अतिथियों सहित क्लब की अन्य सदस्याएँ उपस्थित रहीं। अध्यक्षा डॉ. नीतू मेहता ने कहा कि नए सत्र की शुरूआत भगवान शिव के आशीर्वाद से करते हुए क्लब ने समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। आने वाले पूरे सत्र में क्लब जनहित एवं सेवा से जुड़े अनेक प्रकल्पों का आयोजन करेगा।

### वृद्ध महिला के कान का टॉप्स सहित पेंशन के 16 हजार रुपए की ठगी

**दरभंगा (एनएसबी)।** लहेरियासराय थाना क्षेत्र के वीआईपी सड़क पर से एक वृद्ध महिला के कान का टॉप्स सहित पेंशन के 16 हजार रुपए ठगी कर फरार हो गया। वृद्ध महिला सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बेंता शाखा से अपने खाता से 16 हजार रुपए निकालकर गुदरी बाजार होते हुए घर जाने के लिए निकली थी। धूप होने के कारण वह सड़क किनारे ठंडी जगह देखकर बैठ गई। वृद्ध महिला थाना क्षेत्र के रहमगंज बैंकर्स कॉलोनी के रहने वाले स्वर्गीय सीताराम पासवान की 64 वर्षीय पत्नी उर्मिला देवी ने बताया कि उनके बैठने के कुछ देर बाद दो उचक्का आकर उनके बगल में बैठ गया। बात करने के दौरान कहा कि कान का टॉप्स निकालो और रुपया दो नहीं तो जान मार देंगे। वृद्ध महिला अपनी जान की सुरक्षा के लिए डर से वह रुपए और सोने का टॉप्स दे दी। महिला एक कान का टॉप निकाली दूसरा नहीं निकला तो उचक्के ने जबर्दस्ती कान से खींच लिया। जिस वजह से महिला के कान से थोड़ा खून निकलने लगा। रुपया और सोने का कान का टॉप्स लेने के बाद लहेरियासराय टावर की ओर बाइक से चला गया। घटना की सूचना अपने पुत्र पप्पू कुमार पासवान को दी।

## संक्षिप्त खबरें

### दूरसंचार सेवाओं एवं साइबर सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पूसा (एनएसबी)।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, बिरौली में एयरटेल के सौजन्य से बुधवार को दूरसंचार सेवाओं एवं साइबर सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एयरटेल की प्रोसेस कंट्रोल मैनेजर प्रेरणा रंजन ने मोबाइल टैरिफ, बिल की समझ, उपभोक्ता अधिकार, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार एवं साइबर धोखाधड़ी से बचाव के उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम में श्री कृष्ण कुमार (एयरटेल) ने भी महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को डॉट, ट्राई एवं एयरटेल की नई पहलों जैसे 1600 नंबर श्रृंखला, स्पॉम प्रोटेक्शन, पीएम वाणी आदि के बारे में जानकारी देते हुए फर्जी कॉल, ओटीपी, यूपीआई एवं केवाईसी फ्रॉड से बचने तथा साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के लिए जागरूक किया गया।

### बाइक से शराब बरामद, धंधेबाज फरार

**बिथान (एनएसबी)।** स्थानीय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पररी गांव में छापेमारी कर एक बाइक से शराब की एक बोतल बरामद की। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी बाइक छोड़कर फरार हो गया। फरार कारोबारी की पहचान पररी निवासी विकास महतो के रूप में हुई है, जिस पर पहले भी शराब तस्करी के मामले दर्ज हैं। जांच में जब्त बाइक पर लगा नंबर स्कूटी का निकला। जिसके बाद पुलिस फर्जी नंबर प्लेट के एंगल से भी जांच कर रही है। पुलिस ने बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी है।

### प्रखंड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न

**दलसिंहसराय (एनएसबी)** नव गठित प्रखंड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की प्रथम बैठक प्रखंड अध्यक्ष गीता देवी की अध्यक्षता में आज हुई वहीं बैठक की कार्यवाही का संचालन समिति के सदस्य सचिव सह प्रखंड बिकास पदाधिकारी राजीव कुमार ने की बैठक में सर्व प्रथम अध्यक्ष गीता देवी का अभिनंदन किया गया उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों को समन्वय स्थापित कर बिकास कार्यों को गति देने की बात कही ताकि सरकार की मंशा को तेजी के साथ पूरा किया जा सके विकास के अधूरे कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया गया ताकि लोगों में सरकार के विकास के प्रति विश्वास बनी रहे सदस्य सचिव बीडीओ ने समिति के लिए कार्यालय का आवंटन करते हुए कहा कि सदस्यों के कार्य करने हेतु समुचित व्यवस्था की जाएगी और प्रशासनिक स्तर पर हर संभव सहयोग किया जाएगा कई विभागों के अधूरे कार्यों को तीव्र गति से पूर्ण करने, बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर वाले दिया गया बैठक में अंचलाधिकारी नेहा कुमारी समेत कई विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।



### बाइक से शराब बरामद, धंधेबाज फरार

**बिथान (एनएसबी)।** स्थानीय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पररी गांव में छापेमारी कर एक बाइक से शराब की एक बोतल बरामद की। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी बाइक छोड़कर फरार हो गया। फरार कारोबारी की पहचान पररी निवासी विकास महतो के रूप में हुई है, जिस पर पहले भी शराब तस्करी के मामले दर्ज हैं। जांच में जब्त बाइक पर लगा नंबर स्कूटी का निकला। जिसके बाद पुलिस फर्जी नंबर प्लेट के एंगल से भी जांच कर रही है। पुलिस ने बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी है।

### मध्य विद्यालय बेला पंचरुखी में पर्यावरण संरक्षण पर कार्यशाला आयोजित, बच्चों ने लिया अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय बेला पंचरुखी में बुधवार को प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण, समृद्धि एवं मानव जीवन में पर्यावरण के महत्व विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इको प्रिज्म कलेक्टिव फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में फाउंडेशन के प्रोग्राम एग्जीक्यूटिव मो. अशरफ और निधि कुमारी ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न रोचक गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण के घटकों, उनके संरक्षण,



पर्यावरण प्रदूषण के दुष्प्रभाव तथा पर्यावरण के मानव जीवन में महत्व की विस्तृत जानकारी दी। इस क्रम में उन्होंने बच्चों को दैनिक जीवन में पर्यावरण संरक्षण के लिए छोटे-छोटे कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की जिम्मेदारी है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान आयोजित विचार गोष्ठी में छात्र-छात्राओं ने दो-तरफा संवाद के माध्यम से अपने विचार साझा किए और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े सवालों के जवाब दिए। कार्यक्रम के अंत में बाल संसद की संयोजक शिक्षिका खुशबू कुमारी, विभा कुमारी, कोमल पांडे सहित अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज तक पहुंचाने का सामूहिक संकल्प लिया।

### ओवर ब्रिज मरम्मत कार्य के बाद जाम से निजात दिलाने पर होगी निर्णायक पहल

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** समाहरणालय सभागार में शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए जिला पदाधिकारी आरक्षी अधीक्षक एवं शहर के गणमान्य व्यक्तियों की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वर्ष 2023 में लागू किया गया यातायात नियम आगे भी लागू किया जाएगा। ताकि शहर में लगे सड़क जाम से लोगों को छुटकारा मिल सके। बैठक में महापौर अनिता राम के साथ साथ भूपनेश्वर राम, नगर आयुक्त ज्ञान प्रकाश एवं एमटीएस सुमन सौरभ कुमार, पूर्व पार्षद मनोज जायसवाल, राहुल कुमार, प्रदीप साह शिवे, राकेश राज, व्यवसायी सुरेन्द्र साह, वर्तमान पार्षद विजय कुशवाहा, सुजय कुमार आदि उपस्थित थे। आरक्षी अधीक्षक एवं जिला पदाधिकारी ने बताया कि, रेलवे पुल मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद जाम से निजात दिलाने की दिशा में प्रभावी पहल किया जाएगा।





# राजकीय महाविद्यालयों के संचालन की तैयारियों का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण, दिए निर्देश

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** 'सात निश्चय-3' के अंतर्गत नए राजकीय महाविद्यालयों के संचालन की तैयारियों का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण बिहार सरकार के 'सात निश्चय-3' कार्यक्रम के अंतर्गत ऐसे प्रखंडों, जहां महाविद्यालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां राजकीय महाविद्यालयों के संचालन हेतु आवश्यक आधारभूत संरचना विकसित कर उच्च शिक्षा की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में बुधवार को जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने खानपुर एवं कल्याणपुर प्रखंड स्थित प्रस्तावित राजकीय महाविद्यालयों का स्थल निरीक्षण कर संचालन संबंधी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालयों में उपलब्ध आधारभूत संरचना, भवन की स्थिति, फर्नीचर एवं अन्य आवश्यक उपस्करों की उपलब्धता, क्रय एवं आपूर्ति की प्रगति, शिक्षकों की पदस्थापना एवं प्रतिनियुक्ति, पेयजल, विद्युत, शौचालय तथा पठन-पाठन प्रारंभ करने हेतु आवश्यक अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अपर समाहर्ता, समस्तीपुर सह नोडल पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रेम शंकर झा एवं संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यों से तैयारियों की बिंदुवार जानकारी प्राप्त की। इस क्रम में श्री कुशवाहा ने निर्देश देते हुए कहा कि, राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सभी शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से पूर्ण करते हुए महाविद्यालयों का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। इसलिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करें। गौरतलब है कि, जिले के खानपुर, कल्याणपुर, सिंघिया, विभूतिपुर एवं विद्यापतिनगर प्रखंडों में कुल पांच नए राजकीय महाविद्यालयों का संचालन किया जाना है। इन महाविद्यालयों के प्रारंभ होने से संबंधित क्षेत्रों के विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा की सुविधा उपलब्ध होगी। मौके पर उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, अपर समाहर्ता, समस्तीपुर ब्रजेश कुमार, संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्य सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



निरीक्षण करते डीएम व अन्य।

## रेलवे ट्रेक के नीचे से गुजरने वाले नालों की सफाई को लेकर डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

**पूसा (एनएसबी)।** खुदीराम बोस पूसा रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे ट्रेक के नीचे से गुजरने वाले नालों की सफाई को लेकर डीआरएम समस्तीपुर को ज्ञापन सौंपकर इससे उत्पन्न समस्याओं के निदान की माँग की है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि बंद नालों से उत्पन्न जलजमाव की समस्या का निदान न होने पर आंदोलन को बाध्य होंगे। बताते चलें कि, उक्त नाले के जाम होने से बारिश के दिनों में पूसा प्रखंड के गंगापुर पंचायत वार्ड-12 स्थित रेलवे पटरी के निकट स्थित मोहम्मद इम्तियाज के घर के आसपास के इलाकों में जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। कई लोगों के घरों में पानी घुस जाता है। जिससे उक्त इलाके में बसर कर रहे लोगों के साथझसाथ उधर से गुजरने वाले लोगों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही जल जमाव से उत्पन्न बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। इस समस्या के समाधान के लिए समाजसेवी शिव चंद्र राय के नेतृत्व में ग्रामीणों ने समस्तीपुर डीआरएम को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने बरसात से पहले पड़े बंद नाले और पुलिया की सफाई करवा कर ग्रामीणों को जल-जमाव और उससे होने वाली बीमारियों से राहत दिलाने की माँग की है। ग्रामीणों ने कहा है कि, नाले के जाम होने से घरों के आगे और रास्तों पर जल जमाव हो जाने से आवागमन में दिक्कतें आती है और जलजमाव जनित मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा उत्पन्न हो जाता है। समाजसेवी शिव चंद्र राय ने कहा कि, अधिकारियों ने इंजीनियरिग विभाग को आवेदन हस्तांतरित कर दिया है ताकि समस्या का शीघ्र समाधान हो सके। उक्त ज्ञापन में राकेश राय, गुड्डू राम, मुकेश राम, मोहम्मद कयूम, मोमिना खातून, मोहम्मद परवेज, अरमान, शकीना खातून, संजीत राम, सृष्टि, आयुष कुमार, अंशु कुमारी आदि के हस्ताक्षर शामिल हैं।



जाम पड़ा नाला।

## मरम्मत कार्य के दौरान आम नागरिकों को होगी न्यूनतम असुविधा : एसडीओ

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर में ओवरब्रिज मरम्मत कार्य के दौरान प्रस्तावित रूट डायवर्जन एवं यातायात व्यवस्था को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार एवं ट्रैफिक डीएसपी ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि, ओवरब्रिज की मरम्मत जनहित एवं सुरक्षित अबाध आवागमन की दृष्टि से आवश्यक है। मरम्मत कार्य के दौरान आम नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो, यातायात सुचारु रूप से संचालित रहे तथा किसी भी व्यक्ति को आवागमन में अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े, इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि, इस केलिए सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर रूट डायवर्जन की कार्य योजना तैयार की गई है। जिसमें आवश्यक स्थानों पर यातायात पुलिस की तैनाती, दिशा-सूचक संकेतक, बैरिकेडिंग एवं वैकल्पिक मार्गों की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि आमजन सुरक्षित एवं सुगमता से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। अनुमंडल प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि, वे निर्धारित रूट डायवर्जन का पालन करें, यातायात पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें, तथा अफवाहों पर ध्यान न दें।



संवाददाताओं को जानकारी देते पदाधिकारी।

## ओवर ब्रिज मरम्मत कार्य के दौरान अबाध व्यावसायिक गतिविधियां सुनिश्चित करना प्रशासन का लक्ष्य : एसडीओ

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** समस्तीपुर पर की लाइफ लाइन, उत्तरी और दक्षिणी समस्तीपुर को जोड़ने वाले ओवर ब्रिज के मरम्मती के दौरान प्रस्तावित रोड डायवर्जन एवं यातायात व्यवस्था को लेकर आज अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार की अध्यक्षता में बाजार समिति के व्यवसायियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य रोड डायवर्जन के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना तथा व्यवसायियों के माल के अबाध आवागमन एवं परिवहन सुनिश्चित करने केलिए आवश्यक व्यवस्था पर विचार-विमर्श करना था। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने व्यवसायियों को आश्वस्त किया कि,ब्रिज मरम्मत कार्य के दौरान अबाध व्यावसायिक गतिविधियां और सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात सुनिश्चित करना प्रशासन का लक्ष्य है। रोड डायवर्जन के दौरान व्यवसायिक गतिविधियों पर किसी प्रकार का प्रभाव न पड़े, इसके लिए परिवहन मार्गों को सुगम बनाया जाएगा तथा आवश्यकता के अनुसार प्रशासन द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। बैठक में उपस्थित व्यवसायियों ने भी अपने सुझाव एवं समस्याएँ प्रशासन के समक्ष रखीं। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी सुझावों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि जनहित एवं व्यापारिक गतिविधियों के बीच संतुलन बनाए रखते हुए रोड डायवर्जन की व्यवस्था लागू की जाएगी, ताकि आम नागरिकों एवं व्यवसायियों दोनों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में प्रशासन एवं व्यवसायियों ने आपसी समन्वय के साथ यातायात व्यवस्था को सफल बनाने का संकल्प लिया।



संबोधित करते एसडीओ।

## चिकित्सकों के त्याग, बलिदान, समर्पण और अमूल्य योगदान को सम्मान देने का अवसर है राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस : डॉ. कनुप्रिया मिश्रा

**मेडिकाना हॉस्पिटल में धूमधाम से मना डॉक्टर्स डे**

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** चिकित्सा पेशा नहीं, सेवा है, एक जिम्मेदारी है और पीड़ा झेल रहे लोगों के आरोग्य का भरोसा है। इस तथ्य को याद दिलाने केलिए और चिकित्सकों के त्याग, बलिदान, समर्पण और स्वस्थ समाज के निर्माण में अमूल्य योगदान को सम्मान देने का अवसर है राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस। नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर शहर के गौरव मोहनपुर रोड स्थित मेडिकना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हॉस्पिटल की प्रबंध निदेशक सुविख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ कनुप्रिया मिश्रा ने उक्त बातें कही। उन्होंने बताया कि, भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस प्रतिवर्ष 1 जुलाई को मनाया जाता है । यह तिथि महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री देश रत्न डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि दोनों का प्रतीक है। इस दिन को आधिकारिक तौर पर 1991 में भारत सरकार द्वारा भारत रत्न डॉ. बी.सी. रॉय को सम्मानित करने के लिए चिकित्सक दिवस के रूप में स्थापित किया गया था। जिन्हें 1961 में भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया था। बताते चलें कि, बुधवार को मेडिकाना परिसर में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों व चिकित्सा सहयोगियों की उपस्थिति में प्रबंध निदेशक डॉ कनुप्रिया मिश्रा ने केक काट कर सभी को चिकित्सक दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। मौके पर हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. पुरुषोत्तम, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ गौरव, न्यूरो सर्जन डॉ. अचिंत्य अजय, गैस्ट्रो इंट्रोलॉजिस्ट डॉ. राकेश झा, डॉ. अभिषेक आनंद, डॉ. राजेश, डीएम नेफ्रो ए पी नायक, डॉ अर्जुन, समीर, अजमत खान, विजय चौधरी, अजय पाठक, विशाल श्रीवास्तव सहित कई लोग मौजूद रहे।




केक काटते चिकित्सक व अन्य।

## डॉ. ज्ञानेन्द्र की समाजसेवा युवा चिकित्सकों के लिए प्रेरणास्रोत : एडीएम

**कहा, 16 वर्षों से मात्र 10 रुपये में मरीजों की सेवा, 500 से अधिक निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन अद्भुत व वंदनीय**

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के चीनी मिल परिसर स्थित अपोलो डेंटल हॉस्पिटल में केक काट कर समारोहपूर्वक राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एडीएम ब्रजेश कुमार ने अपोलो डेंटल के निदेशक एवं वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. ज्ञानेन्द्र कुमार की सराहना करते हुए कहा कि, वे पिछले 16 वर्षों से मात्र 10 रुपये परामर्श शुल्क लेकर मरीजों की सेवा कर रहे हैं। इतना ही नहीं, इनके नेतृत्व में अब तक 500 से अधिक निःशुल्क चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा चुका है, जिससे हजारों लोगों को लाभ मिला है। यह अद्भुत और चिर वंदनीय है। उन्होंने कहा कि युवा चिकित्सकों को डॉ. ज्ञानेन्द्र कुमार की सेवा भावना, करुणा और समर्पण से प्रेरणा लेनी चाहिए। एडीएम श्री कुमार ने कहा कि, आज के समय में जहां कई बार चिकित्सकों को गलत नजरिये से देखा जाता है, वहीं डॉ. ज्ञानेन्द्र कुमार चिकित्सा सेवा को मानव सेवा मानते हुए समाज के हर वर्ग तक सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उनका जीवन और कार्य समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस दौरान सर्वप्रथम राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में एडीएम ब्रजेश कुमार, डॉ. ज्ञानेन्द्र कुमार एवं उनके पुत्र तुष्यगान ने संयुक्त रूप से केक काटकर उत्सव मनाया तथा सभी चिकित्सकों को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. ज्ञानेन्द्र कुमार ने कहा कि डॉक्टरी केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानव सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में अनेक चुनौतियां और जिम्मेदारियां होती हैं, जिनका निर्वहन चिकित्सकों को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करना चाहिए। उन्होंने युवा चिकित्सकों से भारत रत्न डॉ. विधान चंद्र राय के आदर्शों पर चलने तथा चिकित्सा पेशे की गरिमा और विश्वसनीयता बनाए रखने का आह्वान किया। मौके पर अपोलो डेंटल हॉस्पिटल के दंत चिकित्सक डॉ. फारुख अजामी, डॉ. प्रभात रंजन एवं डॉ. दयानंद कुमार भी उपस्थित रहे। साथ ही अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ एवं प्रबंधन टीम के सदस्य धर्मवीर, शिवम, शबनम, काजल सहित अन्य कर्मी भी समारोह में मौजूद रहे। समारोह के अंत में सभी चिकित्सकों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की शुभकामनाएं दी गईं तथा समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मान व्यक्त किया गया।



केक काटते डॉ. ज्ञानेन्द्र व अन्य।

### एक दिवसीय किसान गोष्ठी में कृषि में एआई तकनीक की दी जानकारी

**पूसा (एनएसबी)।** डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के अधीन कृषि विज्ञान केंद्र बिरौली में एक दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि में एआई तकनीक के उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर दूरसंचार एवं साइबर सुरक्षा पर जागरूकता सत्र का आयोजन भी किया गया। केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ रविन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि, कृषि क्षेत्र में तेजी से विकसित हो रही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई) तकनीक खेती-किसानी की तस्वीर बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। एआई आधारित कृषि तकनीकों के माध्यम से अब किसान फसल उत्पादन, कीट एवं रोग प्रबंधन, सिंचाई, उर्वरक प्रबंधन तथा मौसम आधारित निर्णय अधिक सटीकता के साथ ले पा रहे हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### चिकित्सक दिवस पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रभात रंजन सुल्तानिया सम्मानित

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर बेनीपट्टी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेनीपट्टी बाजार स्थित उनके प्रतिष्ठान पर वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. प्रभात रंजन सुल्तानिया को मिथिला की पारंपरिक पाग एवं दुपट्टा भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. सुल्तानिया वर्ष 1980 से लगातार अपनी जन्मभूमि की सेवा में समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। चार दशकों से अधिक समय से उन्होंने अपने चिकित्सकीय ज्ञान, सेवा भावना, संवेदनशीलता एवं मानवीय मूल्यों के बल पर हजारों मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करने का सराहनीय कार्य किया है। उनका जीवन समाजसेवा, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है।सम्मान समारोह में उनके दीघार्यु, स्वस्थ एवं यशस्वी जीवन की कामना करते हुए कहा गया कि चिकित्सक दिवस पर ऐसे कर्मयोगी एवं जनसेवा के प्रति समर्पित चिकित्सकों का सम्मान करना पूरे समाज के लिए गौरव की बात है।अंत में सभी चिकित्सकों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी गई।

### भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान को लेकर आयोजित हुई मासिक'शौर्य संवाद' बैठक '

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, मधुबनी द्वारा मासिक "शौर्य संवाद" बैठक का आयोजन दिनांक 30 जून 2026 को प्रखंड कृषि कार्यालय, रहिका (मधुबनी) में किया गया। बैठक की अध्यक्षता कमांडर रामजी राय (सेवानिवृत्त), जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी, मधुबनी ने की। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रतिनिधियों ने भाग लेते हुए भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा उनके विधिक एवं प्रशासनिक समाधान के संबंध में विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान भूतपूर्व सैनिकों ने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के लिए एकीकृत भवन हेतु भूमि आवंटन, पुलिस हेल्प डेस्क के सुचारू रूप से कार्य नहीं करने तथा भूमि संबंधी समस्याओं के समयबद्ध समाधान नहीं होने पर अपनी चिंता एवं असंतोष व्यक्त किया। जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी कमांडर रामजी राय (सेवानिवृत्त) ने संबंधित प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस प्रकार की "शौर्य संवाद" बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाएगी, ताकि भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं का प्रभावी एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित हो सके। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण एवं उनकी समस्याओं के समाधान हेतु समन्वित प्रयास करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की




### त्रैमासिक परीक्षा के दौरान दो शिफ्ट वाले विद्यालयों में बदलेगा प्राथमिक विद्यालयों का संचालन समय

**मधुबनी (एनएसबी)।**जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित कक्षा 9वीं एवं 10वीं की त्रैमासिक परीक्षा 1 जुलाई से 3 जुलाई 2026 तथा कक्षा 12वीं की त्रैमासिक परीक्षा 1 जुलाई से 8 जुलाई 2026 तक संचालित होनी है। जिलाधिकारी, आनंद शर्मा द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मधुबनी जिलान्तर्गत वैसे माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय जहां दो शिफ्ट में कक्षा संचालित है, ऐसे विद्यालय परिसर में अवस्थित प्रारंभिक विद्यालयों का संचालन पूर्वाह्न 06:30 बजे से 09:30 बजे तक किया जायेगा। प्रारंभिक विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिका निर्धारित विद्यालय अवधि तक विद्यालय में बने रहेंगे। माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निदेश दिया गया है कि त्रैमासिक परीक्षा का संचालन बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा निर्धारित समय पर करना सुनिश्चित करें। यह आदेश परीक्षा अवधि तक प्रभावी रहेगा।

### डायल-112 में पदस्थापित स०अ०नि० हरेन्द्र सिंह को किया गया निलंबित

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से भेजा थाना क्षेत्र का एक वायरल वीडियो प्राप्त हुआ। जिसमें एक महिला द्वारा डायल-112 के पुलिस पदाधिकारी पर मारपीट एवं दुर्व्यवहार का आरोप लगाया जा रहा है। उक्त वायरल वीडियो को पुलिस अधीक्षक, मधुबनी द्वारा अत्यंत गंभीरता से लेते हुए मामले की त्वरित जांच हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, झंझारपुर को निर्देशित किया गया। प्रारंभिक जॉच के अनुसार डायल-112 की टीम को क्षेत्र में एक लड़की के अपहरण की गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम अविलंब मौके पर पहुंची। पुलिस की भनक लगते ही लड़के के परिवार वालों द्वारा लड़की एवं आरोपी लड़के को पिछले दरवाजे से भगा दिया गया। संदिग्धों को पकड़ने और त्वरित कार्रवाई के क्रम में जब पुलिस कर्मी तेजी से आगे बढ़े तो पुलिस के द्वारा हल्का बल का प्रयोग करना पड़ा। जिसमें वहाँ मौजूद एक महिला असंतुलित होकर गिर गई एवं महिला के द्वारा बताया गया कि उन्हे ऑख के पास चोट लग गई हैं। उक्त महिला को ईलाज हेतु स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। जहाँ चिकित्सकों द्वारा चोट,जख्म को सामान्य बताया गया हैं।उक्त मामले में पुलिस अधीक्षक, मधुबनी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए भेजा थानान्तर्गत डायल-112 में पदस्थापित स०अ०नि० हरेन्द्र सिंह को कर्तव्य में लापरवाही के मद्देनजर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है एवं घटना की सत्यता, वायरल वीडियो के तथ्यों और दोनों पक्षों के दावों की गहन जांच हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, झंझारपुर को अधिकृत किया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होते ही, तथ्यों के आधार पर आगे की विधि सम्मत एवं सख्त विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### लदनियां गांधी चौक पर ही स्थापित होगी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा

**लदनियां।(एनएसबी)।**स्थानीय मुख्य बाजार एन एस 227 के बीचों-बीच स्थित गांधी चौक पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा (स्मारक) को लगभग एक महीने पहले समाजसेवी एवं स्थानीय प्रशासन के द्वारा तोड़ कर गांधी प्रतिमा को एन एच निर्माण कार्य के द्वारा निर्मित खादी ग्रामोद्योग भंडार के ठीक सामने स्थित स्मारक पर स्थापित किया गया था। यह मामला राजनीतिक मोड़ लिया और उस अतिक्रमण हटाओ अभियान में शामिल दो समाजसेवी को जेल भी जाना पड़ा।इधर एक माह बाद स्व राम इकबाल चौधरी के पुत्र हीरालाल चौधरी ने कड़ी आपत्ति जताई, और लदनियां थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। उन्होंने अंचल अधिकारी को भी पत्र लिखा। तत्पश्चात अंचल अधिकारी कुमार राजीव रंजन ने पूरे मामले की विस्तृत जानकारी जांचों उपरांत अनुमंडल पदाधिकारी जयनगर को भेज कर दिशा निर्देश मांगा। अनुमंडल पदाधिकारी जयनगर ने मामले को गंभीरता से लेते पूर्व के स्थल पर ही गांधी स्मारक निर्माण कराने का आदेश दिया है। अनुमंडल पदाधिकारी जयनगर के निर्देश के आलोक में सीओ कुमार राजीव रंजन ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कार्यपालक अभियंता को एक आधिकारिक पत्र भेजा है, ताकि सड़क क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली इस जमीन पर स्मारक का निर्माण दोबारा पूर्व के स्थल पर ही हो सके और स्मारक निर्माण की प्रक्रिया सुचारू रूप से किया जा सके। घटना जो भी हो परंतु बिना अनुमति के स्मारक को ध्वस्त किए जाने के बाद अब इसके पुनर्निर्माण का रास्ता साफ होता दिख रहा है। हालांकि इस से एक ओर जहां कुछ लोग खुश नजर आ रहे हैं, वहीं दूसरे ओर अधिकांश लोगों में गम भी इस बात को लेकर देखा जा रहा है बाजार में जाम की समस्या एक बार फिर घर कर रहा है।

### मुख्यमंत्री उद्यमी योजना से मिली नई पहचान, होटल-रेस्टोरेंट व्यवसाय ने बदली उद्यमी की जिंदगी

**मधुबनी(एनएसबी)।**मुख्यमंत्री उद्यमी योजना ने जिले के एक और युवा उद्यमी को आत्मनिर्भर बनाकर रोजगार सृजन का नया उदाहरण प्रस्तुत किया है।मधुबनी जिले के रहिका प्रखंड निवासी प्रकाश झा ने योजना के तहत प्राप्त वित्तीय सहायता से होटल एवं रेस्टोरेंट व्यवसाय की सफल शुरूआत कर अपनी अलग पहचान बनाई है।प्रकाश झा ने बताया कि बचपन से ही उनका सपना अपना होटल और रेस्टोरेंट स्थापित करने का था। सोशल मीडिया तथा उद्योग विभाग द्वारा आयोजित उद्यमिता कार्यक्रमों से उन्हें मुख्यमंत्री उद्यमी योजना की जानकारी मिली। योजना के अंतर्गत चयन होने के बाद उन्हें चरणबद्ध तरीके से वित्तीय सहायता प्राप्त हुई, जिससे उन्होंने आधुनिक सुविधाओं से युक्त होटल एवं रेस्टोरेंट की स्थापना की ।

# शिक्षकों की समस्याओं के निदान हेतु राज्य संघ कृतसंकल्पित:प्रदेश अध्यक्ष केशव कुमार




कार्यक्रम को उद्घाटन करते दीप प्रज्वलित कर

**मधुबनी (एनएसबी)।**शिक्षक संघ बिहार जिला इकाई मधुबनी के द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बुधवार को स्थानीय नगर भवन मधुबनी के हांल में 20वाँ स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष राजू यादव ने की एवं संचालन संघ के जिला प्रधान सचिव पवन कुमार चौधरी के द्वारा किया गया । कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन संघ के प्रदेश अध्यक्ष केशव कुमार जिला शिक्षा पदाधिकारी मधुबनी अक्षय कुमार पांडे प्रदेश सचिव धर्मेंद्र कुमार जिला अध्यक्ष राजू यादव जिला प्रधान सचिव पवन कुमार चौधरी एवं जिला संघ के अन्य पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया ।तत्पश्चात सभी पदाधिकारी का स्वागत पाग चादर एवं माला पहनाकर किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक संघ बिहार के प्रदेश अध्यक्ष केशव कुमार ने कहा कि शिक्षकों की समस्या एवं मांगों के समर्थन में राज्य संघ के द्वारा वर्षों से विभिन्न स्तर पर आंदोलन किया गया, तथा संघ की अनेक उपलब्धि हुई। शिक्षामित्र से शिक्षक तथा वेतनमान की प्राप्ति संघ के आंदोलन के फलस्वरूप प्राप्त हुआ ।सम्मानजनक वेतनमान तथा पुरानी पेंशन लागू करवाने की दिशा में प्रदेश स्तर पर आगामी आंदोलन का शंखनाद किया जाएगा ।शिक्षकों की समस्याओं के निदान हेतु राज्य संघ कृतसंकल्पित है ।सरकार के शिक्षा एवं शिक्षक विरोधी नीति का संघ विरोध करती है तथा आगे भी शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी मधुबनी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु बच्चों में गुणात्मक विकास का सृजन हो तथा बौद्धिक रूप से विकसित हो सके। उन्होंने शिक्षकों से ससमय विद्यालय में पहुंचकर शिक्षा प्रदान करने का आह्वान की। शैक्षणिक माहौल सुंदर बनाने का निर्देश दिया शिक्षा में गुणात्मक विकास हुआ है। शिक्षकों के वेतन ससमय भुगतान करने का आश्वासन उनके द्वारा दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के प्रदेश सचिव धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष केशव कुमार वर्ष 2005 से ही शिक्षक संघ के आंदोलन में सक्रिय रहे हैं तथा आंदोलन किए हैं इनके संघ में पूर्व में भी आस्था थी और आगे भी रहेगी। उनके नेतृत्व में ही आगामी आंदोलन शीघ्र ही किया जाएगा। उन्होंने शीघ्र ही राज्य संघ की बैठक करने की मांग की है ताकि आगे की रणनीति पर विचार किया जा सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के जिला अध्यक्ष राजू यादव ने कहा कि जिला संघ शिक्षकों के समस्याओं के निदान हेतु हमेशा तत्पर है चट्टानी एकता बरकरार रखते हुए आगे भी तत्पर रहेगी। उन्होंने इसके जिले के शिक्षकों से अपनी चट्टानी एकता बरकरार रखते हुए आगामी आंदोलन हेतु तैयार रहने की घोषणा की है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के जिला प्रधान सचिव पवन कुमार चौधरी ने कहा कि पटना में वर्ष 2005 में शिक्षामित्र पर लाठी चार्ज एवं तीव्र आंदोलन के फलस्वरूप स्थाई किया गया जिला संघ के द्वारा यह 20 वां स्थापना दिवस कार्यक्रम है। पुराने शिक्षकों की भांति सभी सुविधा प्राप्त नहीं होने एवं पूर्ण पेंशन लागू नहीं होने तक संघ का आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। सभी कोटि के शिक्षकों से उन्होंने गोल बंद रहने का आह्वान किया ।ताकि लक्ष्य को पूरा किया जा सके ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के जिला कोषाध्यक्ष मोहम्मद अहमद हुसैन जिला प्रवक्ता अंकलित कुमार झा एवं महिला प्रभारी गीता झा ने संयुक्त रूप से कहा कि शिक्षक संघ बिहार के द्वारा सभी कोटि के शिक्षकों की समस्याओं का निदान किया जाएगा। आप सभी शिक्षक शिक्षिकाओं से आग्रह है कि अपनी आस्था एवं विश्वास शिक्षक संघ बिहार में रखें ।शिक्षक संघ बिहार के प्रदेश अध्यक्ष केशव कुमार के द्वारा नए जिला कमेटी मधुबनी के पदाधिकारी की घोषणा करते हुए पाग दुपटा एवं माला से सम्मानित किया गया। तथा प्रदेश संघ में जिला मधुबनी से दो पदों की घोषणा किये प्रदेश सचिव धर्मेंद्र कुमार एवं जिला अध्यक्ष राजू यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया ।जिला संघ के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष को इसके लिए जिला प्रधान सचिव पवन कुमार चौधरी के द्वारा जिला संघ की उपलब्धि मानते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया गया। जिला संघ के पदाधिकारी की सूची निम्नवत है राजू यादव जिला अध्यक्ष पवन कुमार चौधरी जिला प्रधान सचिन मोहम्मद अहमद हुसैन जिला कोषाध्यक्ष अंकलित कुमार का जिला प्रवक्ता रंजीत कुमार जिला संयोजक गीता झा जिला महिला प्रभारी अखिलेश चौधरी जिला संगठन सचिन रजनीश कुमार गांधी जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद फारूक वरीय उपाध्यक्ष रजनीश कुमार गांधी जिला मीडिया प्रभारी लालू पासवान जिला कार्यालय सचिव मोहम्मद साबिर जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश तेज नारायण यादव सुरेश चंद्र सुमन वशमी आरा मोहन कुमार शिव कुमार झा जिला सचिव देवानंद झा रमेश कुमार सिंह विश्वनाथ राय लाल बिहारी प्रसाद वर्मा कुमार कुणाल मोहन कुमार मंगलम अमरेश कुमार सिंह गोपाल राय संयुक्त सचिव प्रखंड संघ के पदाधिकारी गण कुलदीप कुमार दिनेश यादव मोहम्मद वारिश अभय चन्द्र सतेंद्र पासवान राजेश कुमार हरी नंदन यादव मोहम्मद अहसान राकेश मिश्रा रजी अहमद आरफि रंजन कुमार प्रमोद कुमार अयोध्या पासवान हरि नारायण यादव धनीकलाल यादव पूनम कुमारी विभा कुमारी अंजू झा पूनम यादव नाजनी खातून साधना कुमारी सोनी कुमारी ज्योति गुप्ता कुमारी अर्चना सहित हजारों शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

## जर्जर सड़क और जल जमाव से लोग हो रहे परेशान

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के परसौनी दक्षिणी पंचायत स्थित वार्ड संख्या 9, में जामा मस्जिद के पास एवं 5 वार्ड और ईदगाह के पास जर्जर सड़क एवं जल जमाव के कारण लोगों की परेशानियां बढ़ गई है .जर्जर सड़क और गंदगी से लोग परेशान हो रहे हैं. परसौनी से जामा मस्जिद के पास से होते हुए नाहस रुपौली जाने वाली मुख्य सड़क पर कई दिनों से पानी लग जाने के कारण लोगों की परेशानियां बढ़ गई है. इसी रास्ते से कई विद्यालयों,मदरसो के बच्चे के साथ मस्जिदों के नमाजियों और व्यापारियों का आना-जाना लगा रहता है. सड़क कई जगह क्षतिग्रस्त हो चुकी है. सड़क पर बने गड्ढे में नालों का गंदा पानी जमा रहता है. जिसे राहगीरों को आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही है. बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है. स्थानीय लोगों का कहना है कि जल जमाव और दुर्गंध के कारण आसपास के लोगों का सामान्य जीवन प्रभावित हो रहा है. तथा दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है. स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से अभिलंब जल जमाव को समाप्त करने के साथ-साथ निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है. जल जमाव से राहत दिलाने और यातायात व्यवस्था का सुगम बनाने की दिशा में कदम उठाने की मांग की है. यदि जल जमाव नहीं हटेगी तो लोगों की और परेशानी बढ़ जायेगी.




सड़क पर बना जल जमाव.

## आनंद हॉस्पिटल में डॉक्टरों का सम्मान, सिविल सर्जन रहे मुख्य अतिथि

**मधुबनी (एनएसबी)।**ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है। एन एच 27, सिमरा, झंझारपुर स्थित आनंद हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर द्वारा ग्रामीण चिकित्सक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया! जिसमें क्षेत्र के ग्रामीण चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मधुबनी के सिविल सर्जन डॉ. हरेन्द्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अस्पताल 247 आपातकालीन एवं ट्रॉमा सेवाओं के साथ लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए समर्पित है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मधुबनी के सिविल सर्जन डॉ. हरेन्द्र कुमार ने ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था में ग्रामीण चिकित्सकों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में सभी चिकित्सकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।अस्पताल के निदेशक डॉ. आनंद मोहन एमबीबीएस, एमएस, पीएमसीएच पटना जो ऑर्थोपेडिक, जॉइंट रिप्लेसमेंट, ट्रॉमा एवं स्पाइन सर्जन हैं, ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में ग्रामीण चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।इस अवसर पर डॉ. श्वेता प्रकाश, एमबीबीएस, एमडीझ्र प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ,डीएमसीएछ दरभंगा) भी मौजूद रहीं। उन्होंने महिलाओं एवं मातृ स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता फैलाने और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही।अस्पताल में 247 एम्बुलेंस सेवा, ट्रॉमा केयर और इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को तुरंत इलाज मिल सके।

ग्रामीण इलाकों में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में ठल्-27, सिमरा, झंझारपुर स्थित आनंद हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर की यह पहल निश्चित रूप से क्षेत्र के लोगों के लिए लाभदायक साबित होगी। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि उनका उद्देश्य बेहतर, सुलभ और भरोसेमंद चिकित्सा सेवा हर मरीज तक पहुंचाना है।




कार्यक्रम में उपस्थित

## हत्याकांड का खुलासा,2 अभियुक्तों गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त चाकू एवं मोटरसाईकिल बरामद

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने बताया है कि 17 जून को घोघरडीहा थाना क्षेत्र के शत्रुपट्टी निवासी मो० सोहराब द्वारा अपने पुत्र मो० शरफुद्दीन की गुमशुदगी से संबंधित आवेदन घोघरडीहा थाना में दिया गया था। इनके पुत्र दिनांक-15.06.2026 की रात्रि करीब-09:00 बजे से हीं लापता है। जिस संदर्भ में घोघरडीहा थाना कांड संख्या-140/26 दर्ज कर पुलिस टीम द्वारा परिजन से गुमशुदा व्यक्ति के मो० नं० एवं खाता नं० प्राप्त किया गया। अनुसंधान में पाया कि गुमशुदा व्यक्ति के खाता से पैसे की निकासी दिनांक-18/20/21.06.26 को की गई हैं। जिसकी विवरणी ख्क से विवरणी प्राप्त हुआ। इसी क्रम में दिनांक-27.06.2026 को एकता चौक, भुतही बलान के पास 01 अज्ञात शव पानी मे डुबा हुआ पाया गया। जिसकी पहचान गुमशुदा के परिजनो के द्वारा मो० शरफुद्दीन के रूप में की गई।उक्त मामले को पुलिस अधीक्षक, मधुबनी द्वारा गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, फुलपरास के नेतृत्व में घटना के सफल उभेदन हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तकनीकि साक्ष्य संकलन के आधार पर इस कांड में संलिप्त 02 संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछ-ताछ की गई तो मो० सहादत द्वारा बताया गया कि शरफुद्दीन मेरा दोस्त था। जिससे मेरी कुछ अन-बन थी एवं उसके खाता में करीब 1,65,000 रूपया था, जिसके फोन पे पासवर्ड मैं जानता था। पैसे के लालच में ही हमदोनों के द्वारा मो० शरफुद्दीन की हत्या की गई हैं। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू, मोटरसाईकिल तथा निकाशी की गई 1,60,000/- रू0 में से 32,000 रू बरामद किया गया। जो इनदोनो ने शरफुद्दीन के हत्या के बाद अलग-अलग साईबर कैफ से शरफुद्दीन के मोबाईल से निकाला था। तत्पश्चात पुलिस द्वारा बरामद सामान को विधिवत जब्त कर गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा हैं एवं अन्य विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।



जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी

# सौराठ सभा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मैथिल समाज की ऐतिहासिक पहचान, गौरव और सांस्कृतिक धरोहर है:कृष्ण कांत झा 'गुड्डू'

**मधुबनी (एनएसबी)।** सौराठ सभा समिति के नेतृत्व में आगामी 2 जुलाई से प्रारंभ होने वाली ऐतिहासिक सौराठ सभा के विधिवत शुभारंभ को लेकर समिति के अध्यक्ष कृष्ण कांत झा ह्लगुड्डूह्व की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अधिक से अधिक लोगों तक संपर्क स्थापित करने, सभा की समुचित व्यवस्था, प्रचार-प्रसार एवं जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति के अध्यक्ष कृष्ण कांत झा ह्लगुड्डूह्व ने कहा कि सौराठ सभा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मैथिल समाज की ऐतिहासिक पहचान, गौरव और सांस्कृतिक धरोहर है। इसके संरक्षण एवं संवर्धन की जिम्मेदारी विशेष रूप से युवा पीढ़ी को आगे बढ़कर निभानी होगी।उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पूर्व में 2 एवं 3 जुलाई को सौराठ सभा आयोजित करने की घोषणा की गई थी, परंतु बाद में कार्यक्रम में परिवर्तन कर दिया गया। चूँकि प्रारंभिक तैयारियाँ कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के माध्यम से होनी थीं, इसलिए समिति उनके साथ सहयोग कर रही थी। विभाग के निर्णय में बदलाव के बाद अब सभा के सफल आयोजन की पूरी जिम्मेदारी पुनः समाज एवं सौराठ सभा समिति द्वारा पूर्व की भाँति निभाई जा रही है।समिति के अध्यक्ष ने कहा कि विभाग द्वारा अंतिम समय में कार्यक्रम से अलग हो जाने के कारण व्यापक प्रचार-प्रसार नहीं हो सका। उन्होंने सम्पूर्ण मिथिलांचलवासियों से आग्रह किया कि वे अपनी इस अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण एवं जागरण के लिए अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाएं।समिति के सचिव डॉ. शेखर चंद्र मिश्र ने भी सोशल मीडिया एवं जनसंपर्क के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष बल दिया।बैठक में अनिल कुमार झा, धर्मेंद्र मिश्र, मुखिया प्रतिनिधि विभाकर झा, गौरव मिश्र, बृजेश कुमार मिश्र, मुकेश कुमार झा, दीपक कुमार झा, उदय कुमार झा, भोलू झा, धर्मवीर मिश्रा सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

"बैठक में निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए"

**2 जुलाई 2026 को संध्या 5:00 बजे सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ होगा, जिसका आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष श्री शम्भूनाथ पंडा के नेतृत्व में किया जाएगा।**

**मिथिला की परंपरा के अनुरूप पाँच वरिष्ठ पंजीकारों का पाग एवं दोपट्टा देकर सम्मान किया जाएगा।**

**उद्घाटन समारोह में विधान परिषद सदस्य डॉ. मदन मोहन झा एवं जिलाधिकारी आनंद शर्मा की उपस्थिति की संभावना है।**



बैठक करते

## संक्षिप्त खबरें

### सीएसपी संचालक से 1.50 लाख रुपए लूटकांड का पुलिस ने किया त्वरित खुलासा, तीन संदिग्ध हिरासत में

सीतामढ़ी (एनएसबी)। रीगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अंसरी गांव में बुधवार को दिनदहाड़े हुई करीब 1.50 लाख रुपये की लूट की घटना के मामले में सीतामढ़ी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस का दावा है कि घटना में शामिल अपराधियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 1 जुलाई 2026 को अपराह्न करीब 1:30 बजे तीन अज्ञात मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने एक सीएसपी संचालक से करीब 1.50 लाख रुपये लूट लिए थे। घटना की सूचना मिलते ही रीगा थानाध्यक्ष एवं सदर-1 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन, तकनीकी विश्लेषण तथा मानवीय सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उनके मोबाइल फोन से घटना से जुड़े महत्वपूर्ण साक्ष्य भी प्राप्त हुए हैं। पुलिस के अनुसार, लूटकांड में शामिल सभी अपराधियों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। साथ ही घटना में शामिल अन्य सहयोगियों एवं लाइनरों से भी पूछताछ जारी है। इस संबंध में रीगा थाना कांड संख्या-268/26 दर्ज कर अग्रेतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मामले की प्रगति से समय-समय पर अवगत कराया जाएगा।

### एमडीडीएम कॉलेज में बूस्टा की नई इकाई का गठन, पदाधिकारियों की हुई घोषणा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)** । बीआरए बिहार विश्वविद्यालय शिक्षक (सेवा) संघ (बूस्टा) की एमडीडीएम कॉलेज इकाई की आमसभा बुधवार को आयोजित की गई। बैठक का आह्वान पूर्व सचिव प्रो कुमारी सरोज ने किया। इस दौरान नवगठित बूस्टा इकाई के पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई



एमडीडीएम कॉलेज में बूस्टा की नवगठित इकाई की पदाधिकारी गण।

तथा उनका स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष प्रो कुमारी सरोज ने शिक्षक संघ को मजबूत बनाने के लिए सभी शिक्षकों से अपने अधिकारों और कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती शिक्षकों की एकजुटता और सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। नवगठित इकाई में प्रो कुमारी सरोज को अध्यक्ष बनाया गया है। उपाध्यक्ष पद पर डॉ सुनीता कुमारी (गृह विज्ञान विभाग) एवं डॉ प्रियम फ्रांसिस (अंग्रेजी विभाग) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सचिव के रूप में डॉ रिंकु कुमारी (हिंदी विभाग) का चयन हुआ है। इसके अलावा सहसचिव पद पर डॉ श्वेता यादव (वनस्पति विज्ञान विभाग) और डॉ. संगीता कुमारी (मनोविज्ञान विभाग), कोषाध्यक्ष के रूप में डॉ सुरबाला वर्मा (दर्शनशास्त्र विभाग), इकाई सचिव के रूप में डॉ सरिता पॉल (गृह विज्ञान विभाग) तथा विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के रूप में डॉ रामदुलार साहनी (हिंदी विभाग) को मनोनीत किया गया। नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों ने शिक्षक संघ को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर संगठन के प्रति अपनी एकजुटता और सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।

### भाजपा महिला मोर्चा की जिलास्तरीय बैठक आयोजित, ऑनलाइन प्रशिक्षण व आगामी कार्यक्रमों की बनी रणनीति

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** भाजपा पूर्वी मुजफ्फरपुर जिला कार्यालय में बुधवार को महिला मोर्चा की जिलास्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने की, जबकि बैठक का नेतृत्व महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉ मोनालिशा रॉय ने किया। बैठक में महिला मोर्चा के ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम, आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, कार्यक्रमों की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की


बैठक को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक कुमार।

गई। इस दौरान कार्यक्रमों की रूपरेखा, कार्यकताओं की जिम्मेदारियों तथा सफल आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित सदस्यों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने संगठन की मजबूती में महिला कार्यकताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। वहीं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ मोनालिशा राय ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकताओं को संगठन की नीतियों और कार्यशैली से बेहतर ढंग से जोड़ने पर जोर दिया। बैठक में संगीना कुशवाहा, सीमा, अनिला, अंजली साह, निशा राणा, नीलम सिंह, ममता साहनी, चांदी, उमा, अनुराधा साहनी, वंदना सहित महिला मोर्चा की कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

### मोकामा नगर परिषद में प्रशासनिक फेरबदल

**बाढ़ (एनएसबी)।** बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश के तहत नगर परिषद मोकामा में सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी के स्तर पर महत्वपूर्ण प्रशासनिक बदलाव किया गया है। विभागीय आदेश के अनुसार, नगर परिषद मोकामा में कार्यरत श्रीमती निशा कुमारी का स्थानांतरण नगर परिषद सुल्तानगंज कर दिया गया है। वहीं नगर परिषद साहेबगंज में पदस्थापित सृष्टि बक्शी को स्थानांतरित कर नगर परिषद मोकामा की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। विभाग के अनुसार यह स्थानांतरण प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं सुचारू बनाने के उद्देश्य से किया गया है।

### कांग्रेस ने स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल कयूम अंसारी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व मंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल कयूम अंसारी की 122वीं जयंती प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री राम ने कहा कि अब्दुल कयूम अंसारी स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी सेनानी, समाज सुधारक और सांप्रदायिक सौहार्द के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने हमेशा देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनका जीवन त्याग, सेवा और सामाजिक न्याय के आदर्शों से प्रेरित रहा, जो आज भी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है।

# औराई पहुंचे जिलाधिकारी ने बागमती तटबंध और सड़क निर्माण का किया निरीक्षण

## डिग्री कॉलेज में नामांकन तेज करने का दिया निर्देश


अधिकारियो के साथ औराई में बागमती नदी के तटबंध एवं तटबंध पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य का निरिक्षण करते



राजकीय औराई डिग्री कॉलेज का औचक निरिक्षण करने पहुँचे जिलाधिकारी कुमार गौरव।

**मुजफ्फरपुर/औराई(एनएसबी)।** जिले के नए जिलाधिकारी कुमार गौरव ने बुधवार को औराई प्रखंड का दौरा कर शिक्षा व्यवस्था, बाढ़ पूर्व तैयारियों और विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने सबसे पहले उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, औराई (हिंदी) परिसर में संचालित राजकीय डिग्री महाविद्यालय औराई का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी से महाविद्यालय में नामांकन की प्रगति, उपलब्ध संसाधनों और शैक्षणिक व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने डिग्री कॉलेज में नामांकन प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को नामांकन का लाभ मिले, इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि अब तक करीब 60 विद्यार्थियों का नामांकन हो चुका है। जिलाधिकारी ने कहा कि महाविद्यालय में शिक्षकों की कमी को भी प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि नियमित रूप से पढ़ाई संचालित हो सके। विद्यालय परिसर का निरीक्षण करते हुए उन्होंने जर्जर भवन को हटाकर नए भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया। वहीं स्थानीय शिक्षकों की मांग पर परिसर में भवन निर्माण करा रहे संवेदक को विद्यार्थियों की सुविधा के लिए साइकिल शेड का निर्माण कराने का भी निर्देश दिया। डिग्री कॉलेज भवन निर्माण के संबंध में उन्होंने कहा कि उपलब्ध भूमि के अनुरूप योजना बनाकर निर्माण कार्य कराया जाएगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी अरविंद कुमार सिन्हा ने बताया कि इसी माह कॉलेज का ऑनलाइन उद्घाटन भी किया जाएगा। इसके बाद जिलाधिकारी कुमार गौरव अधिकारियों की टीम के साथ बागमती नदी के उत्तरी तटबंध और तटबंध पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने जल संसाधन विभाग एवं पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंताओं से बाढ़ पूर्व तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी ने पूछा कि तटबंध के भीतर कितने विस्थापित परिवार रहते हैं और बाढ़ की स्थिति में उनके सुरक्षित ठहरने की क्या व्यवस्था है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि संभावित बाढ़ से पहले ही ऐसे परिवारों को सुरक्षित एवं ऊंचे स्थानों पर स्थानांतरित करने की कार्ययोजना तैयार रखी जाए, ताकि आपदा के समय मोटरबोट एवं अन्य संसाधनों पर निर्भरता कम हो और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बागमती के उत्तरी एवं दक्षिणी तटबंध पर बन रही सड़कों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की नियमित निगरानी करने, मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया। मौके पर औराई के प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश शंकर झा, आरओ संस्कृति गुप्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी अरविंद कुमार सिन्हा, एसडीओ तुषार कुमार सहित जल संसाधन विभाग, पथ निर्माण विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## आमगोला सुख शांति भवन में आयोजित डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों को किया गया सम्मानित



डॉक्टर्स डे पर आयोजित समारोह का दीप प्रज्ववलित कर उद्घाटन करते अतिथि गण।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर के आमगोला रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सुख शांति भवन सभागार में बुधवार को राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज ईस्टर्न जोन इंचार्ज राजयोगिनी बीके रानी दीदी ने समारोह में उपस्थित सभी डॉक्टरों को तिलक, माला एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया। मौके पर राजयोगिनी बीके रानी दीदी ने कहा कि हम जब स्वयं को आत्मा समझकर कर्म करते हैं तो सदा हल्के रहते हैं। शक्ति का अनुभव करते हैं। हमारी स्थिति अचल और एकरस रहती है और हम कभी डिस्टर्ब नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि यह शक्ति हमारे सभी डॉक्टर्स को मिले और वे अपने जीवन में सदा मुस्कुराते रहें, सदा खुश रहें, यही हमारी शुभकामना है। वही वरिष्ठ चिकित्सक प्रो डॉ बीबी ठाकुर ने कहा कि डॉक्टर्स अपने प्रतिदिन की प्रैक्टिस में आध्यात्मिकता को अपना लें तो उसका रिजल्ट बहुत ही सुंदर मिलता है। जो भी मरीज आता है, उसको हम अपने परिवार का सदस्य समझ कर इलाज करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जीवन शैली जनित इलाज करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि योग, प्राणायाम, ध्यान स्वयं डॉक्टर भी करें और अपने मरीजों को भी सिखायें। डिप्टी मेयर डॉ मोनालिसा ने कहा की डॉक्टर भगवान के रूप होते हैं। लेकिन अगर कोई अनहोनी हो जाए तो हम उनके प्रति अपना धैर्य नहीं खोयें। डॉक्टर्स का जीवन त्याग, तपस्या और समर्पण का होता है। डॉक्टर अरुण शाह ने कहा की डॉक्टर के पास पेशेंट आते हैं तो डॉक्टर अपनी पूरी ईमानदारी से उसका इलाज करते हैं। लेकिन अनहोनी होने पर सभी डॉक्टर को डर लगता है कि क्या होगा ? क्योंकि हॉस्पिटल में अनहोनी हो जाये तो सारी गलती और लापरवाही डॉक्टर पर थोप दी जाती है। इस क्रम में डॉ बीएल सिंघानिया एवं डॉ एचएन भारद्वाज ने भी अपना विचार व्यक्त किया। संचालन बीके डॉ फनीश चन्द्र ने एवं धन्यवाद ज्ञापन आयुर्वेद चिकित्सक डॉ ललन तिवारी ने किया। इस दौरान समारोह में डॉ बीबी ठाकुर, डॉ बीएल सिंघानिया, डॉ मोती सिन्हा, डॉ अरुण शाह, डॉ एचएन भारद्वाज, डॉ नवीन कुमार, डॉ राजेश कुमार, डॉ रश्मि प्रिया, डॉ मोनालिसा, डॉ अजीत कुमार, डॉ पीयूष शिवासा, डॉ ललन तिवारी एवं डॉ फनीश चन्द्र को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी एचएल गुप्ता, डॉ जगदीश शर्मा, बीके सीता, बीके बबिता, बीके पुष्पा, बीके भास्कर, बीके अरविन्द, बीके महेश, मोहन प्रसाद सिन्हा सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर आरडीजेएम मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में चिकित्सकों का हुआ सम्मान



केक काटकर आरडीजेएम मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में डॉक्टर्स डे मनाते चिकित्साक गण।

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर तुर्की स्थित राधा देवी जागेश्वरी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में डॉक्टर्स डे पर बुधवार को भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के सभी विभागाध्यक्षों, चिकित्सकों, फैकल्टी सदस्यों एवं पीजी रेजिडेंट्स को उनके समर्पण, सेवा भावना एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि चिकित्सक केवल रोगों का उपचार ही नहीं करते, बल्कि मानवता की सर्वोच्च सेवा का दायित्व निभाते हैं। उन्होंने चिकित्सा, नैतिकता, करुणा, संवेदनशीलता, निरंतर अध्ययन तथा टीमवर्क के महत्व पर बल देते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आरडीजेएम मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल उत्कृष्ट चिकित्सा शिक्षा एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से समाज की सेवा के लिए निरंतर कार्यरत है। प्राचार्या प्रो (डॉ) आभा रानी सिन्हा ने सभी चिकित्सकों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए उनके समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा एवं मानव सेवा के प्रति अमूल्य योगदान की सराहना की। वही प्रशासनिक पदाधिकारी मनीष कुमार ने चिकित्सकों को समाज के लिए आशा, विश्वास एवं सेवा का प्रतीक बताते हुए संस्थान की प्रगति में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया। समारोह की विशेष आकर्षण शेमफोर्ड स्कूल, मुजफ्फरपुर के विद्यार्थियों की सहभागिता रही। विद्यालय के बच्चों ने अपने हाथों से तैयार किए गए "हैप्पी डॉक्टर्स डे " बैज एवं गुलाब के फूल भेंट कर सभी चिकित्सकों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में डॉ. अभिषेक प्रसाद सिन्हा, डॉ. रोहित कुमार, डॉ आर एस प्रसाद, डॉ विकास रंजन, डॉ मीता सहाय, डॉ भावेश, डॉ अनामिका, डॉ अरुण कुमार पांडे, डॉ आभास, डॉ रुचि प्रसाद, डॉ नेहा, डॉ प्रीति सोनी, डॉ मृणाल शंकर, डॉ साकेत कुमार, डॉ राजवर्धन, डॉ आशुतोष, डॉ ऋषि, डॉ गौतम, डॉ राहुल मोहन, डॉ राघवी विजेता डॉ प्रभात कुमार, डॉ कुमार विजेन्द्र सौरभ, डॉ शिवम सहित सभी विभागाध्यक्ष, फैकल्टी सदस्य एवं पीजी रेजिडेंट्स उपस्थित थे। समारोह के दौरान चिकित्सकों ने रोगी सेवा, चिकित्सा नैतिकता, अनुसंधान एवं उत्कृष्ट चिकित्सा शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम का समापन केक काटकर राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस का उत्साहपूर्वक उत्सव मनाते हुए किया गया।

## मीनापुर सीएचसी में आशा कार्यकताओं की हड़ताल का असर, प्रसव पीड़ा से तड़पती रही गर्भवती

### इमरजेंसी सेवाएं प्रभावित होने का आरोप



मीनापुर सीएचसी में प्रसव पीड़िता को समय पर इलाज की सुविधा नहीं मिलने से परेशान परिजन।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के मीनापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में आशा कार्यकताओं की हड़ताल का असर स्वास्थ्य सेवाओं पर दिखाई देने लगा है। बुधवार को प्रसव के लिए अस्पताल पहुंची एक गर्भवती महिला को समय पर इलाज की सुविधा नहीं मिलने का आरोप सामने आया है। प्रसव पीड़िता के परिजनों का आरोप है कि महिला लंबे समय तक प्रसव पीड़ा से तड़पती रही, लेकिन उसकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। बताया जा रहा है कि आशा कार्यकताओं की हड़ताल के कारण अस्पताल की इमरजेंसी व्यवस्था भी प्रभावित हुई। इससे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अस्पताल परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि गर्भवती महिला दर्द से कराहती रही, लेकिन समय पर आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई। हालांकि, अस्पताल प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## सकरा में मत्स्यजीवी सहयोग समिति के कॉमन सर्विस सेंटर का उद्घाटन, ग्रामीणों को मिलेंगी डिजिटल सेवाएं


उद्घाटन समारोह में अतिथि का स्वागत करते कॉफ्फेड एवं अन्य संस्था के लोग।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के सकरा प्रखंड के रतनपुर केवल गांव में बुधवार को सकरा प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति द्वारा स्थापित कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) का उद्घाटन किया गया। समारोह में जनप्रतिनिधियों, सहकारिता विभाग के पदाधिकारियों, मत्स्यजीवी समाज के प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ उद्घाटनकर्ता हरि सहनी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्वलित कर एवं भगवान निषादराज के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इसके बाद उन्होंने फीता काटकर कॉमन सर्विस सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ (कॉफ्फेड) के प्रबंध निदेशक ऋषिकेश कश्यप, समाजसेवी प्रवीण कुमार ठाकुर, मिथिला-दरभंगा क्षेत्रीय मत्स्यजीवी सहकारी संघ के निदेशक लालबाबू सिंह, सारण मंडल के निदेशक प्रदीप सहनी, सकरा प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति के अध्यक्ष अरविन्द मुरैया एवं सचिव जनेन्द्र मुखिया सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

उद्घाटन के दौरान हरि सहनी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कॉमन सर्विस सेंटर डिजिटल भारत के सपने को साकार करने का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। अब मत्स्यजीवी परिवारों को बैंकिंग, बीमा, आधार, पैन कार्ड, आयुष्मान भारत, पेंशन, छात्रवृत्ति, विभिन्न प्रमाण-पत्रों और केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अपने क्षेत्र में ही मिलेगा। उन्होंने कॉफ्फेड और सकरा प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति की इस पहल को मत्स्यजीवी समाज के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। कॉफ्फेड के प्रबंध निदेशक ऋषिकेश कश्यप ने कहा कि संस्था का लक्ष्य बिहार के प्रत्येक मत्स्यजीवी परिवार को डिजिटल सेवाओं, सरकारी योजनाओं और स्वरोजगार से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि इस केंद्र के माध्यम से एनएफडीपी पंजीकरण, मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड, विभिन्न बीमा योजनाएं, बैंकिंग सेवाएं, डिजिटल भुगतान, आधार एवं पैन कार्ड, आयुष्मान भारत सहित रोजगार और प्रशिक्षण से जुड़ी अनेक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। समाजसेवी प्रवीण कुमार ठाकुर ने इसे ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। वहीं लालबाबू सिंह और प्रदीप सहनी ने भी कॉफ्फेड की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे मत्स्यजीवी समाज को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में काफी सुविधा होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष अरविन्द मुरैया ने कहा कि समिति भविष्य में भी मत्स्यजीवियों के हित में जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित करती रहेगी। सचिव जनेन्द्र मुखिया ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि यह केंद्र मत्स्यजीवियों, किसानों, युवाओं और आम नागरिकों के लिए डिजिटल सेवाओं का भरोसेमंद केंद्र बनेगा। समारोह के दौरान लोगों को कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सेवाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कॉफ्फेड की निदेशक सिमरन ने किया। इस अवसर पर रवि राज, राहुल कुमार, दयानंद कुमार सहित बड़ी संख्या में मत्स्यजीवी सहकारी समितियों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### तस्करी के आरोप में दो नेपाली नागरिक पकड़ायें

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के सोनबरसा प्रखंड अन्तर्गत कृषि विभाग एवं सशस्त्र सीमा बल द्वारा संयुक्त रूप से छापामारी के दौरान सोनबरसा बॉर्डर पर तस्करी करने के आरोप में दो नेपाली नागरिकों को पकड़ा गया है। पकड़े गये नागरिकों का नाम नागेन्द्र प्रसाद सिंह एवं सुरेश प्रसाद सिंह है, जिसके पास 02 बोरी यूरिया एवं 06 बोरी डीएपी पाया गया है। पकड़े गये व्यक्ति पर सोनबरसा थाना में प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सोनबरसा द्वारा प्राथमिकी दर्ज करते हुए विधिसम्मत कार्रवाई किया जा रहा है।

### अभियुक्त की गिरफ्तारी पर पाँच हजार रुपये का पुरस्कार घोषित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** फिरारी रॉल समर्पित किए जाने के उपरांत पुलिस अधीक्षक, सीतामढ़ी द्वारा अभियुक्त प्रवचन साह, पिता- राम पुकार साह, सा०- मुशहरनिया, थाना- सोनबरसा, जिला- सीतामढ़ी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ₹5,000/- (पाँच हजार रुपये) का पुरस्कार घोषित किया गया है। उक्त पुरस्कार घोषणा दिनांक 31.12.2026 तक प्रभावी रहेगी। अभियुक्त की गिरफ्तारी अथवा उसकी गिरफ्तारी में सहायक सूचना उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति को नियमानुसार ₹5,000/- (पाँच हजार रुपये) की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

### पिपिंग समारोह में एसपी ने पदोन्नत पदाधिकारी के कंधों पर उच्चतर पद का सितारा किया अलंकृत


पदोन्नत पदाधिकारी को उच्चतर पद का सितारा से अलंकृत करते एसपी।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पुलिस कार्यालय, सीतामढ़ी में बुधवार को आयोजित पिपिंग समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक, सीतामढ़ी द्वारा सार्जेंट से सार्जेंट मेजर के पद पर पदोन्नत पदाधिकारी के कंधों पर उच्चतर पद का सितारा (स्टार) अलंकृत कर उन्हें नई जिम्मेदारी का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, सीतामढ़ी ने पदोन्नत पदाधिकारियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए पूर्ण निष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने तथा पुलिस विभाग की गरिमा एवं जनविश्वास को बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। मौके पर वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय-01), पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### डॉक्टर्स डे पर पूर्व सैनिक संगठन ने सुप्रसिद्ध चिकित्सकों को किया सम्मानित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पूर्व सैनिक संगठन के तरफ डॉक्टर्स डे पर सीतामढ़ी जिला के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ निर्मल गुप्ता, डॉ लता गुप्ता, डॉ राजेश कुमार सुमन, दन्त चिकित्सक डॉ ललन कुमार, डॉ सीमा गुप्ता, डॉ संजय कुमार वर्मा, डॉ सोनी वर्मा, डॉ अजय कुमार व डॉ मधु कुमारी, डॉ प्रतिमा आनंद, डॉ रेणु चटर्जी, डॉ जयशंकर प्रसाद, डॉ अमरनाथ गुप्ता, दन्त चिकित्सक डॉ अजय कुमार समेत दर्जनों डॉक्टर्स को संगठन के तरफ से पूर्व सैनिक अनिल कुमार व विरेंद्र यादव ने अंगवस्त्र एवं संगठन का प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान करते हुए बधाई शुभकामनाएं दिया। साथ ही मरीजों को सेवा और सहयोग की भावना से मानवीय मूल्यों को ध्यान में रखते हुए चिकित्सकीय परामर्श एवं इलाज करने का आग्रह किया सभी चिकित्सकों ने आग्रह को स्वीकार करते हुए पूर्व सैनिक संगठन द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए आभार प्रकट किया।


चिकित्सक को सम्मानित करते पूर्व सैनिक।

### धूमधाम से हुआ नन्हें कदमों का स्वागत, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीतामढ़ी में 'विद्या प्रवेश' कार्यक्रम आयोजित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नगर में नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर बालवाटिका-3 एवं कक्षा 1 के नव-नामांकित विद्यार्थियों के लिए 'विद्या प्रवेश' कार्यक्रम का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य पंकज अग्रवाल एवं उपस्थित अभिभावकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।



'विद्या प्रवेश' कार्यक्रम में नव-नामांकित बच्चे, अभिभावक व अन्य

विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों, ताजे फूलों तथा बच्चों के पसंदीदा कार्टून चित्रों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। विद्यालय के मुख्य द्वार पर नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों का फूलों की वर्षा, तिलक एवं आत्मीय स्वागत के साथ अभिनंदन किया गया। इस स्नेहिल स्वागत से बच्चों और उनके अभिभावकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय प्रशासन द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए सेल्फी स्टैंड पर बच्चों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक तस्वीरें खिंचवाकर इस यादगार पल को संजोया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक आर. के. रंजन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए पावरपॉइंट प्रस्तुति (पीपीटी) के माध्यम से विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, सह-शैक्षणिक गतिविधियों एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य पंकज अग्रवाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों का केवल बौद्धिक ही नहीं, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है।" कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संगीत शिक्षक संजय कुमार के निर्देशन में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। वहीं श्रीमती रिजवाना, कु. शहनाज, श्रीमती लक्ष्मी, गौरव कुमार एवं सुश्री फरहीन खातून ने कार्यक्रम के सफल संचालन में सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में नवप्रवेशी विद्यार्थियों को उपहार एवं चॉकलेट वितरित किए गए।

# सदर अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित

## एएनएम को तत्काल प्रभाव से निलंबित एवं तीन डॉक्टर का वेतन स्थगित करने का निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पांडे की अध्यक्षता में बुधवार को सदर अस्पताल, सीतामढ़ी में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदर अस्पताल एवं जिले में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान कार्य में अनुशासनहीनता एवं लापरवाही के मामलों को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने संबंधित एएनएम रितु कुमारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने हेतु अस्पताल उपाधीक्षक को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

वहीं डॉ. निवेदिता, डॉ. रीता महतो तथा डॉ. अनुजा प्रीतम की अनधिकृत अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए उनका वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही इस संबंध में विभाग को प्रतिवेदित करने एवं नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में संस्थागत प्रसव के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने तथा गर्भवती महिलाओं को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए तथा नियमित जांच एवं परामर्श के माध्यम से उच्च जोखिम वाले गर्भधारण की पहचान कर आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने अल्ट्रासाउंड जांच की संख्या बढ़ाने तथा गर्भवती महिलाओं के प्रथम त्रैमास (प्रथम ट्राइमेस्टर) में ही आवश्यक अल्ट्रासाउंड जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि गर्भावस्था से संबंधित संभावित जटिलताओं की समय रहते पहचान एवं उपचार संभव हो सके।


सदर अस्पताल, सीतामढ़ी में रोगी कल्याण समिति की बैठक में जिलाधिकारी व अन्य।

**स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के दिए गए निर्देश**

बैठक में सीटी स्कैन सेवा की समीक्षा करते हुए संबंधित एजेंसी को निर्देशित किया गया कि मरीजों को समय पर जांच सुविधा उपलब्ध कराई जाए तथा सीटी स्कैन रिपोर्ट निर्धारित समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए, ताकि उपचार में अनावश्यक विलंब न हो। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की नियमित उपस्थिति, आपातकालीन सेवाओं की सुदृढ़ता तथा मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण एवं सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया कि ओपीडी एवं इमरजेंसी सेवाओं का नियमित अनुश्रवण किया जाए, अस्पताल परिसर की स्वच्छता एवं साफ-सफाई बनाए रखी जाए तथा आवश्यक जांच एवं उपचार सेवाओं को निर्बाध रूप से संचालित किया जाए। बैठक में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, टीकाकरण अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने तथा मरीजों की शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र विकसित करने पर भी बल दिया गया।

## जिलाधिकारी ने बहेरा पंचायत के विश्वंभरपुर नन्हकार स्थित विद्यालयों का किया निरीक्षण

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पांडे द्वारा बुधवार को मेजरगंज प्रखंड अंतर्गत बहेरा पंचायत के विश्वंभरपुर नन्हकार स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों की उपस्थिति, पठन-पाठन की व्यवस्था तथा उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कक्षा 12 के विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी पढ़ाई, भविष्य की योजनाओं तथा विद्यालय में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा एवं क्षमता निहित होती है। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों का दायित्व है कि वे विद्यार्थियों की रुचि एवं नैसर्गिक प्रतिभा की पहचान कर उन्हें उसी दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित एवं मार्गदर्शन प्रदान करें। उन्होंने विद्यार्थियों के नियमित काउंसलिंग सत्र आयोजित करने का निर्देश दिया, ताकि वे अपने करियर, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं उच्च शिक्षा के संबंध में उचित निर्णय ले सकें। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिया कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करते हुए कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाओं का आयोजन किया जाए तथा उनकी सीखने की क्षमता में सुधार हेतु अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय में नियमित रूप से करियर गाइडेंस एवं मोटिवेशनल सत्र आयोजित किए जाएं, जिससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता विकसित हो सके।जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया कि विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों के साथ नियमित संवाद स्थापित किया जाए। साथ ही विद्यालय परिसर की स्वच्छता, पेयजल, शौचालय एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ एवं क्रियाशील बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल परीक्षा परिणाम का केंद्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य निर्माण का आधार है। इसलिए शिक्षकों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को भी प्रोत्साहित करना चाहिए।

**दिए कई निर्देश**

## मेजरगंज में निमार्णाधीन विद्युत ग्रीड स्टेशन का डीएम ने किया निरीक्षण


निमार्णाधीन विद्युत ग्रीड स्टेशन का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पांडे द्वारा बुधवार मेजरगंज प्रखंड में बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के द्वारा निमार्णाधीन नए विद्युत ग्रीड स्टेशन का स्थल निरीक्षण किया गया तथा निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

मालूम हो कि लगभग 162.73 करोड़ रुपये की लागत से 132/33 केवी क्षमता के इस ग्रीड स्टेशन का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रीड स्टेशन के निर्माण के उपरांत मेजरगंज, रीगा, सुप्पी, सोनबरसा एवं बथनाहा प्रखंड के विद्युत उपभोक्ताओं को इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा तथा इन क्षेत्रों में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। प्रस्तावित ग्रीड स्टेशन की क्षमता 280 मेगावाट निर्धारित की गई है तथा इसके माध्यम से लगभग 1,33,417 विद्युत उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता बढ़ेगी तथा बढ़ती विद्युत मांग की पूर्ति में भी सहायता मिलेगी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण एजेंसी एवं संबंधित अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों का विशेष ध्यान रखते हुए परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना जिले के विद्युत अधोसंरचना विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इसके पूरा होने से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## वस्तानिया, फौकानिया एवं मौलवी परीक्षा-2027 के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना ने वस्तानिया (आठवीं), फौकानिया (मैट्रिक) एवं मौलवी (इंटरमीडिएट) परीक्षा-2027 में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के ऑनलाइन पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मदरसा बोर्ड के सचिव अब्दुस सलाम अंसारी ने सभी मान्यता प्राप्त मदरसों के प्राचार्य एवं प्रधान मौलवी निर्धारित समय-सीमा के भीतर विद्यार्थियों का ऑनलाइन पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन भरना सुनिश्चित करने को कहा है। वस्तानिया परीक्षा-2027 के लिए ऑनलाइन पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। वहीं फौकानिया एवं मौलवी परीक्षा-2027 के लिए ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 16 अगस्त 2026 है। इस संबंध में मदरसा हमीदिया दारुल बनात हुसैना, मेहसौल के प्राचार्य हाजी मौलाना जियाउर्रहमान कासमी ने बताया कि बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड के निदेशानुसार उनके मदरसा में 1 जुलाई 2026 से परीक्षा-2027 के लिए ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन पत्र भरने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

**मेजरगंज प्रखंड की बहेरा पंचायत में आयोजित हुआ 'जनता का दरबार'**

## जिलाधिकारी ने सुनीं आमजनों की समस्याएं

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मेजरगंज प्रखंड अंतर्गत बहेरा पंचायत के मध्य विद्यालय, माधवपुर परिसर में जिलाधिकारी रिची पांडे की अध्यक्षता में 'जनता का दरबार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों का स्थानीय स्तर पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना तथा प्रशासन एवं जनता के बीच संवाद को और अधिक सशक्त बनाना था।

जनता का दरबार सत्र के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जनता दरबार में ग्रामीणों द्वारा यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया कि पंचायत भवन में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति नियमित एवं संतोषजनक नहीं रहती है, जिसके कारण आम लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए प्रखंड एवं जिला मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया कि पंचायत सरकार भवन में प्रतिनियुक्त सभी विभागीय कर्मियों एवं पदाधिकारियों की नियमित उपस्थिति हर हाल में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर ही अधिकतम सेवाओं की उपलब्धता सरकार की प्राथमिकता है तथा इस संबंध में किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।



जनता का दरबार' कार्यक्रम को सम्बोधित करते जिलाधिकारी रिची पांडे।

जनता दरबार में खनन साथ ही अतिक्रमण एवं अवैध गतिविधियों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए नियमित निरीक्षण एवं प्रभावी निगरानी व्यवस्था विकसित करने का भी निर्देश दिया।

कार्यक्रम के दौरान लोगों द्वारा सरकारी योजनाओं के लाभ, राजस्व मामलों, प्रमाण-पत्र निर्गत करने, पेयजल, सड़क एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से संबंधित विषय भी उठाए गए, जिनके निष्पादन हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की सफलता का वास्तविक मापदंड आम जनता की संतुष्टि एवं उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान में निहित है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े, बल्कि प्रशासन स्वयं जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का निराकरण करे। जनता का दरबार इसी सोच को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा फाइलेरिया के मरीजों के बीच फैलारिया किट का वितरण किया गया। साथ ही टीवी के मरीजों के बीच न्यूट्रीशन सपोर्ट किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण में मिली गड़बड़ी पर जिलाधिकारी ने सीडीपीओ को लगायी कड़ी फटकार

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पांडे द्वारा बुधवार को मेजरगंज प्रखंड अंतर्गत बहेरा पंचायत के वार्ड संख्या-10 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने केंद्र पर उपलब्ध बच्चों एवं लाभार्थियों से संबंधित अभिलेखों, पोषण सेवाओं, पूरक पोषाहार वितरण, बच्चों की उपस्थिति तथा पोषण ट्रैकर ऐप पर की जा रही प्रविष्टियों की समीक्षा की। जांच के दौरान यह पाया गया कि पोषण ट्रैकर पर बच्चों की विवरणी से संबंधित आंकड़ों की गलत प्रविष्टि की गई थी। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित सीडीपीओ को कड़ी फटकार लगाते हुए पोषण ट्रैकर पर सभी लाभार्थियों एवं बच्चों की विवरणी का सत्यापन कर सही एवं अद्यतन प्रविष्टि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आंगनवाड़ी केंद्रों पर संचालित सभी सेवाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराई जाएं तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि अथवा लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पोषण ट्रैकर पर दर्ज आंकड़े सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं नीति निर्माण का महत्वपूर्ण आधार होते हैं, इसलिए डेटा की शुद्धता एवं अद्यतनता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि केंद्र पर बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों की पहचान कर उनका विशेष अनुश्रवण किया जाए। साथ ही गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को समय पर पोषण परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि पूरक पोषाहार का वितरण पारदर्शी एवं नियमित रूप से किया जाए तथा केंद्र पर उपलब्ध वजन मशीन, ऊंचाई माप उपकरण एवं अन्य संसाधनों का उपयोग करते हुए बच्चों की नियमित वृद्धि निगरानी की जाए। उन्होंने केंद्र परिसर की स्वच्छता, पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था को संतोषजनक बनाए रखने तथा प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा गतिविधियों का नियमित संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा उपलब्ध कराने एवं अभिभावकों को बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने पर बल दिया। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी रिची पांडे ने आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित गोद भराई कार्यक्रम में भी सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं संस्थागत प्रसव के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया तथा स्वस्थ मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए संचालित सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया।

## भूतही थाना के नवनिर्मित भवन का विधायक व एसपी ने किया शुभारम्भ

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** भूतही थाना के नवनिर्मित भवन में बुधवार को परिहार की विधायक श्रीमती गायत्री देवी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से प्रवेश किया गया। उद्घाटन के उपरांत विधायक एवं पुलिस अधीक्षक ने थाना भवन का निरीक्षण कर विभिन्न कक्षों एवं उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। नवनिर्मित थाना भवन के संचालन से पुलिस कार्यों के निष्पादन में सुविधा होगी तथा आम नागरिकों को बेहतर वातावरण में पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। साथ ही, क्षेत्र में विधि-व्यवस्था के संधारण एवं अपराध नियंत्रण के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने में भी यह भवन सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर पुलिस पदाधिकारी/कर्मी, जनप्रतिनिधि, स्थानीय गणमान्य नागरिक तथा अन्य आमजन उपस्थित रहे।


नवनिर्मित भवन के शुभारम्भ करते विधायक' व एसपी।

## सम्पादकीय

### भारत-पाक की 117 हस्तियों की चिट्ठी आपसी संबंधों पर जमी बर्फ हटाने की कवायद

हाल ही में भारत और पाकिस्तान की 117 नामचीन हस्तियों द्वारा दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों, नरेंद्र मोदी और शहबाज शरीफ, को लिखा गया संयुक्त पत्र दक्षिण एशिया के कूटनीतिक गलियारों में चर्चा का एक नया विषय बन गया है। इस पत्र में दोनों देशों के बीच दशकों से चली आ रही शत्रुता को समाप्त करने, राजनयिक संबंधों को पूर्ण रूप से बहाल करने, वीजा सेवाओं को आसान बनाने और आपसी बातचीत को फिर से शुरू करने की गुहार लगाई गई है। इस पहल में भारत के 61 और पाकिस्तान के 56 गणमान्य व्यक्ति शामिल हैं, जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व राजनयिक, पूर्व खुफिया प्रमुख और वरिष्ठ मंत्री तक शामिल हैं। अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या अचानक से उठी यह मांग महज एक नागरिक समाज (सिविल सोसाइटी) की शांति अपील है, या फिर यह पर्दे के पीछे चल रही कूटनीति (बैक-चैनल डिप्लोमेसी) का कोई दूसरा चरण है, जिसके जरिए दोनों देशों के बीच भविष्य की 'टेबल टॉक' (आधिकारिक वार्ता) के लिए जमीन तैयार की जा रही है

अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में, विशेषकर भारत और पाकिस्तान जैसे जटिल और तनावपूर्ण संबंधों वाले देशों के संदर्भ में, कोई भी बड़ा कदम अचानक या शून्य में नहीं उठाया जाता। जब दोनों देशों के इतने वरिष्ठ और प्रभावशाली लोग, जो कभी सत्ता के शीर्ष पर या कूटनीतिक रणनीतियों के केंद्र में रहे हों, एक साथ आकर कोई सार्वजनिक अपील करते हैं, तो उसे केवल एक संयोग नहीं माना जा सकता। इसे ट्रैक-टू या ट्रैक-वन एंड ए हाफ कूटनीति का एक बहुत ही सधा हुआ हिस्सा माना जा सकता है। पर्दे के पीछे की कूटनीति हमेशा ऐसे ही काम करती है। जब आधिकारिक स्तर पर राजनीतिक बयानबाजी इतनी सख्त हो जाती है कि दोनों सरकारों के लिए सीधे बातचीत की मेज पर आना अपने-अपने घरेलू मतदाताओं के सामने राजनीतिक जोखिम बन जाता है, तब ऐसे गैर-आधिकारिक चैनलों का इस्तेमाल किया जाता है। कोलंबो या दुबई जैसे तटस्थ स्थानों पर दोनों देशों के पूर्व अधिकारियों और बुद्धिजीवियों के बीच होने वाली बैठकों की खबरें पहले भी आती रही हैं। यह संयुक्त पत्र उसी बैक-चैनल प्रक्रिया का एक सार्वजनिक विस्तार प्रतीत होता है, जिसका उद्देश्य सरकारों से ज्यादा दोनों देशों की जनता के बीच एक विमर्श पैदा करना है।

क्या इस पहल से दोनों देशों के बीच टेबल टॉक के लिए माहौल बनाया जा रहा है । इसका उत्तर काफी हद तक हाँ में दिया जा सकता है। सरकारें अक्सर अपनी भावी नीतियों का परीक्षण करने के लिए ऐसे माध्यमों का उपयोग साउंडिंग बोर्ड के रूप में करती हैं। जब ये 117 हस्तियां उच्चायुक्तों की बहाली, अटारी-वाघा सीमा से व्यापार शुरू करने, हवाई क्षेत्र को खोलने और करतारपुर साहिब या शारदा पीठ जैसे धार्मिक गलियारों को बढ़ावा देने की बात करती हैं, तो वे दरअसल उन मुद्दों को सामने रख रही हैं जिन्हें लो-हैंगिंग फ्रूट्स यानी आसानी से हासिल किए जा सकने वाले लक्ष्यों के रूप में देखा जाता है। कश्मीर या आतंकवाद जैसे जटिल मुद्दों पर तुरंत सहमति भले ही न बन पाए, लेकिन व्यापार, खेल और संसति ऐसे मोर्चे हैं जहाँ से बातचीत के बंद दरवाजों को थोड़ा सा खोला जा सकता है। इस पत्र के माध्यम से एक ऐसा नैरेटिव गढ़ने की कोशिश की जा रही है कि बातचीत का न होना किसी भी देश के हित में नहीं है, खासकर युवा आबादी के भविष्य को देखते हुए। यह नैरेटिव सरकारों को वह स्पेस या राजनीतिक छूट प्रदान कर सकता है, जिसकी उन्हें भविष्य में किसी भी आधिकारिक वार्ता को न्यायोचित ठहराने के लिए आवश्यकता होगी।

हालांकि, कूटनीति की इस संभावित बिसात पर जमीनी हकीकत की अपनी सख्त चुनौतियां हैं। भारत का आधिकारिक रुख लंबे समय से स्पष्ट और अटल रहा है - आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते। हाल के दिनों में जम्मू-कश्मीर में जिस तरह से छिटपुट लेकिन गंभीर आतंकी घटनाएं हुई हैं, उसे देखते हुए नई दिल्ली के लिए इस्लामाबाद के साथ तुरंत किसी आधिकारिक बातचीत की मेज पर बैठना लगभग असंभव है। जब तक सीमा पार से प्रायोजित आतंकवाद पर पूर्ण रूप से लगाम नहीं लगती, तब तक भारत सरकार के लिए घरेलू स्तर पर किसी भी शांति वार्ता को सही ठहराना एक बड़ी चुनौती होगी। दूसरी ओर, पाकिस्तान की अपनी मजबूरियां हैं। वह एक गंभीर आर्थिक संकट और राजनीतिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। पाकिस्तान का शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान भी शायद अब यह समझने लगा है कि भारत के साथ स्थायी दुश्मनी की कीमत उसके खस्ताहाल अर्थतंत्र पर बहुत भारी पड़ रही है। ऐसे में, पाकिस्तान की ओर से संबंधों को सामान्य बनाने की एक मौन आवश्यकता भी महसूस की जा रही है।

# यूजरनेम फीचर : निजता का सुरक्षा कवच



कुमार शरद

पिछले एक दशक से अधिक समय से व्हाट्सएप हमारी डिजिटल जिंदगी का एक अभिन्न अंग रहा है, जिसकी पहचान का मुख्य आधार हमारा मोबाइल नंबर रहा है। लेकिन अब, व्हाट्सएप एक ऐसे बड़े बदलाव से गुजर रहा है जो इसके बुनियादी ढांचे को पूरी तरह से बदल देगा वह है यूजरनेम फीचर की शुरुआत।

इस नए फीचर के तहत, उपयोगकर्ताओं को अब एक-दूसरे से जुड़ने के लिए अपने व्यक्तिगत फोन नंबर साझा करने की आवश्यकता नहीं होगी। वे इंस्टाग्राम या एक्स (पूर्व में ट्विटर) की तरह एक अद्वितीय (यूनिक) यूजरनेम के माध्यम से एक-दूसरे से संवाद कर सकेंगे।

इस तकनीकी बदलाव ने जहां एक ओर उपयोगकर्ताओं के मन में भारी उत्सुकता पैदा की है, वहीं दूसरी ओर साइबर सुरक्षा और संभावित धोखाधड़ी को लेकर गहरी बेचैनी और चिंता भी जन्म ले चुकी है। भारत जैसे विशाल डिजिटल बाजार में, जहां करोड़ों लोग इस प्लेटफार्म पर निर्भर हैं, इस बदलाव का प्रभाव केवल व्यक्तिगत निजता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, साइबर अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था के लिए भी एक नई बहस को जन्म दे रहा है।

इस फीचर को लेकर उपयोगकर्ताओं की उत्सुकता मुख्य रूप से निजता (प्राइवेसी) के एक नए स्तर को प्राप्त करने की खुशी से जुड़ी है। आज के डिजिटल युग में हमारा 10 अंकों का मोबाइल नंबर केवल बात करने का साधन नहीं रह गया है, यह हमारे बैंक खातों, यूपीआई, आधार कार्ड और जीवन के लगभग हर डिजिटल पहलू से जुड़ा हुआ है। ऐसे में, किसी अनजान व्यक्ति, डिलीवरी बॉय, कैब ड्राइवर या किसी सार्वजनिक व्हाट्सएप ग्रुप में अपना नंबर साझा करना कई बार असुविधाजनक और जोखिम भरा होता है।

विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह फीचर एक बड़ी राहत बनकर आया है, क्योंकि अब वे अपनी पहचान (नंबर) उजागर किए बिना किसी से भी संवाद कर सकती हैं। लोग अपने लिए आकर्षक, छोटे और अपनी पसंद के यूजरनेम आरक्षित (रिजर्व) करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। यह व्हाट्सएप को एक पारंपरिक मैसेजिंग ऐप से निकालकर एक आधुनिक सोशल मीडिया प्लेटफार्म की तरह महसूस करा रहा है, जहां उपयोगकर्ता अपनी डिजिटल पहचान पर अधिक नियंत्रण रख सकते हैं।

हालांकि, इस उत्सुकता के ठीक समानांतर एक गहरी बेचैनी भी पनप रही है। यह बेचैनी पहचान की चोरी (इम्पर्सोनेशन) और डिजिटल धोखाधड़ी के डर से उपजी है। अभी तक, मोबाइल नंबर होने के कारण एक तरह का भरोसा होता था कि हम जिससे बात कर रहे हैं, वह कोई वास्तविक व्यक्ति है। लेकिन यूजरनेम की दुनिया में, कोई भी जालसाज किसी प्रसिद्ध व्यक्ति, बैंक, ग्राहक सेवा अधिकारी या यहां तक कि आपके किसी रिश्तेदार से मिलता-जुलता यूजरनेम बनाकर आपको धोखा दे सकता है।

हाल ही में तकनीकी विशेषज्ञों और उद्योग जगत के कई दिग्गजों ने यह चिंता व्यक्त की है कि असली और मिलते-जुलते नकली यूजरनेम के बीच फर्क करना आम जनता, विशेषकर बुजुर्गों या कम तकनीक-प्रेमी लोगों के लिए बहुत मुश्किल होगा। यदि कोई जालसाज एचडीएफसी सपोर्ट या पीएमओ इंडिया जैसा दिखने वाला थोड़ा सा बदला हुआ यूजरनेम बना लेता है, तो वह आसानी से मासूम लोगों को अपने जाल में फंसा सकता है। लोगों में यह घबराहट है कि जिस व्हाट्सएप को वे अब तक एक सुरक्षित पर्सनल स्पेस मानते थे, वह अब टेलीग्राम की तरह स्पैम और अज्ञात स्कैमर्स का अड्डा न बन जाए।

उपयोगकर्ताओं की इस बेचैनी से कहीं अधिक गहरी चिंता भारत सरकार और सुरक्षा एजेंसियों की है। सरकार ने इस फीचर के संभावित दुरुपयोग को लेकर स्पष्ट रूप से सख्त रुख अपनाया है और मैसेजिंग प्लेटफर्म्स को चेतावनी दी है कि यदि नए अपडेट से साइबर धोखाधड़ी और सार्वजनिक धोखे के लिए खामियां पैदा होती हैं, तो उन्हें कानूनी रूप से जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

सरकार की सबसे बड़ी चिंता ट्रेसेबिलिटी (पहचान योग्य होने) की कमी है। भारत में मोबाइल सिम कार्ड खरीदते समय केवाईसी की सख्त प्रक्रिया का पालन किया जाता है, जिसके कारण यदि कोई व्यक्ति व्हाट्सएप के माध्यम से किसी अपराध, अफवाह फैलाने या वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल होता है, तो सुरक्षा एजेंसियां उसके फोन नंबर के जरिए उस तक आसानी से पहुंच सकती हैं। लेकिन यूजरनेम के आने से यह सुरक्षा तंत्र बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है। कोई भी अपराधी बिना अपनी वास्तविक पहचान बताए एक डमी यूजरनेम बनाकर देश के किसी भी कोने (या विदेश) से बैठकर गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम दे सकता है।

> **निजता और सुरक्षा के बीच एक संतुलन स्थापित करना ही समय की मांग है, अन्यथा, जो फीचर उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित महसूस कराने के लिए बनाया गया है, वही उनके लिए सबसे बड़ा डिजिटल दुःस्वप बन सकता है।**

सरकार का मानना है कि इस तरह की पूर्ण गुमनामी (एनोनिमिटी) साइबर अपराधियों, आतंकवादी संगठनों और समाज विरोधी तत्वों को एक आदर्श छिपने की जगह प्रदान करेगी। इलेक्ट्रनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकारियों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी प्लेटफार्म की वास्तुकला (आर्किटेक्चर) का उपयोग शरारत पैदा करने के लिए नहीं किया जा सकता।

सरकार की चिंता इस बात पर भी केंद्रित है कि निवेश धोखाधड़ी (इन्वेस्टमेंट फ्रड), फर्जी कस्टमर केयर स्कैम और हनी ट्रैप जैसे अपराध, जो पहले से ही एक बड़ी चुनौती हैं, यूजरनेम फीचर के कारण कई गुना बढ़ सकते हैं। जब अपराधियों को यह डर नहीं होगा कि उनका फोन नंबर पुलिस के राडार पर आ जाएगा, तो उनके हौसले और भी बुलंद हो सकते हैं। इसीलिए सरकार इस फीचर के कानूनी पहलुओं की जांच कर रही है और यह सुनिश्चित करना चाहती है कि तकनीकी कंपनियां निजता के नाम पर राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था के साथ कोई समझौता न करें।

तकनीकी रूप से देखा जाए तो एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन और यूजरनेम फीचर दो अलग-अलग चीजें हैं, लेकिन ये दोनों मिलकर उपयोगकर्ता की निजता को अभेद्य बनाने का काम करते हैं। एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन संदेश की सामग्री (कंटेंट) की सुरक्षा करता है अर्थात, दो लोगों के बीच क्या बात हो रही है, यह व्हाट्सएप या कोई अन्य तीसरा व्यक्ति नहीं पढ़ सकता। वहीं, यूजरनेम फीचर संदेश के मेटाडेटा (पहचान) की सुरक्षा करता है अर्थात, कौन व्यक्ति किससे बात कर रहा है, यह जानकारी भी अब फोन नंबर के रूप में सार्वजनिक नहीं होगी। इसलिए, इसे ई2ईई का विस्तार तो नहीं, बल्कि डेटा न्यूनीकरण (डेटा मिनिमाइजेशन) और पहचान की गोपनीयता की दिशा में उठाया गया एक बहुत बड़ा और क्रांतिकारी कदम कहा जा सकता है। यह उपयोगकर्ताओं को यह शक्ति देता है कि वे तय करें कि उन्हें अपनी व्यक्तिगत जानकारी (नंबर) किसे देनी है और किसे नहीं।

लेकिन, क्या यह दुनिया की मुसीबतें बढ़ाएगा यह तकनीक के दोहरे उपयोग (डुअल-यूज डिलेमा) का एक क्लासिक उदाहरण है। एक तरफ, यह दुनिया भर में मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, व्हिसलब्लोअर्स और तानाशाही शासनों में रह रहे आम नागरिकों के लिए एक बहुत बड़ा वरदान साबित होगा, जिन्हें अक्सर अपनी पहचान उजागर होने पर जान का खतरा होता है। यह फीचर उन्हें अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रयोग करने और सुरक्षित रूप से संवाद करने की आजादी देगा। लेकिन सिक्के का दूसरा पहलू उतना ही अंधकारमय है। यह उन्हीं सुरक्षा कवच का उपयोग करके दुनिया भर के स्कैमर्स, बाल यौन शोषण सामग्री का व्यापार करने वालों और ड्रग माफियाओं को भी संरक्षण प्रदान करेगा। जब किसी तकनीक का निर्माण इस तरह किया जाता है कि वह कानून लागू करने वाली एजेंसियों की पहुंच से बाहर हो जाए, तो वह अनिवार्य रूप से समाज के लिए कुछ नई और गंभीर चुनौतियां भी पैदा करती है।

इस पूरी बहस का निष्कर्ष यह है कि व्हाट्सएप का यूजरनेम फीचर अपने आप में कोई बुरी तकनीक नहीं है, बल्कि यह निजता के अधिकार का एक स्वाभाविक विकास है। डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट जैसे आधुनिक कानूनों के युग में, कंपनियों द्वारा उपयोगकर्ताओं के फोन नंबर जैसी संवेदनशील जानकारी को कम से कम साझा करना एक सकारात्मक कदम है। लेकिन इस बदलाव के साथ आने वाले जोखिमों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। क्या यह दुनिया की मुसीबतें बढ़ाएगा, इसका उत्तर इस बात पर निर्भर करता है कि व्हाट्सएप इसे कैसे लागू करता है। अगर यह फीचर बिना किसी ठोस सुरक्षा उपाय के लागू किया जाता है, तो यह निश्चित रूप से साइबर अपराधों की एक नई सुनामी ला सकता है।

व्हाट्सएप (मेटा) को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे केवल निजता के नाम पर अपनी जवाबदेही से नहीं बच सकते। उन्हें अपने प्लेटफार्म पर यूजरनेम को सुरक्षित बनाने के लिए मजबूत वास्तुकला (आर्किटेक्चर) तैयार करनी होगी। उदाहरण के लिए, सरकारी एजेंसियों, मशहूर हस्तियों और प्रतिष्ठित व्यवसायों के यूजरनेम की नकल को रोकने के लिए एक बेहद सख्त वेरिफिकेशन (सत्यापन) प्रणाली लागू करनी होगी। इसके अतिरिक्त , नए और अनवैरिफाइड यूजरनेम द्वारा संदेश भेजने की सीमा तय करनी होगी, स्पैम को पहचानने वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल को मजबूत करना होगा और यूजरनेम की जैसे सुरक्षा विकल्पों को और अधिक पारदर्शी बनाना होगा।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)*

## शिल्पा शिरोडकर ने याद किया करिश्मा कपूर का दिल जीतने वाला जेस्चर 'गोपी किशन' के सेट पर

**बॉलीवुड** अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5 के आने वाले एपिसोड में स्पेशल गेस्ट के रूप में शामिल होंगी। मंच पर एक खुली बातचीत के दौरान शिल्पा शिरोडकर ने अपनी 1994 की सुपरहिट फिल्म गोपी किशन की यादें ताजा कीं। उन्होंने '90 के दशक की अभिनेत्रियों के बीच अफवाहों में रहने वाली प्रतिद्वंद्विता पर सच्चाई बताई और आउटडोर शूटिंग की अनोखी चुनौतियों को याद किया।



जब शिल्पा से 1990 के दशक की मैगजीन हेडलाइन्स के बारे में पूछा गया, जिनमें अक्सर अभिनेत्रियों के बीच टकराव की बातें होती थीं, तो उन्होंने इन अफवाहों को नकार दिया। इसके बजाय उन्होंने 'गोपी किशन' (1994) के सेट से जुड़ी एक दिल छू लेने वाली, पर्दे के पीछे की कहानी साझा की, जिसमें उनकी को-स्टार और मौजूदा इंडियाज बेस्ट डांसर की जज करिश्मा कपूर शामिल थीं।

भल्ला बंगले, हिल रोड पर शूटिंग के पहले दिन को याद करते हुए शिल्पा शिरोडकर ने बताया, असल में मेकअप रूम की स्टोरी है ये। मैं आपको एक एपिसोड सुनाना चाहती हूँ और मुझे नहीं पता कि लोलो को भी ये याद है की नहीं हैं। हम लोगों ने गोपी किशन की शूट की थी एक बंगला हुआ करता था भल्ला बंगला, हिल रोड पे। तो उस टाइम पे ना हम लोगों के यहाँ वैनिटी वैन कुछ नहीं थे, तो मेकअप रूम जो प्रोडक्शन देता था उसमें हम लोग शूट करते थे। तो भल्ला बंगले में सिर्फ दो मेकअप रूम थे और मेरा और सुनील का, हमारे घर का सींस था जहां पे लोलो एक दिन के लिए आ रहा था।

उन्होंने आगे जोड़ते हुए कहा, हम लोगों ने पहले ही शूटिंग शुरू कर दी थी, पूरी यूनिट पहले से ही एक-दूसरे को जानती थी और लोलो ने फिल्म साइन की थी और वह सेट पर उसका पहला दिन था। तो अचानक यह चर्चा हुई, प्रोडक्शन टीम आती है और वह कहती है, मैम, समस्या है। मैंने कहाँ क्या हो गया वह कहते हैं, करिश्मा मैम कल शूट पर आ रही हैं। मैंने कहाँ अच्छा तो वो बोलें, नहीं मैडम, क्या हैं ना कि दो ही कमरे हैं। मैंने कहाँ हाँ कोई प्रॉब्लम नहीं है, सुनील मेरे साथ रूम शेयर कर सकता है। चेंज ही करना है, जो भी हो, आप जानते हैं कि हम अंदर-बाहर जा सकते हैं और हम ठीक रहेंगे। आप करिश्मा मैम को एक रूम दे दो। तो जो बड़ा रूम था और अच्छा रूम थी, वो हम लोगों ने करिश्मा मैम के लिए तैयार कर दी।

इसके बाद उन्होंने कहा, फिर हम लोगों ने शूट शुरू कर दी, लोलो सेट पे आई। और बाद में वह हम सबको जान गईं, उन्होंने हमसे एक सवाल पूछा कि, दो ही कमरा है तो सुनील कहाँ हैं तो मैंने कहा नहीं, हमें पता था कि तुम आ रहे हो तो सुनील और मैं कमरा शेयर कर रहे थे, तो उसने कहा, यह सही नहीं है। सुनील को आपके साथ यह क्यों शेयर करना चाहिए मैं तुम्हारे साथ कमरा शेयर करुँगी । और असल में वह और मैं मेकअप रूम शेयर करते थे। पूरी दुनिया जो लोग कहते थे कि करिश्मा नखरे करती है, हमने कमरा सुनील को दे दिया और हमने दूसरा कमरा शेयर किया।

आगे बढ़ते हुए शिल्पा ने कहा, मैं मानती हूँ हर इंसान की एक इेशन होती है और एक केमिस्ट्री बन जाती है। दुनिया को अपनी राय दूसरों के उदाहरणों से नहीं बल्कि अपने अनुभवों से बनानी चाहिए।

यह दिल छू लेने वाली बातचीत ने '90 के दशक की प्रमुख अभिनेत्रियों के बीच बने खूबसूरत रिश्ते को उजागर किया। उस दौर की चुनौतियों और सीमाओं के बावजूद वे एक-दूसरे के साथ खड़ी रहीं और लंबे समय तक दोस्ती निभाई। शिल्पा की यादों में जोड़ते हुए करिश्मा कपूर ने भी उन संघर्षो का जिक्र किया, जिनका सामना उन्हें उस समय करना पड़ता था, जब कलाकारों को सेट पर सीमित सुविधाएँ मिलती थीं और आउटडोर शूटिंग की कठिन परिस्थितियों में ढलना पड़ता था। उनकी सच्ची बातचीत ने बलीवुड के सुनहरे दौर की सी और मजबूत रिश्तों को फिर से जीवंत कर दिया।

इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5 हर शनिवार और रविवार रात 9 : 30 बजे सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर देखना न भूलें।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने अल्पकालिक वित्तीय दायित्वों के लिए 10 वर्ष के लाइफ कवर की पेशकश शुरू की

**आईसीआईसीआई** प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू आईप्रोटेक्ट स्मार्ट प्लस के तहत 10 वर्ष का लाइफ कवर पेश किया है। यह योजना उन ग्राहकों के लिए तैयार की गई है, जिनकी निश्चित अवधि की वित्तीय जिम्मेदारियाँ हैं, जैसे होम लोन, बिजनेस लोन और बच्चों की शिक्षा के लक्ष्य। यह उत्पाद ऐसे समय में जीवन बीमा सुरक्षा प्रदान करता है, जब वित्तीय जिम्मेदारियां और आय पर निर्भरता अक्सर सबसे अधिक होती है।

कई लोगों के लिए किसी बड़े वित्तीय दायित्व को लेने के बाद का पहला दशक बढ़ी हुई वित्तीय जिम्मेदारियों का दौर होता है। यह पेशकश खासतौर पर निश्चित अवधि वाले बिजनेस लोन लेने वाले स्व-रोजगार व्यक्तियों, होम लोन लेने वालों और अपने बच्चों की शिक्षा की योजना बना रहे माता-पिता के लिए उपयोगी है। 10 वर्ष के इस लाइफ कवर को इसी महत्वपूर्ण अवधि की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, ताकि ग्राहकों को किफायती जीवन बीमा सुरक्षा मिल सके।

लान्च पर टिप्पणी करते हुए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ प्रोडक्ट अफिसर विकास गुप्ता ने कहा, घर खरीदना, कारोबार खड़ा करना या बच्चों की शिक्षा के लिए धन जुटाना जैसे कई वित्तीय लक्ष्य एक तय समयसीमा से जुड़े होते हैं। आईसीआईसीआई प्रू आईप्रोटेक्ट स्मार्ट प्लस को इन महत्वपूर्ण वर्षो के दौरान सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है, ताकि ग्राहक अपनी वित्तीय प्रतिबद्धताओं को सुरक्षित रखते हुए अपने प्रियजनों के वित्तीय भविष्य को भी सुरक्षित कर सकें। यह विभिन्न जीवन चरणों में ग्राहकों की बदलती जरूरतों के अनुरूप सुरक्षा समाधान उपलब्ध कराने पर हमारे फोकस को दर्शाता है। साथ ही, यह भारत में बीमा की पहुँच बढ़ाने और '2047 तक सबके लिए बीमा' के लक्ष्य में योगदान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस योजना की एक प्रमुख विशेषता यह है कि 10 वर्ष की पूरी पलिसी अवधि के दौरान लाइफ कवर की राशि समान बनी रहती है। इससे परिवारों को पूरी बीमा राशि का लाभ मिलता है, जिससे वे न सिर्फ ऋण से जुड़ी जिम्मेदारियों को पूरा कर सकते हैं, बल्कि अन्य वित्तीय जरूरतों और भविष्य के लक्ष्यों को भी पूरा करने में सक्षम होते हैं।

इस नई पेशकश के साथ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस अपने सुरक्षा उत्पाद पोर्टफोलियो को और मजबूत कर रहा है। कंपनी ऐसे समाधान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, जो व्यक्तियों और परिवारों को अधिक वित्तीय मजबूती और सुरक्षा प्रदान करने में मदद करें।

ICICI PRUDENTIAL LIFE INSURANCE
Ke Saath Zimmedari Lagey Pyaari
Trusted by over 20 crore Indians in 25 YEARS

## प्रवचन

### बड़े लोगों से मिलता है अनीति, अत्याचार और अधर्म का संरक्षण : जीयर स्वामी

**गुरू, माता-पिता और राजा से न करें विशेष सम्मान की कामना**

**जीवन में नौ बातों को गोपनीय रखने का करें यत्न**

**अहंकारी को समाज में नहीं दें मान-सम्मान**

सीमा से अधिक प्रतिष्ठा की अपेक्षा विनाश का कारण बनती है। गुरु, माता-पिता, संत, ज्ञानी और राजा से विशेष सम्मान की अपेक्षा उचित नहीं। अगर कहीं अपमान हो जाये तो उसकी चर्चा नही करें। जीवन में नौ बातें गोपनीय रखनी चाहिए। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कही।



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

उन्होंने श्रीमद भागवत महापुराण के चौथे स्कंद की कथा को विस्तार देते हुए दक्ष प्रजापति और शंकर जी के बीच मतभेद की चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में एक बार बहुत बड़ा धर्म सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें सभी प्रजापतियों के प्रधान दक्ष प्रजापति का अभिनन्दन करने का कार्यक्रम था। सभी देवता और ऋषि पहुंच गये। अंत में दक्ष-प्रजापति पहुंचे। उनके आगमन पर सभी प्रजापति एवं ऋषिगण खड़े हो गये। लेकिन ब्रह्मा, विष्णु और महेश आसन्न पर ही बैठे रहे। दक्ष प्रजापति के मन में विचार आया कि ब्रह्मा पिता हैं, विष्णु सभी के पिता हैं, लेकिन शंकर जी तो मेरे दामाद हैं। इनका बैठे रहना उचित नहीं। आक्रोश वश उसी समय शंकर जी को बुरा-भला कहने लगे, जबकि वे अंतिम वक्ता थे, क्योंकि उनका ही अभिनन्दन था। शंकर जी शास्त्र की मर्यादा के अनुरूप दक्ष प्रजापति को मन ही मन प्रणाम किये थे, व्यावहारिक रूप से नहीं।

स्वामी जी ने कहा कि समाज या सभा में वैसे लोगों का वंदन, स्तुति और प्रणाम नहीं करना चाहिए, जिससे उनका अहंकार बढ़ जाये। अहंकारी व्यक्ति का ध्यान नकारात्मक बातों पर पहले जाता है। शंकर जी अपमान के बाद गणों के साथ उठकर चले गये। लेकिन कैलास आकर अपने अपमान की बात सती से नहीं बतायी। स्वामी जी ने कहा कि व्यक्ति को जीवन में नौ बातें गोपनीय रखनी चाहिए।

आयुर्वितं गृहच्छिद्रं मंत्रमैथुनभेशजम्।
तपोदानापमानं च नव गोप्यानि यत्नतः।।

अर्थात् अपनी आयु, धन, घरेलु दोष, मंत्र, मैथुन, औषधि, तप, दान और अपमान को यत्न पूर्वक गोपनीय रखनी चाहिए।

दक्ष प्रजापति ने शंकर जी को अपमानित करने के लिए हरिद्वार के कनखल में यज्ञ का अनुष्ठान किया, जिसमें शंकर जी का देव भाग नहीं था। शंकर की उपेक्षा वाले यज्ञ में यज्ञाचार्य पद के लिए कोई तैयार नहीं था। भृगु जी तैयार हो गये, क्योंकि उन्हें भगवान नारायण की छाती पर पैर से प्रहार के बाद अहंकार हो गया था। स्वामी जी ने कहा कि आज भी अनीति, अधर्म और पंथ-पंथाईयों को संरक्षण किसी बड़े लोगों द्वारा ही दिया जाता है। अहंकार विनाश का कारण होता है। अहंकार मनुष्य को कौन कहे, ऋषि-मुनी, देवी-देवता सबको होता है। लेकिन हर स्थिति में अहंकार का परिणाम विनाश ही होता है। अहंकार के कारण भृगु जी को भी यातनाएँ सहनी पड़ीं।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

## सैमसंग ने भारत में लॉन्च किया गैलेक्सी ए27 5जी

**कैशबैक और जीरो डाउन-पेमेंट ईएमआई ऑफर के साथ कीमत कीमत सिर्फ 28,999 रूपये**

सैमसंग ने अपने नए स्मार्टफोन गैलेक्सी ए27 5जी को लॉन्च करने की घोषणा की। यह स्मार्टफोन आधुनिक तकनीक को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने की सैमसंग की सोच को आगे बढ़ाता है। इसे खासतौर पर उन युवा उपभोक्ताओं के लिए तैयार किया गया है, जो स्टाइलिश डिजाइन, दमदार परफार्मेंस, लंबे समय तक साफ्टवेयर सपोर्ट, मजबूत सुरक्षा और सहज यूजर अनुभव वाला भरोसेमंद स्मार्टफोन किफायती कीमत पर चाहते हैं।




**बेहतरीन डिस्प्ले और शानदार विजुअल अनुभव :** गैलेक्सी ए27 5जी की सबसे बड़ी खूबियों में इसका 6.7-इंच का 120 एचजेड सुपर एमोलेड डिस्प्ले शामिल है। यह डिस्प्ले जीवंत रंगों, बेहतरीन डिटेल और स्मूद विजुअल अनुभव के साथ तेज टच रिस्पन्स देता है। नए इंफिनिटी-ओ डिस्प्ले में छोटा-सा पंच-होल कैमरा डिजाइन दिया गया है, जिससे वीडियो देखने और गेम खेलने का अनुभव और भी शानदार हो जाता है। साथ ही, स्क्रीन की मजबूती के लिए इस पर कर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस् की सुरक्षा दी गई है।

**गेमिंग और रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए दमदार परफार्मेंस :** गैलेक्सी ए27 5जी में 4एनएम स्नैपड्रैगन 6 जेन 3 प्रोसेसर दिया गया है, जो शानदार परफार्मेंस के साथ बेहतर पावर एफिशिएंसी भी प्रदान करता है। इसके साथ यूएफएस 3.1 स्टोरेज और एलपीडीडीआर5एक्स रैम हर तरह के काम को तेज और सहज बनाते हैं। बेहतर जीपीयू की बदौलत गेमिंग के दौरान ग्राफिक्स पहले से अधिक स्मूद दिखाई देते हैं, जबकि हाई-स्पीड मेमोरी तेज डेटा ट्रांसफर और बेहतर ऊर्जा दक्षता सुनिश्चित करती है। मल्टीटास्किंग, वेब ब्राउजिंग, वीडियो स्ट्रीमिंग, एआई ऐप्स का इस्तेमाल या गेमिंगहर स्थिति में यह स्मार्टफोन तेज, भरोसेमंद और सहज परफर्मेंस देता है।

**नो-शेक ट्रिपल कैमरा :** गैलेक्सी ए27 5जी में 50 एमपी का मेन कैमरा दिया गया है, जो ओआईएस और 4 के वीडियो रिकर्डिंग के साथ आता है। इसकी मदद से चलते-फिरते भी साफ और बिना हिले हुए वीडियो रिकार्ड किए जा सकते हैं। इसके अलावा, इसमें 115 फील्ड ऑफ व्यू वाला 5 एमपी अल्ट्रावाइड कैमरा और 2 एमपी मैक्रो कैमरा मिलता है, जिससे 64-इंच आकार में 300 डीपीआई क्वालिटी वाली बेहतरीन क्लोजअप तस्वीरें ली जा सकती हैं। फोन का 12 एमपी एचडीआर फ्रंट कैमरा शानदार पोर्टेट और उच्च गुणवत्ता वाली वीडियो कॉलिंग का अनुभव देता है।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।

इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### इसुआपुर में गहनों के फेरी करने वाले से नगदी समेत 6 लाख रुपए के गहने छीने

**इसुआपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गंगाई गांव से पूरब सुनसान सड़क पर सोने चांदी का फेरी कर व्यवसाय करने वाले कारोबारी से नगदी समेत लगभग 6 लाख रुपए मूल्य के सोने चांदी के गहने की छींतई कर ली गई है। घटना मंगलवार की देर शाम की बताई जा रही है। इस संबंध में पीड़ित कारोबारी इसुआपुर थाना क्षेत्र के सहवां गांव निवासी मंकेश्वर साह के पुत्र चंदन कुमार ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत की है। जिसमें कहा गया है कि वे सोने चांदी के आभूषणों का फेरी का व्यवसाय करते हैं। इसी क्रम में वे स्थानीय थाना क्षेत्र के अमरदह गांव से तरैया थाना क्षेत्र के महुली गांव जा रहे थे, कि गंगोई गांव से पूरब सुनसान रास्ते पर पूर्व से घात लगाए दो व्यक्ति अपाची मोटरसाइकिल के साथ खड़े थे। एक व्यक्ति ने देशी कट्टा मेरे सीने पर सटा दिया। वहीं दूसरे व्यक्ति ने गहने रखे हुए झोले को झपट लिया। जिसमें 22 हजार रुपए नगद, 37 ग्राम सोने के जेवर तथा लगभग डेढ़ किलो चांदी के जेवरात थे। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### डीएम ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**छपरा ।** सारण के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने बुधवार को खेल विभाग की विभिन्न योजनाओं, खेल अवसंरचना विकास कार्यो एवं लंबित प्रस्तावों की व्यापक समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्माण कार्यो में तेजी लाने, नियमित मनिटरिंग करने तथा सभी योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि खेल अवसंरचना का उद्देश्य केवल भवन निर्माण नहीं, बल्कि खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं और खेल प्रतिभाओं के विकास के लिए प्रभावी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। बैठक में मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के तहत प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम, मल्टीपर्पस इंडोर हल तथा प्रत्येक पंचायत में खेल मैदान निर्माण योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने लंबित प्रस्तावों का शीघ्र निष्पादन करने तथा दूसरे चरण के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि गरखा प्रखंड के फुलवरिया मौजा में प्रमंडल स्तरीय अंतरराष्ट्रीय मानक के बहुउद्देशीय खेल परिसर के निर्माण के लिए भूमि खेल विभाग को उपलब्ध करा दी गई है। वहीं जिले के विभिन्न स्टेडियमों को शीघ्र क्रियाशील बनाने, खेल भवन-सह-व्यायामशालाओं के बेहतर संचालन, रखरखाव तथा विभागीय प्रावधानों के अनुरूप उपयोग शुल्क निर्धारित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्र (बालक एवं बालिका), जिला स्तरीय सेंटर अफ एक्सीलेंस तथा एथलेटिक्स एवं तीरंदाजी के लिए प्रस्तावित विशेष प्रशिक्षण केंद्रों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा खेलो इंडिया योजना के तहत जयप्रकाश विश्वविद्यालय परिसर में निर्मित 400 मीटर सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक, प्रस्तावित फुटबल मैदान, सिंथेटिक हकी मैदान एवं मल्टीपर्पस इंडोर हल सहित अन्य परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने राजेंद्र स्टेडियम, छपरा में बक्स क्रिकेट ग्राउंड, लन टेनिस कोर्ट के जीर्णोद्धार, ओपन जिम एवं मल्टीजिम की स्थापना से जुड़े कार्यो को भी शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माणाधीन योजनाओं की नियमित निगरानी कर निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराया जाए, ताकि जिले के खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाओं का पूरा लाभ मिल सके। बैठक में निदेशक एनईपी, जिला खेल पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे ।

### जनगणना के द्वितीय चरण जनसंख्या परिगणना का प्री टेस्ट छ्ह जुलाई से : उप महारजिस्ट्रार

**छपरा।** भारत की जनगणना के दूसरे चरण के तहत जनसंख्या परिगणना हेतु सोनपुर नगर परिषद क्षेत्र में प्री टेस्ट आगामी छ्ह जुलाई से आयोजित किया जाएगा़ उक्त जानकारी जनगणना निदेशालय के उप महारजिस्ट्रार मृत्युंजय कुमार ने प्री टेस्ट के लिए प्रगणक और पर्यवेक्षक के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन करते हुए कहीं उन्होंने कहा कि जनगणना के प्रथम चरण के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद द्वितीय व फाइनल चरण जिसे जनसंख्या परिगणना कहते हैं, प्रस्तावित है इसमें लोगों की गिनती की जाएगी यह बहुत ही विस्तारित कार्यक्रम है इसके तहत हर परिवार के एक-एक सदस्य की पूरी जानकारी एकत्र की जाएगी एक-एक व्यक्ति के बारे में 40 प्रश्न पूछे जाने हैं।

# जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा दिवंगत नेता कौशर राजा के घर पहुंचे, परिजनों से की मुलाकात

**चकिया (एनएसबी)।** बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा मंगलवार की देर शाम शहर के चाणक्यपुरी स्थित दिवंगत जदयू नेता कौशर राजा के आवास पहुंचे। उनके साथ केसरिया विधायक शालिनी मिश्रा, नरकटिया विधायक विशाल साह, प्रदेश युवा अध्यक्ष नीतीश पटेल, जिला अध्यक्ष भरत पटेल तथा प्रदेश कमिटी के रंजन सिंह पटेल भी मौजूद थे।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने दिवंगत नेता कौशर राजा के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी बारी-बारी से उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्री कुशवाहा ने कौशर राजा के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनका निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने


परिजन से बात करते प्रदेश अध्यक्ष के साथ विधायक व अन्य।

ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और कहा कि कौशर राजा बेहद मिलनसार, सरल एवं मधुर स्वभाव के व्यक्ति थे।

वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व तथा पार्टी की विचारधारा के प्रति पूरी निष्ठा से समर्पित रहे। कम उम्र में उनका इस दुनिया से चले जाना पार्टी और समाज दोनों के लिए बड़ी क्षति है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस दुख की घड़ी में जदयू पार्टी पूरी मजबूती के साथ शोकाकुल परिवार के साथ खड़ी है। मौके पर जदयू नेताओं में दीपक पटेल,दिनेश चंद्र प्रसाद, कवीन्द्र कुशवाहा,प्रखंड अध्यक्ष राजन पटेल,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष लखन पटेल,संजय मोदी,सुनील यादव, टूना पाठक, कुंदन गुप्ता,मनीष कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## जिलाधिकारी ने पर्यवेक्षण गृह का किया निरीक्षण, बच्चों की शिक्षा व सुविधाओं पर दिया निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पूर्वी चम्पारण के जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव ने बुधवार को पर्यवेक्षण गृह, मोतिहारी का निरीक्षण कर वहां रह रहे बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा एवं अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के शैक्षणिक विकास एवं आधारभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पर्यवेक्षण गृह के विभिन्न कक्षों, शयन कक्ष एवं स्वच्छता व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के प्रावधानों के अनुरूप सभी व्यवस्थाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि


निरीक्षण करते अधिकारी।

पर्यवेक्षण गृह में रह रहे सभी बच्चों को आवश्यक पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं तथा उनकी नियमित पढ़ाई सुनिश्चित की जाए, ताकि उनकी शिक्षा बाधित न हो। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित परामर्श, खेलकूद एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों के संचालन पर भी विशेष जोर दिया।भवन में पाई गई कमियों पर जिलाधिकारी ने चिंता व्यक्त करते हुए भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों को आवश्यक मरम्मत एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी कमियों को शीघ्र दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक, बाल संरक्षण, पर्यवेक्षण गृह के अधीक्षक तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक संपन्न, नए पावर सब-स्टेशन व विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित ड़ राधाष्णन सभागार में मंगलवार को माननीय सांसद श्री राधामोहन सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुढ़ एवं निर्बाध बनाने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में मोतिहारी विधायक श्री प्रमोद कुमार, हरसिद्धि विधायक श्री ष्णानंदन पासवान, मधुबन विधायक श्री राणा रणधीर सिंह, चिरैया विधायक श्री लाल बाबू प्रसाद, केसरिया विधायक श्रीमती शालिनी मिश्रा, सुगौली विधायक श्री राजेश कुमार, ढाका विधायक श्री फैसल रहमान, रक्सौल विधायक श्री प्रमोद कुमार सिन्हा तथा नरकटिया विधायक श्री विशाल कुमार सहित जिला पदाधिकारी-सह-संयोजक श्री सौरभ सुमन यादव, विद्युत अधीक्षण अभियंता-सह-सदस्य सचिव श्री राकेश


कार्यक्रम में उस्थित लोग।

रौशन, सहायक समाहर्ता श्री राजष्ण झा एवं विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में जर्जर विद्युत तार एवं पोलों के प्रतिस्थापन, विद्युत संरचना के सुढ़ीकरण तथा अतिरिक्त वितरण ट्रांसफर्मर लगाने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गएस बैठक में सदर अस्पताल परिसर, ई-हाउस आधारित परिसर, एम्.एस. कलेज के समीप तथा पदुमकेर-पताही क्षेत्र में नए पावर सब-स्टेशन (पीएसएस) के निर्माण का प्रस्ताव रखा गया, ताकि बढ़ते विद्युत भार के अनुरूप उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराई जा सके।इस दौरान प्रधानमंत्री सूर्य घर रू मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा भी की गई। अधिकारियों ने बताया कि पूर्वी चंपारण जिले को प्रथम चरण में 13,419 बीपीएल परिवारों में सोलर रूफटप संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य मिला है। इस कार्य के निष्पादन की जिम्मेदारी ओसवाल पम्प्स लिमिटेड को सौंपी गई है।बैठक में षि (एजी) फीडरों से चोरी हुए विद्युत तारों को शीघ्र बदलने का निर्देश दिया गया। साथ ही विद्युत चोरी एवं तार चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जनभागीदारी और स्थानीय नागरिकों के सहयोग को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।बैठक में प्राप्त सभी सुझावों एवं प्रस्तावों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन विद्युत विभाग द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यपालक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, मोतिहारी श्री प्रदीप कुमार सुमन ने किया।

## विश्व डाक्टर दिवस पर दो प्रख्यात चिकित्सक सम्मानित

**छपरा।** विश्व डक्टर दिवस के अवसर पर भारत स्काउट और गाइड, सारण द्वारा समाज के प्रति चिकित्सकों की उत्ष्ट एवं समर्पित सेवाओं के सम्मान में बुधवार को एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर के प्रसिद्ध अस्थि एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ ड़ उज्जवल कुमार वर्मा (छपरा अर्थो केयर हस्पिटल) एवं प्रसिद्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ड़ नीला सिंह (सारण नर्सिंग होम, छपरा) को अंगवस्त्र एवं स्मृति-चि भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अमन राज ने किया। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त(स्काउट)अमन राज ने कहा कि चिकित्सक मानव सेवा के सच्चे प्रहरी हैं। समाज को स्वस्थ एवं सुरक्षित रखने में उनकी भूमिका अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि भारत स्काउट और गाइड, सारण सेवा, समर्पण और मानवता के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए सदैव कार्य करता रहेगा तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्ष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों का सम्मान करता रहेगा। सम्मान प्राप्त करने के उपरांत ड़ उज्जवल कुमार वर्मा ने कहा कि भारत स्काउट और गाइड, सारण द्वारा मिला सम्मान उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक है और वे इसके लिए संस्था के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।वहीं ड़ नीला सिंह ने इस सम्मान को अपने लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें समाज सेवा के प्रति और अधिक समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने संस्था की पूरी टीम के प्रति अपनी हार्दिक तज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में जिला प्रशिक्षक सोनू गुप्ता, विक्की कुमार सहित भारत स्काउट और गाइड, सारण के स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही।

### रामजानकी मार्ग परियोजना के लिए भूमि किस्म निर्धारण की प्रक्रिया शुरू

**मोतिहारी(एनएसबी)।** राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-227ए) रामजानकी मार्ग परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए मंगलवार को पूर्वी चम्पारण के जिला भू-अर्जन पदाधिकारी श्री अरुण कुमार ने कल्याणपुर अंचल के मौजा राजपुर में विभिन्न खेसरों के भूमि किस्म निर्धारण (वर्गीकरण) की कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि एनएच-227ए रामजानकी मार्ग परियोजना के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम की धारा 3(ए) के तहत अधिसूचना (गजट) का प्रकाशन 16 फरवरी 2026 को किया गया था। परियोजना पूर्वी चम्पारण जिले के केसरिया, कल्याणपुर, चकिया, मेहसी, मधुबन, फेनहारा एवं पताही अंचलों से होकर गुजरेगी। इस परियोजना के अंतर्गत जिले के कुल 48 राजस्व ग्राम शामिल हैं। पूर्वी चम्पारण में रामजानकी मार्ग की कुल लंबाई 57.69 किलोमीटर होगी। भूमि किस्म निर्धारण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भूमि अधिग्रहण की आगे की कार्रवाई तेज होने की उम्मीद है।


कार्यक्रम में उस्थित लोग।

# ब्रह्माकुमारी मेडिकल विंग द्वारा डाक्टर्स डे पर 40 चिकित्सक सम्मानित

**मोतिहारी(एनएसबी)।** ब्रह्माकुमारी बनियापट्टी सेवा केंद्र द्वारा डक्टर्स डे पर नगर के रेड क्रस सभागार में डक्टर सम्मान समारोह का आयोजन किया गयास कार्यक्रम का उद्घाटन आई एम ए के प्रदेश अध्यक्ष ड आशुतोष शरण, उत्तर बिहार की वरिष्ठ राजयोगिनी बीके मीणा, डक्टर स्वस्ती सिंन्हा , ड राजेश श्रीवास्तव एवं डक्टर मोबिन हाशमी ने दीप प्रज्वलित कर किया स उद्घाटन भाषण में डक्टर आशुतोष शरण ने कहा कि1995 मे मैं जब माउंट आबू के ज्ञान सरोवर में गया था तो वहां किसी भी भाई बहन के चेहरे पर उदासी नहीं देखी, मैं काफी आश्चर्य में पड़ गया ,सभी हर्षितमुखता थे ऐसा लगा मानो उन्हें कोई बहुत बड़ी प्राप्ति हो गई हैस मुख्य वक्ता बीके मीणा ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था चरित्र निर्माण की दिशा मे कार्य रही हैस आध्यात्मिक शक्ति के बदौलत समाज सेवा के क्षेत्र में भी आज संस्था बहुत कुछ कर रही हैस इसके 20 प्रभागों में एक मेडिकल विंग भी है, संस्था सभी प्रभागो के अंदर आध्यात्मिक सशक्तिकरण का कार्य कर रही है स संचालन के दौरान बीके अशोक वर्मा ने कहा कि यह कामन संस्था नहीं है बल्कि मूल्यों को पुनर्स्थापित करने का कार्य सहज राज योग के विधि द्वारा विश्व के 140 देश में संस्था चला रही हैस संबोधित करने वालों में रेड क्रस के प्रभारी



कार्यक्रम में उस्थित लोग।

अपरसमाहर्ता, ड राजेश श्रीवास्तव,डक्टर मोबिन हाशमी आदि थेस कार्यक्रम में एलोपैथिक, आयुर्वेद, होम्योपैथ के सभी वरिष्ठ डक्टर उपस्थित थे, सभी को बीके मीना एवं बीके विभा ने शाल ओढाकर, मोमेंटो तथा ईश्वरीय सौगात भेंट कर सम्मानित किया स कार्यक्रम में टोटल 40 डक्टर सम्मानित किए गए जिसमें मुख्य रूप से डक्टर आशुतोष शरण, डक्टर स्वस्ती सिन्हा,डक्टर राजेश श्रीवास्तव, डक्टर हेना चंद्रा ,डक्टर संतोष कुमार, ड अतुल कुमार,डक्टर मोबिन हाशमी, डक्टर एसएन पटेल, ड राहुल शाह, ड आलोक मिश्रा, डक्टर आरके झा, ड चंदन जायसवाल, आयुर्वैदिक कलेज के प्राचार्य डक्टर नरेंद्र कुमार, डक्टर संजय सिंह समेत काफी अन्य डक्टर सम्मानित किए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### राजेंद्र कॉलेज में सम्पन्न हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम

**छपरा।** राजेंद्र कलेज, छपरा में ातक सत्र 2026-30 में नामांकित नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, चार वर्षीय ातक पाठ्यक्रम, नई शिक्षा नीति (छम्च्) आधारित अध्ययन पद्धति तथा विश्वविद्यालयीय नियमों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य रखी गई थी तथा 75 प्रतिशत उपस्थिति की अनिवार्यता पर विशेष रूप से बल दिया गया। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र प्रातः 11रू00 बजे से 11रू45 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल, मनोविज्ञान एवं अर्थशास्त्र विषय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वहीं द्वितीय सत्र 12रू15 बजे से 01रू00 बजे तक आयोजित किया गया, जिसमें भौतिकी, रसायन शास्त्र, गणित, वनस्पति विज्ञान (ठवजंदल), प्राणी विज्ञान (ॅववसवहल), दर्शनशास्त्र, हिंदी, संस्त, उर्दू, अंग्रेजी एवं वाणिज्य विषय के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान माननीय राज्यपाल सह कुलाधिपति महोदय का प्रेरणादायी संदेश वीडियो माध्यम से विद्यार्थियों को सुनाया गया। संदेश में विद्यार्थियों को अनुशासित, नवाचारी एवं राष्ट्रनिर्माण के प्रति समर्पित होकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने नैतिकता, मानवीय मूल्य, शिक्षकों के सम्मान, विभिन्न पर्यावरणीय और समकालीन मुद्दों को लेकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो संजय कुमार ने की। अपने संबोधन में उन्होंने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत संचालित चार वर्षीय ातक पाठ्यक्रम की विशेषताओं, क्रेडिट आधारित प्रणाली, बहुविषयी अध्ययन, कौशल विकास तथा शोध उन्मुख शिक्षा की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित उपस्थिति, अनुशासन एवं गुणवत्तापूर्ण अध्ययन पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रो अशोक कुमार सिन्हा, प्रो पूनम, प्रो संजय कुमार, ड़ राजीव कुमार मिश्रा, ड़ परेश कुमार, ड़ शादाब हाशमी, ड़ श्वेता गुप्ता, ड़ अलाउद्दीन खान, ड़ ज्योति कुमारी, ड़ ऐमन रियाज, ड़ देवेश रंजन, ड़ प्रशांत कुमार, ड़ अर्चना उपाध्याय, ड. गोपाल कुमार सहनी, ड़ रंकेश जयसवाल, ड़ ज्योत्सना त्रिपाठी, ड़ अनुपम कुमार सिंह सहित सभी शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की जानकारी देते हुए उन्हें सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों से नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित होकर नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की।

### राजेन्द्र कॉलेज में आयोजित हुआ जिला स्तरीय रेड रन-2026

**छपरा।** युवाओं में एच्आईवी् एड्स एवं सम्बन्धित अन्य स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता हेतु राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन, नई दिल्ली, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर कराए जा रहे श्रेड रन-2026श के अंतर्गत आज जिला स्तरीय दौड़ का आयोजन राजेन्द्र कलेज मैदान में किया गया। कार्यक्रम में जयप्रकाश विश्वविद्यालय, राजेन्द्र कलेज, जगदम कलेज, पी सी विज्ञान कलेज, छपरा से छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के समन्वयक प्रो हरिश्चन्द्र एवं प्राचार्य प्रो संजय कुमार के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। पटना से आए रिसोर्स पर्सन सतीश कुमार वर्मा एवं शिवम कुमार की कार्यक्रम में विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए एड्स एवं अन्य स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित उोधन दिए। इस अवसर पर ड़ ऋचा मिश्रा द्वारा अपने उोधन के माध्यम से छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य एवं व्यक्तित्व विकास सम्बन्धी मार्गदर्शन किया। आयोजित दौड़ में छात्र वर्ग से क्रमशः प्रथम स्थान अविनाश कुमार (पी सी विज्ञान कलेज), द्वितीय हिमांशु कुमार भारती (राजेन्द्र कलेज), तृतीय चन्दन कुमार (राजेन्द्र कलेज), चतुर्थ राहुल कुमार पासवान (राजेन्द्र कलेज) एवं पंचम स्थान उत्पल तिवारी (राजेन्द्र कलेज) रहे। वहीं छात्रा वर्ग में से क्रमशः प्रथम स्थान राजनंदिनी (जगदम कलेज), द्वितीय प्रीति कुमारी (पी सी विज्ञान कलेज), तृतीय सान्या कुमारी (राजेन्द्र कलेज), चतुर्थ काजल कुमारी (जगदम कलेज), एवं पंचम स्थान गुड़िया कुमारी (राजेन्द्र कलेज) ने प्राप्त किया। इन विजेता छात्र-छात्राओं द्वारा आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता की जाएगी। कार्यक्रम का संयोजन-संचालन रेड रिबन क्लब के महाविद्यालय एवं जिला नोडल पदाधिकारी ड बेठियार सिंह साहू एवं पूर्व नोडल पदाधिकारी ड अनुपम कुमार सिंह द्वारा किया गया। साथ ही एनएसएस एवं एनसीसी के कार्यक्रम पदाधिकारियों तथा अन्य प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का मार्गदर्शन व सहयोग रहा। इस अवसर पर विशेष रूप से शिक्षक वर्ग से ड ऋचा मिश्रा, कर्मचारियों में श्री विश्वविजय, दीपक कुमार, महेन्द्र राम, आकाश कुमार आदि सहित वरिष्ठ स्वयं सेवक सचिन चौरसिया तथा गंगा सिंह कलेज की छात्रा प्रियंका कुमारी का विशेष सहयोग रहा।

### सहयोग पोर्टल के आवेदनों की गुणवत्ता पर डीएम सख्त, कम रेटिंग वाले मामलों की होगी व्यक्तिगत समीक्षा

**छपरा ।** सारण के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में सहयोग पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की प्रगति एवं गुणवत्ता की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि केवल आवेदनों का निस्तारण कर देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसका गुणवत्तापूर्ण एवं आवेदकों को संतुष्ट करने वाला समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में सहयोग पोर्टल पर अब तक कुल 16,105 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें 14,922 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है, 754 आवेदन लंबित हैं, जबकि 429 आवेदन नियमानुसार अस्वीत किए गए हैं। जिलाधिकारी ने स्वयं पोर्टल पर विभिन्न मामलों का अवलोकन कर निष्पादन की गुणवत्ता का बारीकी से परीक्षण किया। बैठक में यह भी बताया गया कि सहयोग पोर्टल पर आवेदकों द्वारा 1 से 5 तक की रेटिंग देने की व्यवस्था है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन मामलों में आवेदकों ने 1 या 2 रेटिंग दी है, उनकी संबंधित विभागीय पदाधिकारी व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करें, कम संतुष्टि के कारणों का विश्लेषण करें तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को नियमित रूप से सहयोग पोर्टल पर लग-इन कर अपने विभाग से संबंधित मामलों की निगरानी करने, लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने तथा आमजन की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी और संतोषजनक समाधान उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता (विधि-व्यवस्था), अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) सहित विभिन्न जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं सभी अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े।

### 6 जुलाई से सोनपुर में जनसंख्या परिगणना का प्रीटेस्ट,प्रगणको 'पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

**छपरा।** भारत की जनगणना के द्वितीय चरण जनसंख्या परिगणना के तहत सारण जिले के सोनपुर नगर परिषद में 6 जुलाई से प्री टेस्ट (पायलट प्रोजेक्ट) शुरू होगा। इसकी तैयारी के लिए बुधवार से प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण का उद्घाटन जनगणना निदेशालय के उप महारजिस्ट्रार मृत्युंजय कुमार ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के सफल मकान सूचीकरण के बाद अब द्वितीय एवं अंतिम चरण जनसंख्या परिगणना का है, जिसमें प्रत्येक परिवार के हर सदस्य से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्र की जाएगी। प्रत्येक व्यक्ति से करीब 40 प्रश्न पूछे जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्री टेस्ट का उद्देश्य वास्तविक परिस्थितियों में पूरी कार्यप्रणाली, तकनीक और योजना की व्यवहारिकता की जांच करना है। फील्ड में आने वाली समस्याओं और सुझावों के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर जनगणना निदेशालय को भेजी जाएगी, जिसके बाद आवश्यक संशोधन कर मुख्य जनगणना अभियान शुरू किया जाएगा। उप महारजिस्ट्रार ने बताया कि बिहार में प्री टेस्ट के लिए केवल दो स्थानों का चयन किया गया है। शहरी क्षेत्र के लिए सारण जिले का सोनपुर नगर परिषद तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए नवादा जिले का रजौली प्रखंड चुना गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री नारायण मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर्स डे धूमधाम से आयोजित



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** हर वर्ष का भांति इस बार भी बुधवार को श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल में डॉक्टर्स डे मनाया गया। सभा का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। 1 जुलाई को भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। यह दिन देश के महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। चिकित्सा के क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए 1991 से यह परंपरा शुरू हुई थी। डॉक्टर्स डे का मुख्य उद्देश्य डॉक्टरों के निःस्वार्थ समर्पण, कड़ी मेहनत और मरीजों की जान बचाने के उनके अथक प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त करना है। इस अवसर पर श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल के डीन डॉ. मनोज यादव, डॉ. नरेश झा, डॉ. ललिता, डॉ. के के झा सहित अन्य डॉक्टरों ने अपनी-अपनी बात रखी। एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं ने एकांकी नाटक की प्रस्तुति कर डॉक्टरी पेशा की बारीकीयों से मौजूद कर्मियों को अवगत कराया।

### राम जी राम योजना को लेकर पीओ ने दिया प्रषिक्षण



**महिषी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा सभागार में बुधवार को कार्यक्रम पदाधिकारी की अध्यक्षता में विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका के लिए विकसित भारत -जी राम जी नये योजना के वारे में जनप्रतिनिधि एवं कर्मी को विस्तृत योजना के क्रियान्वयन हेतु जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित पंचायत कर्मी, ग्राम पंचायत मुखिया, समिति सदस्यों को सम्बोधित करते कार्यक्रम पदाधिकारी सह प्रशिक्षक मनीष कुमार झा ने कहा कि पंचायत को पुर्ण विकसित करने के लिए सरकार नहर, बाढ़ चैनल, तालाब, सिंचाई का कुंआ, जलजमाव भुमि का पुर्नसुरक्षा, ग्रामीण सड़क, पुलिया, क्रांस ड्रैनेज, आंगणवाड़ी केन्द्र, स्कुल का चाहरदीवारी, किचेन भवन, प्रधानमंत्री आवास, ग्रामीण आजीविका, कौशल विकास केन्द्र, सामुदायिक आवास, पार्किंग, कचड़ा प्रबंधन आदि विकास कार्य अब पंचायत स्तर से किया जाएगा। उन्होंने विकसित ग्राम पंचायत प्लान बनाने हेतु विस्तृत जानकारी देते कहा कि बाढ आने से पुर्व और बाढ आने के वाद आवश्यकता अनुसार बांध का निर्माण किया जा सकता है।मौके पर भाजपा अध्यक्ष सह बीस सुत्री उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण झा, मुखिया पंकज कुमार सिंह बंगट, मुखिया प्रतिनिधि शीवेन्द्र कुमार सिंह जीशु, मो अली, पीयुष रंजन मिश्र, अशोक राय, दिनेश साह, नीतीश कुमार, पसंस कयामुल हक, बैद्यनाथ कुमार बिमल, पीआरएस सर्वेश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, श्वेता कुमारी, राजीव कुमार, अभिमन्यु कुमार, रंजीव कुमार, शिवेंद्र कुमार, सत्यवान कुमार, अजय कुमार, रंजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

### छात्र-छात्रा लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम करें सफलता स्वयम प्राप्त होगाः प्राचार्य डॉ. इंदु कुमारी



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के कुलपति एवं कुलसचिव के निदेशानुसार के आलोक में बुधवार को राजकीय डिग्री महाविद्यालय, सत्तरकटैया में स्नातक सेमेस्टर-1 के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं हेतु सत्रारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार के महामहिम राज्यपाल-सह-कुलाधिपति के वीडियो संदेश से हुआ। महामहिम ने अपने संदेश में विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमित अध्ययन और सामाजिक सरोकारों से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इंदु कुमारी ने की। अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने नवागत विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय के नियमों, शैक्षणिक वातावरण एवं सेमेस्टर प्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ.चंदन ने लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका, अंग्रेजी विभाग के डॉ.गोपाल ने वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भाषा कौशल के महत्व तथा शैलेन्द्र जी ने जीवन मूल्यों एवं चरित्र निर्माण पर अपने विचार रखे। इस दौरान शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के मध्य सार्थक संवाद भी हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासाएं रखीं। कार्यक्रम का सफल संचालन हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ.मयंक भार्गव ने किया। अंत में अर्थपाल डॉ.विवेक ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने बिहार के राज्यपाल-सह-कुलाधिपति, भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के कुलपति एवं कुलसचिव महोदय, प्राचार्य, सभी वक्ता शिक्षकों, आयोजक समिति एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्नातक प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### एमएनएस कालेज शिक्षकेतर कर्मचारी के सेवानिवृत्त पर भावभीनी विदाई



**सहरसा शहर (एनएसबी)।**सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह महाविद्यालय के शिक्षकेत्तर कर्मचारी श्याम सुंदर पौद्दार के सेवानिवृत्त होने पर प्रधानाचार्य डा अनंत कुमार सिंह, शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, सचिव सत्यम कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह के द्वारा पाग, चादर ,माला, पहनकर उन्हें सम्मानित कर उन्हें महाविद्यालय से विदाई दी गई। प्रधानाचार्य डॉ अनंत कुमार सिंह ने कहा कि श्याम सुंदर पौद्दार अपने सहकर्मी, छात्र-छात्राओं के बीच बहुत ही लोकप्रिय रहे। शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने कहा कि आज महाविद्यालय से एक ऐसे कर्मचारी का सेवानिवृत्ति हो रहा है कि लगता है कोई अपना अंग शरीर से जुदा हो रहा है, इनकी कमी हम सबों को सदा खलेगी। ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि महाविद्यालय से कार्यकाल पूरा कर आज एक सुयोग्य कर्मचारी की सेवानिवृत हो रहे हैं। सचिव सत्यम कुमार सिंह ने कहा कि श्याम सुंदर पोद्दार महाविद्यालय के किसी भी कार्य को करने के लिए सदा मौजूद रहते थे प्रधान सहायिका बबीता कुमारी ने कहा महाविद्यालय परिवार उनके सदा स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना करता है। श्याम सुंदर पोद्दार ने अपने संबोधन में भावुक होते हुए कहा कि मैं महाविद्यालय से अपना कार्यकाल पूरा कर आज विदा हो रहा हूं पर आप लोगों के द्वारा दिया गया आदर और सम्मान सदैव अपने दिल में संजो कर रखूंगा। प्रधानाचार्य कक्ष में विदाई के समय डा प्रमोद कुमार सिंह,भवानी तिवारी, किशोर नारायण सिंह, सत्यनारायण यादव, गोपाल प्रसाद यादव, शशिनाथ ,विश्वजीत कुमार सिंह, तौसीफ आलम, श्रवण कुमार मिश्रा, निलेश कुमार, ओम प्रकाश पंडित, बब्बन सिंह, संजय कुमार सिंह, अजय कुमार, मनोज कुमार सिंह, उदय कुमार ने उनके स्वास्थ्य एवं दीघार्यु होने की कामना की।

### सहुरिया में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज की भूमि का डीएम ने किया निरीक्षण, महारस में मां कात्यायनी मंदिर के जीर्णोद्धार पर हुई चर्चा

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** जिलाधिकारी दीपेश कुमार बुधवार को बनमा ईटहरी प्रखंड के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सहुरिया पंचायत एवं महारस में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज के लिए चिन्हित भूमि का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूमि की उपलब्धता, पहुंच मार्ग एवं अन्य आवश्यक पहलुओं की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि डिग्री कॉलेज की स्थापना से जुड़ी सभी प्रशासनिक एवं तकनीकी प्रक्रियाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। इसके बाद उन्होंने प्रसिद्ध मां कात्यायनी मंदिर परिसर में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर का निरीक्षण करते हुए उन्होंने मंदिर के जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण एवं श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के विकास को लेकर अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया।

# इलाज के दौरान घायल महिला की मौत, मुआवजे की मांग को लेकर चार घंटे रहा सड़क जाम



सड़क जाम कर रहे लोगों को समझाती पुलिस

**सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** काशनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत मौरा चैंक समीप बुधवार की सुबह सोनवर्षा खाड़ा मुख्य मार्ग पर महिला के शव को रख कर आक्रोशित लोगों ने चार घंटा आवागमन बाधित रखा। मालूम हो कि बीते 24 जून को सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई महिला की मंगलवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई। प्रदर्शनकारियों ने जमकर हंगामा किया। प्रदर्शनकारी मृतका के परिजनों को सरकारी मुआवजा एवं आर्थिक सहायता देने की मांग कर रहे थे। पुलिस के आश्वासन के बाद जाम समाप्त हुआ। मृतका की पहचान खगड़िया जिले के मानसी वार्ड 17 निवासी अरुण साह की 35 वर्षीय पत्नी मंजू देवी के रूप में हुई है। बताया गया कि मंजू देवी का मायका सोनवर्षा राज नगर क्षेत्र के दक्षिण टोला में है। वह 24 जून को अपनी मां के घर आई थीं। यहां से अपनी मौसी के घर बसनहीं थाना क्षेत्र के पीपरा गांव में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए सीएनजी वाहन से जा रही थीं। इसी दौरान रास्ते में सीएनजी अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद में एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार रात उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। उन्होंने माली चैकदखारा मुख्य मार्ग स्थित मोरा चैक पर शव रखकर सड़क जाम कर दिया। करीब चार घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह प्रभावित रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया और सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम समाप्त हुआ। वहीं इस संबंध में काशनगर थाना अध्यक्ष बजरंगी कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा जा रहा है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## उटेशरा में किसान की बेरहमी से पीट-पीट कर हत्या, ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन, दो गिरफ्तार

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के सलखुआ थाना क्षेत्र के उटेशरा गांव में देर रात आपसी विवाद में एक किसान की बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान उटेशरा निवासी शत्रुघ्न यादव के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में तनाव और शोक का माहौल बन गया है। परिजनों के मुताबिक मंगलवार रात शत्रुघ्न यादव अपने घर पर थे तभी पड़ोसी और उनके परिजनों ने अचानक उन पर लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। घटनास्थल पर चीख-पुकार से जब तक आसपास के लोग पहुंचे, तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। गंभीर रूप से घायल शत्रुघ्न को आनन-फानन में सहरसा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हुई। आक्रोशित परिजन व ग्रामीणों ने न्याय की मांग करते हुए शव को सलखुआ ब्लॉक चैक पर रखकर मुख्य सड़क जाम कर दी, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया और लंबी गाड़ियों की कतारें लग गई। मृतक के परिजन और ग्रामीणों ने घटना में शामिल बाकी आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक समेत वरिष्ठ अधिकारी भारी पुलिसबल के साथ पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए परिजनों को समझाया। पुलिस ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर कुल 9 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। फिलहाल दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और बाकी फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी दोषी सलाखों के पीछे होंगे। एसपी के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटा दिया और पुलिस ने शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय प्रशासन ने भी घटना के बाद शांति बनाए रखने की अपील की है।




सलखुआ थाना में मृतक देखने उमड़ी भीड़

## छात्र-छात्रा अनुशासन, परिश्रम व समर्पण से संस्थान का नाम रोशन करेंगेः प्राचार्य

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** एमएलटी महाविद्यालय में स्नातक सेमेस्टर-1 के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए सत्रारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक परंपरा, अनुशासन एवं समग्र विकास की रूपरेखा से परिचित कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन एवं स्वागत भाषण से हुआ। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल-सह-कुलाधिपति महोदय का प्रेरणादायक वीडियो संदेश नवागत विद्यार्थियों को सुनवाया गया। अपने संदेश में महामहिम ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के महत्व, नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर बल देते हुए नियमित अध्ययन, नवाचार तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षीय भाषण देते हुए प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का गौरवशाली इतिहास रहा है और नए विद्यार्थियों से अपेक्षा है कि वे अनुशासन, परिश्रम एवं समर्पण से संस्थान का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने नई शिक्षा नीति, सेमेस्टर प्रणाली तथा एनएसएस के माध्यम से व्यक्तित्व विकास के अवसरों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में परीक्षा नियंत्रक-सह-एनएसएस कार्यक्रम संयोजक डॉ.बलवीर कुमार झा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने माननीय राज्यपाल, प्राचार्य, सभी शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों, एनएसएस स्वयंसेवकों तथा उपस्थित छात्र छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ.सुमन झा, शिक्षक प्रतिनिधि सदस्य डॉ.संजीव झा, डॉ.विनीत शर्मा, डॉ.बी.एन.झा, डॉ.कौशल किशोर झा, डॉ.दीप्ति कुमारी, डॉ.वीणा कुमारी, डॉ.अन्नू कुमारी, डॉ.संयुक्ता कुमारी, डॉ.जयंता गांगुली,डॉ.आदित्य पाठक, डॉ.हिमांशु कुमार, डॉ.अक्षय सिद्धांत, डॉ.रौशन कुंवर, डॉ.महेश राम, डॉ मुकेश कुमार, डॉ. गोपाल झा, डॉ.अरविंद, डॉ.एकता, डॉ आनंद कुमार, डॉ.कोमल वर्मा सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नवप्रवेशित छात्र-छात्राऐं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों द्वारा किया गया।



मौके पर कॉलेज कर्मी व छात्र-छात्रा

## आवास से बाल-दाढ़ी बनाकर लौट रहे 47 वर्षीय श्याम ठाकुर को वाहन ने मारी टक्कर; हुई मौत

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** सदर थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में नाई की मौत हो गई। मृतक की पहचान सौर बाजार थाना क्षेत्र के खैरा गांव निवासी 47 वर्षीय श्याम ठाकुर के रूप में हुई है। वह मंगलवार रात डीडीसी आवास से बाल-दाढ़ी बनाकर लौट रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। श्याम ठाकुर सहरसा शहर के डीबी रोड स्थित जिला परिषद प्रांगण में कई वर्षों से सैलून चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। मंगलवार रात करीब 8 बजे वह सहरसा के उप विकास आयुक्त के आवास पर बाल-दाढ़ी बनाने गए थे। रात लगभग 10 बजे अपनी साइकिल से डीबी रोड स्थित अपने ठिकाने पर लौटते समय डीडीसी आवास के समीप ही एक अज्ञात बाइक सवार ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से श्याम ठाकुर सड़क पर गिर गए और उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद डीडीसी सहित अन्य कर्मियों ने घायल श्याम ठाकुर को इलाज के लिए सहरसा सदर अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, देर रात करीब 12 बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के बेटे गौरव कुमार को जिला उप विकास आयुक्त ने फोन पर घटना की जानकारी दी। मौत के बाद पूरे परिवार में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस बुधवार की सुबह शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। श्याम ठाकुर अपने चार भाइयों में तीसरे थे और उनके दो बेटे तथा एक बेटी है। एक बेटा और एक बेटी विवाहित हैं, जबकि एक बेटा अविवाहित है। बुधवार को सहरसा सदर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सदर थानाध्यक्ष अजय कुमार पासवान ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।



पोस्टमार्टम को लेकर जाते षव

### खेल मैदान एवं सड़क के अतिक्रमण हटाने को लेकर सीओ को दिए आवेदन पर कार्रवाई नहीं

**सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत बरैठ पंचायत के अमृता गांव के ग्रामिणों द्वारा सोनवर्षा के सीओ को लिखित आवेदन देकर गांव के खेल मैदान व सडक की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने का गुहार लगाया है। लेकिन इसके बावजूद इस मामले में अंचलाधिकारी सोनवर्षा के द्वारा कोई कारवाई नहीं होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जबकि ग्रामीणों के सामुहिक आवेदन पर पंचायत के मुखिया ललन यादव द्वारा भी अनुशंसा की गई है। उपलब्ध आवेदन अनुसार अमृता मौजा के वार्ड नं 4 में खाता संख्या 536,खेसरा संख्या 1737 रकबा 1 एकड 33 डी जिसकी लंबाई करीब 120 फीट है। इस जमीन के आगे और पीछे सडक बनी हुई है। लेकिन बीच की 120 फीट जमीन के अतिक्रमित होने से आधे अधुरे सडक किसी काम का नहीं है।अंचल प्रशासन द्वारा बीच के जमीन का सिमांकन कर दिए जाने पर न केवल विकसित भारत जी राम जी के तहत ग्रामीणों को रोजगार प्राप्त हो जाता बल्कि आधे अधुरे सडक का उपयोग भी हो जाता।

### कोसी में गूंजे वीर शहीदों के जयकारे, 171वीं वर्षगांठ पर संथाल समाज ने किया नमन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज 1855 के संथाल हुल की गौरवगाथा एक बार फिर कोसी की धरती पर जीवंत हो उठी। सहरसा जिले के सोनवर्षा प्रखंड स्थित हाथीकरण संथाल टोला के वीर शहीद प्रधान टुडू कीड़ा मैदान में संथाल समाज ने बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ 171वां हुल दिवस मनाया। आदिवासी उमूल एकता संगठन, कोसी क्षेत्र के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में संथाल समुदाय के महिला और पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में एकत्रित हुए। श्रद्धांजलि सभा के दौरान 1855 के उन वीर नायकों को नमन किया गया, जिन्होंने जल-जंगल-जमीन और अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संगठन के अध्यक्ष विजेंद्र हांसदा ने कहा, संथाल हुल के शहीदों का बलिदान केवल इतिहास का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह हमारे लिए निरंतर प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम में एकता और आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए समाज के सभी वर्गों ने एकजुट रहने का आह्वान किया। इस गरिमामयी समारोह में कोषाध्यक्ष दिनेश टुडू, सचिव शिवनंदन टुडू, सुनील हेंब्रम, देवलाल मुर्मू, रूपेश हांसदा, रामश्री सोरेन, मदन मुर्मू, जागेश्वर सोरेन, बाबूलाल सोरेन, हेमंत मुर्मू, हीरालाल हेंब्रम, मनोज टुडू, लालजी मरांडी, जलाल मरांडी, रमेश हांसदा, अजय मुर्मू, बाबूलाल हांसदा, छोटेलाल हांसदा, दरबारी सोरेन, अनिल मरांडी, अशोक हेंब्रम के साथ लोजपा के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार पासवान और अरविंद कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भगवान शिव की शिष्यता और उनका प्रभाव संगोष्ठी आयोजित



सम्बोधित करते भाई परमेश्वर

**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा) (एनएसबी)।** अंचल क्षेत्र के मोहम्मदपुर पंचायत अन्तर्गत बैडी मां बिषहारा भगवती स्थान में बुधवार को भगवान शिव और उनकी शिष्यता का मानव जीवन पर प्रभाव बिषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते भाई परमेश्वर ने कहा कि आध्यात्मिक ग्रन्थ एवं ऋषि मुनियों ने भगवान शिव को जगत गुरु कहा लेकिन शिव शिष्य साहब श्री हरिन्द्रानन्द जी ने उन्ही जगत गुरु भगवान शिव को जन जन के गुरु हों इसके लिए लोगों को संवाद देना प्रारंभ किया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव जो शरीर में दिखाई नही देते लेकिन व्यवहार में गुरु का काम करते हैं। उन्होंने शिव शिष्यों से आग्रह करते कहा कि शिष्य भाव के स्थिति में अपने गुरु पर आस्था रखें, अंधविश्वास नही।उन्होंने कहा कि शिव से प्राप्त दया को अहंकार बनने ना दें क्योंकि मेरे और आपके यही अहंकार हम सबों को शिव के शिष्य नही बनने देगा। उन्होंने कहा कि शिव के विभिन्न देवता स्वरुपों की पुजा पाठ एवं उनसे जुड़ाव की प्रक्रिया भारत में स्थापित रही लेकिन भारतीय जनमानस में भगवान शिव को अपना शिष्य का भाव ना जाने किन कारणों से अर्पित नही किया गया। उन्होंने कहा कि इस कालखंड के प्रथम शिव के शिष्य साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी ने अश्रृद्धा,अविश्वास,और संशय की मनरूस्थिति में शिव को अपना गुरु मानकर शिष्य भाव देने के क्रम में पाया कि वर्तमान कालखंड में भगवान शिव और उनकी शिष्यता लौकिक पारलौकिक मनोरथ सिद्धि के लिए सार्थक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन सहरसा ने लगातार आध्यात्मिक बैठक का आयोजन कर जनमानस से आह्वान किया कि भगवान शिव को गुरु मानकर अपना शिष्य भाव अर्पित करें। उन्होंने कहा कि मूल मानवीय गुणों से जब मानव का मन भटकने लगता है तब शिव की शिष्यता ही मानव में अवगुणों को त्याग करने की प्रेरणा देते हैं।उन्होंने कहा कि शिव की शिष्यता को स्वयं भगवान शिव ने साहब श्री के माध्यम से अपने दया की बसात से प्रमाणित किया जो समाज में आज परिलक्षित हो रहा है।उन्होंने कहा कि इसके लिए स्वयं शिव ने साहब श्री के माध्यम से अनुभूति के तौर पर सहायक स्वरुप तीन सुत्र प्रतिपादित किए जिनके सहारे शिव के शिष्य एवं शिष्याओं के जीवन में परिणाम उतर रहा है। मौके पर जटेश्वर राय ललन, चंदन मुखिया, गजेन्द्र यादव, चुना झा, शशी यादव, बुलुर मुखिया, विमल बढ़ई, अनिल यादव, विनय यादव, श्याम मिस्त्री, बबलु यादव, फुलेश्वर यादव, चतुर यादव, सुभाष यादव, गुरु बहन किरण, आरती, सुलोचना, शांति आदि ने कहा कि शिव गुरु ही एक उपाय है जिसे शिष्य भाव अर्पित करने से आपके जीवन में अच्छे परिणाम की अनुभूति होगी।

# डीएम ने तटबंध और विद्यालयों का किया निरीक्षण

दैनिक नवसंदेश

**खगड़िया/बेलदौर।** बेलदौर प्रखंड के लिए बुधवार का दिन बेहद अहम रहा। इस दिन जिला पदाधिकारी विक्रम विरकर ने सुबह से शाम तक ताबड़तोड़ दौरे कर जमीनी हकीकत टटोली। कोसी के कटाव से लेकर झोपड़ी में चल रहे स्कूल, कुर्बन के एकमात्र डिग्री कॉलेज और बाढ़ पूर्व तैयारियों तक हर मुद्दे को डीएम ने करीब से देखा और तुरंत एक्शन लेने को कहा।

डीएम का काफिला सबसे पहले इतमादी पंचायत के स्वर्णपुरी गांव पहुंचा। यहां कोसी नदी का कटाव तेजी से गांव की ओर बढ़ रहा है। डीएम ने कटाव स्थल का बारीकी से मुआयना किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि हर साल कटाव से दर्जनों बीघा जमीन नदी में समा जाती है। डीएम ने सिंचाई विभाग और अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि कटावरोधी कार्य में तेजी लाएं और संवेदनशील इलाकों की तत्काल मैपिंग कराएं।

## राजकीय डिग्री कॉलेज, कुर्बन में नए सत्र का किया शुभारंभ


निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते जिलाधिकारी विक्रम विरकर।

**बहुत जल्द तुम्हारे लिए पक्का भवन बनेगा, ये मेरा वादा है- खगड़िया के डीएम ने यह वादा प्राथमिक विद्यालय स्वर्णपुरी के बच्चों से किया है**

कटाव स्थल के बाद डीएम प्राथमिक विद्यालय स्वर्णपुरी पहुंचे तो नजारा देख स्तब्ध रह गए। सैकड़ों बच्चे टूटी-फूटी झोपड़ी में जमीन पर बैठकर पढ़ रहे थे। न बेंच, न ब्लैकबोर्ड और न शौचालय। डीएम ने बच्चों से घुल-मिलकर बात की। इस दौरान एक बच्ची ने कहा कि -सर कब पक्का स्कूल मिलेगा। इस पर डीएम ने तुरंत आश्वासन दिया -बहुत जल्द तुम्हारे लिए पक्का भवन बनेगा, ये मेरा वादा है। उन्होंने मौके पर ही बीईओ को 15 दिन में डीपीआर तैयार करने का आदेश दिया।

इसके बाद डीएम का काफिला कुर्बन स्थित डिग्री कॉलेज पहुंचा। बेलदौर प्रखंड का एकमात्र राजकीय डिग्री कॉलेज कुर्बन पंचायत में स्थित है। एक जुलाई से यहां नया सत्र शुरू हुआ। डीएम ने दीक्षारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अभिभावकों से कहा - बेटा-बेटी को घर बैठाने से बेहतर है कलेज भेजें। छात्र-छात्राओं से नामांकन बढ़ाने की अपील की। कॉलेज की बदहाली देख डीएम ने नाराजगी जताई। डीएम ने इंटर विद्यालय कुर्बन में क्लास रूम में जाकर बच्चों से सीधी बात की। पढ़ाई, शिक्षकों की उपस्थिति सब जांचा। बच्चों ने शिक्षकों की कमी बताई। डीएम ने बीईओ को शिक्षक रेशनलाइजेशन और अतिथि शिक्षकों की तैनाती का निर्देश दिया।

बाढ़ के अलर्ट को लेकर आईटी भवन में मंथन किया। निर्देश दिया कि इस बार कोई लापरवाही नहीं होना चाहिए। दौरे का यह आखिरी पड़ाव था। यहां डीएम ने प्रखंड, अनुमंडल और जिला स्तरीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बाढ़ पूर्व समीक्षा बैठक की। मीटिंग रूम में डीएम का तेवर सख्त था। उन्होंने कहा कोसी नदी बेलदौर के लिए हर साल चुनौती है। डीएम के 5 बड़े निर्देश दिए -सभी बांधों की मरम्मत 15 दिन में पूरी हो, नाव, लाइफ जैकेट, राहत सामग्री का बफर स्टॉक अभी से तैयार रखें, बाढ़ चौकियों पर चौबीस घंटे कर्मी तैनात हों, संवेदनशील गांवों में व्हाट्सएप ग्रुप बने ,जनप्रतिनिधि वार्ड स्तर पर मॉनिटरिंग करें, लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जनप्रतिनिधियों ने कटाव, पलायन और मुआवजे का मुद्दा उठाया। डीएम ने हर बिंदु को नोट किया और संबंधित पदाधिकारी को जवाबदेह बनाया। गोगरी एसडीओ संजय कुमार, अंचलाधिकारी अमित कुमार, बीडीओ सतीश कुमार, बीपीआरओ प्रमोद पासवान, बीईओ मनोहर कुमार, नगर पंचायत ईओ, कल्याण पदाधिकारी नितेश कुमार, जिप सदस्य प्रतिनिधि गोपाल यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष अनिल सिंह, मुखिया रजनीकांत राहुल सहित दर्जनों अधिकारी और मुखिया मौजूद रहे। बताते चलें कि कोसी के कटाव और बाढ़ की मार झेल रहे बेलदौर को डीएम के इस दौरे से उम्मीद जगी है।

## आशा कार्यकर्ताओं की हड़ताल नौवें दिन भी जारी

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** अनुमंडलीय अस्पताल में बुधवार को नौवें दिन भी आशा कार्यकर्ताओं ने काम का बहिष्कार करते हुए हड़ताल जारी रखी। इस दौरान वे अनुमंडलीय अस्पताल में धरने पर बैठी रहीं। गोगरी प्रखंड के आशा संघ की ओर से कहा गया कि हमारी कई मांगें हैं, जिनमें बकाए वेतन का भुगतान, स्थाई कर्मचारी का दर्जा देने, 21 हजार वेतन निर्धारित की जाय, रिटायरमेंट पैकेज दिया जाय, आजीवन पेंशन लागू की जाय आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 23 जून से आशा कार्यकर्ताओं की हड़ताल जारी है । इन मांगों को पूरा करने के लिए सरकार को भी अल्टीमेटम देकर हरेक जगह मांग पत्र सौंपा गया है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और भी तेज किया जाएगा। आशा कार्यकर्ताओं के हड़ताल पर जाने के कारण पल्स पोलियो जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हुए हैं। धरना में काफी संख्या में आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### किसान पर चलाई गोली, भागकर बचायी जान

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** खेत में बुवाई कर रहे किसान पर अपराधियों ने गोली चलाई गई। किसान ने मौके से भागकर जान बचाई। घटना कुर्बन पंचायत स्थित ददरौजा विष्णु बाबा स्थान के पास की है। घटना बेलदौर थाना क्षेत्र के इतमादी पंचायत के स्वर्णपुरी गांव निवासी रघु मंडल के साथ हुई। गोली चलाने वाले आरोपी की पहचान होगई है। पुलिस के अनुसार आरोपी कुख्यात अपराधी है। उस पर बेलदौर थाने में आर्म्स एक्ट समेत कई अन्य आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। बेलदौर थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित किसान की तरफ से अब तक आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलते ही मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी

### खगड़िया में पच्चीस हजार का ईनामी अपराधी गिरफ्तार

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** कुख्यात प्रियदर्शी उर्फ टुड्ढ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी भानुप्रताप सिंह ने बताया कि पच्चीस हजार के ईनामी कुख्यात प्रियदर्शी उर्फ टुड्डू को गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ महेशखूंट थाने में दो जबकि मानसी एवं पसराहा थाने में एक-एक मामला दर्ज है। एसपी ने कहा कि प्रियदर्शी की लंबे समय से तलाश थी।

### कुत्ते के काटने के एक सप्ताह बाद बच्चे की मौत, हंगामा

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** तेलौछ पंचायत के वार्ड संख्या 9 फरेंह गांव में कुत्ते के काटने के एक सप्ताह बाद आठ वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक फरेंह निवासी स्व. पवन सिंह का पुत्र अंशुमान कुमार था। घटना के बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए चौथम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में हंगामा किया। जानकारी के अनुसार, 22 जून को अंशुमान खेल रहा था, तभी उसे आवारा कुत्ते ने काट लिया। परिजन उसे चौथम सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद एंटी-रेबीज का टीका लगाया और निर्धारित समय पर आगे के टीके लगवाने की सलाह दी। बताया गया कि सोमवार को बच्चे को निर्धारित टीका लगाने के बाद घर भेज दिया गया था। मंगलवार देर शाम उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। परिजनों के अनुसार, उसके शरीर पर काले धब्बे उभर आए, जिसे वे दवा की प्रतिक्रिया मान रहे थे। देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बुधवार को बच्चे की मौत के बाद परिजन शव लेकर चौथम थाने पहुंचे। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने चौथम सीएचसी पहुंचकर डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मृतक की मां रेणु देवी ने आरोप लगाया कि बच्चे की मौत गलत दवा या दवा की अधिक मात्रा देने के कारण हुई है। घटना की सूचना मिलने पर चौथम पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर स्थिति को शांत कराया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए खगड़िया सदर अस्पताल भेज दिया। चौथम थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट एवं जांच के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। हालांकि परिजनों द्वारा लगाए गए इलाज में लापरवाही के आरोप की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

### अध्ययन सामग्री के रूप में तकनीक का इस्तेमाल जरूर करें : डॉ. रोशन

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** केडीएस कॉलेज गोगरी में प्राचार्य डॉ. रोशन रवि की अध्यक्षता में महाविद्यालय के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए परिचय व मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के सभी विभाग के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों से परिचय कराया गया साथ ही महाविद्यालय की शैक्षणिक प्रणाली से भी अवगत कराया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. रोशन रवि ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य तभी प्राप्त किया जा सकता है जब आप समय का सदुपयोग करते हैं। अनुशासन किसी भी व्यक्ति के जीवन में सफलता की कुंजी है। किसी भी सामूहिक कार्य को करते समय अथवा सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के समय जब इस प्रक्रिया को आप अपनाते हैं, तब आप स्वतः उस कार्य के सकारात्मक परिणाम की तरफ निकल पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री के रूप में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक का इस्तेमाल अवश्य करना चाहिए। तकनीक के इस्तेमाल से न केवल समय का सदुपयोग होता है बल्कि आपके चिंतन शक्ति का भी विकास होता है। आप देश दुनिया के शोध और नवाचार से परिचित होते हैं तथा आपको अध्ययन संबंधी नई दृष्टि मिलती है। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार, अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल ठाकुर, दर्शनशास्त्र डॉ. वर्षा किरण, डॉ. अजीत गौतम और डॉ. जीपी ठाकुर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। मौके पर शिक्षकेत्तर कर्मचारी, प्रधान सहायक इन्द्रदेव मंडल, पंकज कुमार, अमिता कुमार, बबलू कुमार, पवन यादवेश, मीरा देवी भी मौजूद रहे। सीनियर छात्रों संजीत कुमार, अंकुश कुमार और अंकिता कुमारी ने नए विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए।



### 64 लाख की लागत से दो महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारंभ

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** नगर परिषद खगड़िया के वार्ड संख्या-15 को करीब 64,28,528 रुपए की दो महत्वपूर्ण विकास योजनाओं की बड़ी सौगात मिली है। नगर सभापति अर्चना कुमारी ने दाननगर में आयोजित समारोह में दोनों योजनाओं का उद्घाटन एवं शुभारंभ किया। मौके पर क्षेत्रवासियों ने नगर सभापति का स्वागत करते हुए इन योजनाओं को वार्ड के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। सबसे पहले दाननगर मुख्य मार्ग में करीब 29,90,244 रुपए की लागत से बनने वाले आरसीसी नाला निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। लंबे समय से इस क्षेत्र के लोगों को जल निकासी की समस्या से जूझना पड़ता था। बरसात के मौसम में सड़क पर पानी जमा हो जाने से आवागमन बाधित हो जाता था और लोगों को काफी परेशानी होती थी। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि नाला निर्माण से जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान होगा। इसके बाद दाननगर में ही करीब 34,38,284 रुपए की लागत से बनने वाली पीसीसी सड़क एवं आरसीसी नाला निर्माण योजना का शुभारंभ किया गया। इस योजना से क्षेत्र की सड़क व्यवस्था मजबूत होने के साथ-साथ जल निकासी व्यवस्था में भी व्यापक सुधार होगा। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि यह सड़क वर्षों से जर्जर थी और बरसात में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब नई सड़क और नाला बनने से पूरे मोहल्ले की तस्वीर बदल जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर सभापति अर्चना कुमारी ने कहा कि नगर परिषद का लक्ष्य केवल विकास योजनाओं की घोषणा करना नहीं, बल्कि उन्हें समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारना है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सड़क, नाला, पुलिया, सामुदायिक शौचालय, जल निकासी, सौंदर्यीकरण तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं पर लगातार कार्य किया जा रहा है।

## सशक्त और आत्मनिर्भर जीवन का सबसे प्रभावी माध्यम है शिक्षा : एसडीओ

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के एकमात्र महिला महाविद्यालय में स्नातक शैक्षणिक सत्र 2026-30 की नव नामांकित छात्राओं के प्रथम इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांसतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से परिचित कराना था। मुख्य अतिथि खगड़िया सदर के अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय कुमार तथा महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. तौसीफ मोहसिन ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर बंदे मातरम, बिहार गान स्वागत गान की प्रस्तुति छात्राओं ने दी।

प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि उच्च शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, आत्मनिर्भरता और सामाजिक उत्तरदायित्व का आधार है। उन्होंने छात्राओं से नियमित अध्ययन, अनुशासन तथा महाविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।



इंडक्शन मीट को संबोधित करते एसडीओ (बाएं) और कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं।

मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय कुमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की बेटियां प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। उन्होंने छात्राओं से बड़े लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया तथा शिक्षा को सशक्त और आत्मनिर्भर जीवन का सबसे प्रभावी माध्यम बताया। बिहार सरकार छात्रों के लिए अनेकों योजनाएं, निःशुल्क शिक्षा, प्रशिक्षण कार्यक्रम, स्कॉलरशिप, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड जैसी सुविधाएं देकर आगे बढ़ा रही है। सरकारी आंकड़े के अनुसार 16 फीसद छात्राएं ही स्नातक की पढ़ाई कर पा रहीं हैं। उन्होंने कहा छात्रों को कोई भी कठिनाई हो तो सहयोग के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे। कभी भी आकर मिल सकतीं हैं, छात्राएं भय मुक्त होकर उच्च शिक्षा की डिग्री प्राप्त करें और राष्ट्र के निर्माण में महत्व भूमिका निभाएं। राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष वरीय सहायक प्रो. डॉ. कुमार प्रभाष ने छात्राओं से कहा महाविद्यालय की शैक्षणिक के साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी ज्यादा से ज्यादा में रुचि लेने का आग्रह किया। मंच संचालन डॉ. कुमारी प्रियंका ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. सिद्धार्थ गौतम, डॉ. इंद्र भूषण सिंह, डॉ. उत्तम पासवान, डॉ. कमलेश, डॉ. उद्यमी, डॉ. प्रमिला सिन्हा और डॉ. मोनिका सहित बड़ी संख्या में नव नामांकित छात्राएं उपस्थित थीं।

**जिले के एकमात्र महिला महाविद्यालय में स्नातक शैक्षणिक सत्र-2026-30 की नव नामांकित छात्राओं के लिए इंडक्शन मीट का किया गया आयोजन**

## सीओ ने एससी-एसटी एक्ट के तहत थाने में दर्ज कराया केस

**परबत्ता (दैनिक नवसंदेश)।** अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी हरिनाथ राम के साथ मारपीट, अभद्र व्यवहार, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और जातिसूचक टिप्पणी करने के मामले में परबत्ता थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के साथ एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दर्ज आवेदन के अनुसार, मंगलवार को सीओ हरिनाथ राम अपने कार्यालय कक्ष में राजस्व एवं दाखिल-खारिज से संबंधित मामलों की सुनवाई कर रहे थे। इसी दौरान सलारपुर गांव निवासी अनोज कुमार सिंह अपने कुछ सहयोगियों के साथ अंचल कार्यालय पहुंचा और महिला कर्मी के साथ अभद्र व्यवहार करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने सरकारी दस्तावेज फाड़ दिए, कार्यालय में हंगामा किया और सीओ के साथ लात-घूंसों से मारपीट की। जान से मारने की नीयत से उनका गला दबाने तथा गले से सोने की चेन छीन लेने का भी आरोप है। सीओ ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया तथा सरकारी कार्य नहीं करने देने और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के अनुसार, कार्यालय कर्मियों और सुरक्षा गार्ड की मदद से आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से चाकू बरामद होने की बात भी आवेदन में कही गई है। घटना के बाद सीओ की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। परबत्ता पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## पुलिस अधीक्षक का भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने किया स्वागत

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** भारतीय जनता पार्टी के एक शिष्टमंडल ने जिले की नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक भानु प्रताप सिंह से शिष्टाचार मुलाकात कर उनका स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भाजपा जिला महामंत्री डॉ. इंदु भूषण कुशवाहा ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने पुलिस अधीक्षक को पुष्पगुच्छ, पौधा एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

जिला महामंत्री डॉ. इंदु भूषण कुशवाहा ने कहा कि खगड़िया एक शांतिप्रिय जिला है और यहां कानून-व्यवस्था को और अधिक सुढ़ बनाने, अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने में पुलिस प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नये पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन जनसरोकारों के प्रति संवेदनशील रहते हुए निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्य करेगा तथा आम जनता को बेहतर पुलिस व्यवस्था उपलब्ध होगी। पुलिस अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने भाजपा प्रतिनिधिमंडल का धन्यवाद देते हुए कहा कि कानून का राज स्थापित करना, अपराध पर प्रभावी नियंत्रण, आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान तथा पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने सभी नागरिकों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। शिष्टमंडल में प्रदेश परिषद सदस्य डॉ. सलिल यादव, जय ष्णा सिंह पटेल, जिला महामंत्री नीतीश कुमार, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद शाह, जितेंद्र यादव, ममता देवी, प्रीति प्रिया, जिला मंत्री नवीन सिन्हा, मधु देवी, जिला कोषाध्यक्ष मृत्युंजय झा, जिला मीडिया प्रभारी सह मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार राय ,जिला प्रवक्ता इंजीनियर धर्मेंद्र यादव, उदय भास्कर, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विकास पोद्दार, ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री अभिजीत निगम, युवा मोर्चा जिला महामंत्री प्रताप रवि सिंह, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मुस्कान शर्मा सहित भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


एसपी को सम्मानित करते भाजपा नेता।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले छात्र सम्मानित



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** एसएल डीएवी पब्लिक स्कूल के पूर्ववर्ती छात्रों ने 70वीं बीपीएससी की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यहां के छात्र रहे वैभव वत्सल ने 70वीं बीपीएससी परीक्षा में 41 वीं रैंक प्राप्त किया, वहीं लकी कुमार ने जेईई में ऑल इंडिया रैंक 2698 लाया है।

इसको लेकर बुधवार को एसएल डीएवी पब्लिक स्कूल में बच्चों के विशेष प्रातः कालीन सभा में इन पूर्ववर्ती छात्रों, वैभव वत्सल, लकी कुमार, प्रतीक कुमार और सुमन राज और उनके माता-पिता को सम्मानित किया गया। स्कूल के 2014 बैच के छात्र वैभव वत्सल को एसडीएम पद मिला है। वहीं 2024 बैच के लकी कुमार, प्रतीक कुमार और सुमन राज ने जेईई में सफलता हासिल की है। इनका चयन आईआईटी रुड़की और आईआईटी बीएचयू के लिए हुआ है। बच्चों को संबोधित करते हुए स्कूल की प्राचार्या उमा मिश्रा ने कहा कि इन बच्चों ने अपनी मेहनत और लगन से यह उपलब्धि हासिल की है। वैभव वत्सल ने अपने संबोधन में बच्चों से कहा कि उन्हें शिक्षकों की बातों का अनुसरण करना चाहिए, उन्हें आत्मसात करना चाहिए। कठिन परिश्रम और नियमित अध्ययन करके आज वे सफल हुए हैं। बच्चे इस रास्ते पर चलें तो निश्चित रूप से सफल होंगे। आईआईटी के लिए चयनित लकी कुमार ने कहा कि बच्चों को शिक्षकों की बातों को गंभीरता से लेना चाहिए, सुमन राज और प्रतीक कुमार ने कहा कि कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। इस अवसर पर प्राचार्या ने सभी को मोमेंटो, शॉल और इनके माता-पिता को शॉल देकर सम्मानित किया।

## मध्य विद्यालय के मर्जर पर पुनर्विचार की मांग

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** पीएम श्री योजना के तहत स्कूलों के मर्जर के विरोध में बेलदौर नगर पंचायत के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने आवेदन जिला पदाधिकारी को दिया है। आदर्श मध्य विद्यालय बेलदौर के पोषक क्षेत्र के अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने आवेदन में स्कूल के प्रस्तावित मर्जर पर पुनर्विचार की मांग की है।

डीएम को दिए गए आवेदन के अनुसार, ज्ञापांक 458 दिनांक 20/02/2025 के आलोक में बेलदौर नगर पंचायत अंतर्गत आदर्श मध्य विद्यालय बेलदौर को गांधी इंटर विद्यालय बेलदौर में मर्ज किया जा चुका है। छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने पीएम श्री योजना के तहत आदर्श मध्य विद्यालय बेलदौर की जगह कन्या मध्य विद्यालय बेलदौर को मर्ज करने करने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि दूरी के लिहाज से कन्या विघालय नजदीक होने से गांधी इंटर विद्यालय मर्ज करना ज्यादा तर्कसंगत होगा। कन्या मध्य विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक कुल 732 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं और रोजाना 500 से अधिक बच्चों की उपस्थिति रहती है। इसके बावजूद स्कूल के पास न तो पर्याप्त कमरे हैं, न मैदान और न ही कार्यालय की सुविधा। नई कक्षाओं के निर्माण के लिए जमीन भी उपलब्ध नहीं है। अत्यंत संकुचित जगह में पढ़ाई बाधित हो रही है। वहीं मध्य विद्यालय बेलदौर में कक्षा 1 से 8 तक के लिए समुचित कमरे, मैदान और कार्यालय पहले से मौजूद हैं। आवेदन में यह भी जताया गया है कि अगर कन्या स्कूल के बच्चों को गांधी इंटर तक भेजा गया तो उन्हें व्यस्त सड़क पार करनी पड़ेगी, जिससे किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी। अभिभावकों ने डीएम से आग्रह किया है कि पीएम श्री योजना के तहत कन्या मध्य विद्यालय बेलदौर को गांधी इंटर विद्यालय में मर्ज किया जाए। इससे बच्चों को सुरक्षित माहौल और बेहतर संसाधन मिल सकेंगे और पढ़ाई सुचारू रूप से हो सकेगी। अभिभावक निक्की ठाकुर, संजय कुमार शर्मा, राजकमल कुमार, सुदर्शन कुमार, पंकज कुमार, रंजीत गुप्ता, गुरुदेव कुमार, चुन्नी देवी, मीरा देवी, देवरानी कुमारी, संगीता देवी, नर्सिंग साह, शीला कुमारी समेत दर्जनों अभिभावकों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया है।

**पीएम श्री योजना के तहत आदर्श मध्य विद्यालय बेलदौर के मर्जर का है प्रस्ताव**

## दस दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड अंतर्गत मध्य बोरने पंचायत के करूवा मोर रूपणी गांव स्थित दुर्गा स्थान प्रांगण में आयोजित होने वाले 10 दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ को लेकर बुधवार की सुबह भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। धार्मिक आस्था और श्रद्धा से ओत-प्रोत इस शोभायात्रा में 501 कुमारी कन्याओं एवं महिलाओं ने भाग लेकर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल में सराबोर कर दिया। शोभायात्रा की शुरुआत दुर्गा स्थान यज्ञ स्थल से हुई, जहां सभी श्रद्धालु खाली कलश लेकर पदयात्रा करते हुए मध्य बोरने पंचायत स्थित देवका भगवती स्थान, चंद्रकुप पहुंचे। वहां वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ कलश में पवित्र जल भरा गया। इसके बाद सभी श्रद्धालु जल से भरे कलश को सिर पर धारण कर पुनः पदयात्रा करते हुए गांव का भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पहुंचे, जहां कलशों की विधिवत स्थापना की गई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा 'हर-हर महादेव', 'राधे-राधे' और 'जय श्रीष्ण' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। शोभायात्रा के दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह श्रद्धालुओं का स्वागत किया। यज्ञ स्थल पर पहुंचने के बाद ग्रामीणों द्वारा कुमारी कन्याओं, महिलाओं तथा अन्य श्रद्धालुओं के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। ग्रामीणों ने बताया कि 10 दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन 1 जुलाई से प्रारंभ हुआ है। कार्यक्रम के तहत 2 जुलाई को भागवत महात्म्य, 3 जुलाई को सृष्टि वर्णन, 4 जुलाई को विभिन्न अवतारों का वर्णन, 5 जुलाई को भगवान श्रीराम जन्म एवं भगवान श्रीष्ण जन्म प्रसंग, 6 जुलाई को गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग, 7 जुलाई को श्रीष्ण-रुक्मिणी विवाह, 8 जुलाई को श्रीष्ण-सुदामा मिलन, 9 जुलाई को भागवत कथा का समापन तथा 10 जुलाई को हवन, पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। इस ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास के रूप में श्री आदर्श आचार्य जी महाराज एवं श्री धीरज कुमार मिश्रा श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे। आयोजन के मुख्य सहयोगी श्री आनंद मोहन चौधरी हैं। वहीं यह धार्मिक आयोजन क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों के सहयोग से संपन्न कराया जा रहा है। यज्ञ के सफल आयोजन में पश्चिमी बोरने पंचायत की मुखिया सोनू देवी, मुखिया प्रतिनिधि विनोद रजक, विनोद पासवान, रामविलास पासवान, दिलीप पासवान, जितेंद्र, आशीष, मुनि, राम अवतार सिंह सहित अनेक ग्रामीण सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे गांव में उत्साह का माहौल है। श्रद्धालुओं का मानना है कि श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ से क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार होगा तथा समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और सद्भाव की भावना मजबूत होगी। यज्ञ में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।



**501 कन्याओं के साथ निकली भव्य कलश शोभायात्रा**

## संक्षिप्त खबरें

### गश्ती के दौरान नशेड़ी गिरफ्तार

**जमालपुर(मुंगेर)।** थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को गश्ती के दौरान एक युवक को नशे की हालत में गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान रामचंद्रपुर निवासी सुरेंद्र प्रसाद यादव के पुत्र विजय कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि एएसआई सत्तो पासवान के नेतृत्व में पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान रामचंद्रपुर में विजय कुमार अपने घर के समीप नशे की हालत में हंगामा करते हुए मिला। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में लेकर थाना पहुंचाया। थाने में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी के विरुद्ध आगे की कार्रवाई की गई है।

### देसी अंग्रेजी शराब की बिक्री अवैध रूप से जारी

**जमालपुर (मुंगेर)।** सफियासराय थाना क्षेत्र के सिंधिया परहम एवं पूर्वी पश्चिमी इंद्ररुख पंचायत में देसी अंग्रेजी शराब की बिक्री अवैध रूप से होने से ग्रामीण अंचल के युवा इस धंधे में लिप्त होकर अपना भविष्य बर्बाद कर रहे। उपरोक्तपंचायत के लगभग गांव में अवैध शराब की बिक्री जिस कदर चौक चौराहे पर सफेद पोस्ट शराब कारोबारी के द्वारा किया जा रहा उससे ग्रामीण अंचल के किसान मजदूर परेशान है। गांव गांव में आसानी से अवैध रूप से शराब बिकने से गांव के पुरे युवा वर्ग इसके चपेट में आ रहे है।अवैध शराब बिक्री को लेकर आसपास के कई ग्रामीणों द्वारा सफियासराय थाने में कई बार सिकायत करने के बावजूद इस ओर ध्यान न देना समझ के परे है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा एक दो दिन कार्यवाही की जाती है। जिसके बाद जस की तस वैसे ही खुलेआम शराब बिकना शुरू हो जाता है।

### सोनपुर मंडल में अलार्म चैन पुलिंग के विरुद्ध सशक्त कार्रवाई जारी

**सोनपुर (एन एसबी)** पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल द्वारा रेल यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध बनाए रखने के उद्देश्य से अलार्म चैन पुलिंग की अनधित घटनाओं के विरुद्ध सघन एवं सशक्त अभियान चलाया गया। यह अभियान दिनांक 01062026 से 30062026 के बीच मंडल के विभिन्न रेलखंडों एवं स्टेशनों पर प्रभावी रूप से संचालित किया गया। अभियान के दौरान रेलवे अधिनियम 141 की संबंधित धाराओं के अंतर्गत कुल 110 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 109 व्यक्तियों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान दोषियों से ₹48,100- की राशि जुर्माने के रूप में रेल राजस्व में प्राप्त की गई। सोनपुर मंडल प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई यात्रियों की सुरक्षा, ट्रेन परिचालन की निरंतरता तथा अनावश्यक विलंब को रोकने के उद्देश्य से की गई है। अनधित एसीपी से न केवल रेल परिचालन प्रभावित होता है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मंडल द्वारा नियमित जांच, निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। मंडल रेल प्रबंधक के मार्गदर्शन में रेल सुरक्षा बल, वाणिज्य विभाग एवं परिचालन विभाग के समन्वित प्रयासों से यह अभियान सफल रहा। यात्रियों से अपील की जाती है कि आपात स्थिति को छोड़कर अलार्म चैन का दुरुपयोग न करें, ताकि सुरक्षित, सुगम एवं समयबद्ध रेल सेवा सुनिश्चित की जा सके। सोनपुर मंडल भविष्य में भी यात्रियों की सुरक्षा एवं रेल अनुशासन बनाए रखने हेतु इस प्रकार के अभियान निरंतर जारी रखेगा।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने चिकित्सकों की सेवा भावना को बताया मानवता का सर्वोच्च उदाहरण

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर बुधवार को बाढ़ प्रखंड में भाजपा बाढ़ नगर मंडल की ओर से एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं वरिष्ठ चिकित्सक ड़ सियाराम सिंह ने की। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा समाज के प्रति उनके चिकित्सकीय और जनसेवा के योगदान की सराहना की।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सक केवल रोगों का उपचार नहीं करते, बल्कि अपने ज्ञान, अनुभव और संवेदनशीलता से लोगों को नया जीवन प्रदान करते हैं। मानव सेवा की भावना से किया गया उनका कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि तमाम चुनौतियों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद चिकित्सक निरंतर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए मानवता की सेवा में जुटे रहते हैं।

# कारखाना से रेलवे की लकड़ी बाहर ले जाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसगी)।** जमालपुर रेल इंजन कारखाना से रेलवे की कीमती लकड़ी कथित रूप से बाहर ले जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने इस प्रकरण में प्राथमिकी दर्ज कर वाहन और बरामद लकड़ी को जब्त कर लिया है। वहीं वाहन चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

हालांकि, मामले में वाहन में मौजूद अन्य लोगों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से पूरे घटनाक्रम को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं।जानकारी के अनुसार 29 जून को कारखाना के डिप्टी सीपीओ बीक़े राय की सरकारी गाड़ी कारखाना परिसर से बाहर निकल रही थी। गेट संख्या-1 पर तैनात आरपीएफ के एएसआई राजेश कुमार वर्मा ने नियमित जांच के दौरान वाहन की तलाशी ली। तलाशी में वाहन से रेलवे की कीमती लकड़ी बरामद हुई। बताया जाता है कि वाहन में डिप्टी सीपीओ के निजी सहायक महेश कुमार भी मौजूद थे और लकड़ी को अधिकारी के सरकारी आवास पर ले जाने की बात सामने आई।आरपीएफ ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन और लकड़ी को जब्त कर लिया तथा चालक के विरुद्ध रेलवे संपत्ति से संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। लेकिन वाहन में मौजूद निजी सहायक और पूरे प्रकरण में जिन अधिकारियों का नाम सामने आ रहा है, उनके विरुद्ध अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से कारखाना परिसर में चर्चाओं का बाजार गर्म है। कर्मचारी निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच की मांग कर रहे हैं ताकि यह स्पष्ट हो सके कि रेलवे की संपत्ति कारखाना परिसर से बाहर ले जाने की अनुमति किसके निर्देश पर दी गई थी और इसके लिए जिम्मेदार कौन है।इस बीच यह भी चर्चा है कि डिप्टी सीपीओ बीके राय 30 जून को सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। ऐसे में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई को लेकर कर्मचारियों और आम लोगों की नजरें रेलवे प्रशासन पर टिकी हैं।इधर कारखाना आरपीएफ इंस्पेक्टर एक़े शर्मा ने बताया कि रेलवे की लकड़ी बाहर ले जाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। वाहन एवं लकड़ी को जब्त कर लिया गया है तथा चालक का बयान दर्ज करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


आरपीएफ पोस्ट के बाहर।

## भारतीय राजनीति के विप्लवकारी संदेशवाहक है अखिलेश : पप्पू

**मुंगेर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 53 वां जन्मदिवस समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक भवन में जिलाध्यक्ष पप्पू यादव के नेतृत्व में संकल्प दिवस के रूप में आयोजित की गई। इसके पूर्व सपाइयों ने पूजा अर्चना कर अखिलेश यादव जी के दीर्घायु जीवन की कामना की और क्षेत्र में भयावह अपराध पुलिसिया जुल्म बढते भ्रष्टाचार और देश प्रदेश में धार्मिक व जातियां उन्माद फैलाने वाले फिरकापरस्त ताकतों के मुखालफत करने का संकल्प लिया इस मौके पर पार्टी के वयोवृद्ध नेता जिला उपाध्यक्ष रामनाथ राय के द्वारा केक काटा गया वही जमालपुर विधानसभा सभा के पूर्व निर्दलीय प्रत्याशी राजेश झा जी अपने साथियों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।मौके पर सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव भारतीय राजनीति के वह विप्लवकारी संवाहक है जिसने अनेक मौके पर इस फिरकापरस्त सरकार को उसकी हद बताने का काम किया और देश के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए अडिग रहे।वहीं समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकांत झा ने कहा की पीडीए के महानायक अखिलेश यादव वर्तमान भारतीय राजनीति के अग्रदूत है और समाजवादी विचारधारा के मजबूत स्तंभ, जिसके नेतृत्व में हम जैसे सपाई अपनी जवानी जनहित में कुर्बान कर दिए है।मौके पर महासचिव मिथलेश यादव मिडिया प्रभारी मनोज क्रांति सुरेश यादव देवेंद्र यादव छडपन मंडल राजीव यादव कालेश्वर महतो गौरव यादव राज कुमार चंदन साह लक्ष्मण मंडल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


अखिलेश यादव का जन्मदिवस मनाते लोग।

## प्रसव के दौरान महिला की मौत पर नर्सिंग होम में हंगामा, बाद में दोनों पक्षों में हुआ समझौता

**घ्फतुहा।** थाना क्षेत्र के महारानी चौक स्थित एक निजी नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान मंगलवार की देर रात एक महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। हालांकि, बुधवार की दोपहर स्थानीय प्रबुद्ध जनों के हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्षों के बीच आपसी सुलह हो गई, जिसके बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को अपने साथ ले गए। ग्रामीणों के अनुसार, नदी थाना क्षेत्र के मौजीपुर निवासी जितेंद्र राय की 35 वर्षीया पत्नी ममता देवी को मंगलवार की देर रात प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने महारानी चौक स्थित मारुति नंदन नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। देर रात चिकित्सकों ने महिला का अपरेशन (शल्यक्रिया) किया, जिसके बाद उसने अपने छठे बच्चे को जन्म दिया। नवजात शिशु पूरी तरह स्वस्थ बताया जाता है। घ्परिजनों का आरोप है कि प्रसव के बाद ममता की हालत लगातार बिगड़ने लगी थी। उनका कहना है कि यदि समय रहते चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा उचित देखभाल की गई होती, तो महिला की जान बचाई जा सकती थी। इलाज में कथित लापरवाही का आरोप लगाते हुए मृतका के परिजनों ने अस्पताल के बाहर हंगामा शुरू कर दिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी वहां जमा हो गए। घ्बुधवार की दोपहर गांव के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में दोनों पक्षों के बीच घंटों बातचीत का दौर चला। आखिरकार, स्थानीय लोगों की पहल पर दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से मामला सुलझा लिया गया। इसके बाद परिजन बिना किसी कानूनी प्रक्रिया या पोस्टमार्टम के शव को अंतिम संस्कार के लिए अपने घर ले गए। इस घटना के बाद से मृतका के गांव मौजीपुर में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बाराती और सराती आपस में भिड़े, जमकर चले लाठी-डंडे

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ अनुमंडल के प्रसिद्ध उमानाथ मंदिर परिसर स्थित ढाबा बाजार में बुधवार को शादी समारोह उस समय रणक्षेत्र में बदल गया, जब वर पक्ष और वधू पक्ष के लोगों के बीच मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर टूट पड़े और जमकर मारपीट होने लगी। घटना से मंदिर परिसर और आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गई। सूत्रों के अनुसार, दोनों पक्ष विवाह संपन्न कराने के लिए उमानाथ मंदिर पहुंचे थे। इसी दौरान किसी छोटी-सी बात को लेकर पहले कहासुनी हुई, जो कुछ ही देर में हाथापाई और फिर लाठी-डंडों की मारपीट में बदल गई। दोनों ओर से एक-दूसरे पर जमकर प्रहार किए गए, जिससे कई लोग घायल हो गए।मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे एक होटल संचालक भी हिंसा की चपेट में आ गए। उन्हें गंभीर चोट लगने के बाद उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। अन्य घायलों का भी स्थानीय स्तर पर इलाज कराया गया।घटना की सूचना मिलते ही बाढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। पुलिस ने मामले की जानकारी लेते हुए संबंधित लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। घटना के बाद कुछ समय तक मंदिर परिसर में तनाव का माहौल बना रहा।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों की ओर से प्राप्त आवेदन के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने धार्मिक स्थलों पर इस तरह की हिंसक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए शांति और संयम बनाए रखने की अपील की है।

### बिहारीबीघा फोरलेन पर हाईवा से टकराई सवारी बस, चार यात्री घायल

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पंडारक थाना क्षेत्र के बिहारीबीघा फोरलेन पर मंगलवार को एक तेज रफ्तार सवारी बस आगे चल रहे हाईवा से टकरा गई। हादसे में बस में सवार चार यात्री घायल हो गए, जबकि बस में मौजूद 50 से अधिक यात्रियों के बीच चीख-पुकार और अफरातफरी मच गई। दुर्घटना के बाद बस चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को बस से बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा। घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।सूचना मिलते ही पंडारक थाना पुलिस मौके पर पहुंची औरदुर्घटनाग्रस्त बस को सड़क से हटवाकर यातायात को सामान्य कराया। हादसे के कारण कुछ समय के लिए फोरलेन पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। फरार बस चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का प्रमुख कारण माना जा रहा है।

## शिक्षा ही समाज परिवर्तन का सबसे शांत और सबसे प्रभावी हथियार : श्यामनंदन

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बंदूकें सत्ता बदल सकती हैं, कानून व्यवस्था बदल सकता है, लेकिन शिक्षा इंसान बदल देती है। और जब इंसान बदलता है, तभी समाज बदलता है। इसलिए समाज को बदलने का सबसे शांत, सबसे सशक्त और सबसे स्थायी तरीका शिक्षा ही है।ष यह बातें पटना जिले के शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ) श्यामनंदन ने दैनिक नवसंदेश से विशेष बातचीत में कहीं।उन्होंने कहा कि इतिहास इस बात का साक्षी है कि जिन समाजों ने तलवार की जगह किताब, हिंसा की जगह विचार और प्रतिशोध की जगह शिक्षा को अपनाया, उन्होंने न केवल अपनी तकदीर बदली, बल्कि पूरी मानव सभ्यता को नई दिशा दी। शिक्षा केवल अक्षर ज्ञान नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर विवेक, संवेदना, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करती है।उन्होंने कहा कि आज समाज जातिवाद, सांप्रदायिकता, भ्रष्टाचार, अंधविश्वास, लैंगिक भेदभाव, नशाखोरी, पर्यावरण प्रदूषण और सामाजिक असमानता जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। इन समस्याओं का स्थायी समाधान केवल कठोर कानूनों से संभव नहीं है। कानून अपराध को नियंत्रित कर सकता है, लेकिन अपराध की मानसिकता को समाप्त करने की शक्ति केवल शिक्षा में है।श्यामनंदन ने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कारों की पाठशाला है। यहां बच्चों में अनुशासन, सहिष्णुता, समानता, सहयोग और मानवीय मूल्यों का विकास होता है। यही मूल्य आगे चलकर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। उन्होंने महात्मा गांधी का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार दिलाना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण करना है। यदि शिक्षा नैतिकता और मानवीय मूल्यों से कट जाए तो उसका उद्देश्य अधूरा रह जाता है।उन्होंने कहा कि विश्व के अनेक देशों ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बल पर गरीबी, पिछड़ेपन और संसाधनों की कमी को मात देकर विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। भारत जैसे विविधताओं वाले लोकतांत्रिक देश में शिक्षा की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। शिक्षा ही नागरिकों को संविधान, अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाती है तथा मतभेदों के बीच भी सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की प्रेरणा देती है।महिला शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि जब एक बेटी शिक्षित होती है तो उसका लाभ केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरा परिवार और आने वाली कई पीढ़ियां जागरूक और सशक्त बनती हैं। समाज में आज भी बेटियों की शिक्षा को लेकर मौजूद संकीर्ण सोच को बदलने का सबसे प्रभावी माध्यम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही है।उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक सोच विकसित करना आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अंधविश्वास, अफवाह और भ्रामक सूचनाओं से बचने का सबसे प्रभावी उपाय शिक्षा है। शिक्षित समाज किसी भी जानकारी को आंख मूंदकर स्वीकार नहीं करता, बल्कि तर्क और प्रमाण के आधार पर निर्णय लेता है।

# जमालपुर कॉलेज में दीक्षारंभ सह स्वोगत समारोह संपन्न

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर कलेज में बुधवार को सत्र 2026-30 के नव नामांकित छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ समारोह सह स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, अनुशासन, नैतिक मूल्यों तथा उच्च शिक्षा के उद्देश्यों से परिचित कराना था। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य ड़ प्रो विद्या कुमार चौधरी ने की। उन्होंने कहा कि डिग्री प्राप्त करना ही शिक्षा का उद्देश्य नहीं, बल्कि ज्ञान अर्जन और चरित्र निर्माण ही वास्तविक शिक्षा है। उन्होंने छात्रों से सोशल मीडिया पर उपलब्ध हर जानकारी पर विश्वास नहीं करने तथा पुस्तकालय एवं पाठ्य-पुस्तकों से जुड़कर अध्ययन करने की अपील की। साथ ही समय का सदुपयोग करने और मोबाइल का सीमित उपयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम पदाधिकारी ड़ चंदा कुमारी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला, तथा कहा कि यह नीति विद्यार्थियों को कौशल आधारित शिक्षा, मल्टीपल एंट्री-एग्जिट, क्रेडिट सिस्टम एवं रोजगारपरक शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ाती है। परीक्षा नियंत्रक ड़ संजीव कुमार ने सेमेस्टर प्रणाली में 75 प्रतिशत उपस्थिति, आंतरिक मूल्यांकन एवं असाइनमेंट की महत्ता बताते हुए छात्रों से नियमित अध्ययन करने का आग्रह किया। वहीं ड़ जितेंद्र कुमार ने कहा कि कलेज जीवन व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण दौर होता है और विद्यार्थियों को शिक्षकों से संवाद, पुस्तकालय का उपयोग तथा निरंतर सीखने की आदत विकसित करनी चाहिए। ड़ राकेश नटराजन ने अनुशासन एवं शिक्षकों के सम्मान पर बल दिया, जबकि ड़ अभिलाषा ने छात्राओं को महाविद्यालय में उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्था एवं महिला प्रकोष्ठ की जानकारी देते हुए शिक्षा को महिला सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम बताया। मौके पर ड़ चंपकलता, ड़ नेहा, ड़ रिंकू, राज चौधरी, कुणाल प्रशांत, कोमल, सोनो, सोनी, पीयूष, पूजा, गीता, रजनी, धीरज, अमन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


दीक्षारंभ समारोह में उपस्थित शिक्षक व नव नामांकित छात्र-छात्राएं।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय जनता दल के सक्रिय कार्यकर्ता व जाने-माने समाजसेवी का निधन

**सोनपुर (एनएसबी)** लोकप्रिय समाजसेवी-सह-पार्टी कार्यकर्ता लाल संबलपुर दियारा निवासी लाल बाबू पटेल करीब एक माह से अपने जीवन से लम्बी संघर्ष करते हुए स्वर्गलोक चल बसे। इस खबर से परिजनों सहित शुभचिंतकों में मची कोहराम। रविवार दिन की दोपहर में गंडक नदी काली घाट पर दाह-संस्कार के दौरान अपने लोकप्रिय समाजसेवी नेता का दर्शन के लिए शुभचिंतकों की उमड़ी जनसैलाब। वहीं सक्रीय समाजसेवी नेता की निधन पर भाव-विभोर होते हुए दुरूखी होते हुए खोने का गम संता रही थी। लोगों ने कहा कि लाल बाबू पटेल एक ऐसे समाजसेवी नेता थे और धार्मिक कार्य, सामाजिक कार्य, राष्ट्रीय पार्टी कार्य का बड़ी अहमियत के साथ सहयोग में शामिल रहते थे। पिछले दो दशक से सोनपुर शहर से गांव तक में लोकप्रिय नेता के रुप में एक अपनी पहचान बनाई थी। लेकिन कुदरत को मंजूर नहीं असमय ही कुदरत ने बुला लिया। जिसका संबलपुर वासियों को एक भूमि बोल जैसी झटका महसूस की। वहीं शुभचिंतकों और विधायक सहित नेताओं का आने का सिलसिला लगातार जारी है।

### मंडल रेल चिकित्सालय सोनपुर के सभागार में राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस कार्यक्रम आयोजित

**सोनपुर (एनएसबी)** दिनांक 01-07-2026 को अल इंडिया रिटायर्ड रेलवेमेन्स फेडरेशन शाखा सोनपुर के अध्यक्ष सचिव तथा समस्त मेम्बरों के द्वारा मंडल रेल चिकित्सालय सोनपुर के सभागार में राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पूर्व मध्य रेल, सोनपुर श्री शैलेश कुमार की अध्यक्षा में कार्यक्रम आयोजित। इस अवसर पर चिकित्सा जगत के प्रख्यात चिकित्सक, समाज सेवी, राजनेता डॉक्टर विधान चन्द्र राय के व्यक्तित्व और तित्व पर मंडल सचिव सह शाखा सचिव देवेन्द्र कुमार पासवान तथा त्रिभुवन सिंह शाखा अध्यक्ष ने विस्तृत वर्णन करते हुए मंडल रेल चिकित्सालय सोनपुर मे कार्यरत चिकित्सक से डॉक्टर विधान चन्द्र राय के व्यक्तित्व और तित्व को आत्मसात करने की अपील किए। वही मंडल रेल चिकित्सालय सोनपुर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक श्री शैलेश कुमार द्वारा कार्यरत और रिटायर्ड कर्मी के चिकित्सिय सुविधा प्रदान करने के लिए अखण्ड ज्योति नेत्र चिकित्सालय को रेलवे से इम्पाईनल, अल्ट्रासाउंड की कन्ट्रेक्ट व्यवस्था, फिजियोथेरेपिस्ट मशीन की व्यवस्था, सप्ताह मे दो दिन फिजियोथेरेपिस्ट की व्यवस्था, साप्ताहिक सर्जन की व्यवस्था, आदि की व्यवस्था करवाने के लिए उनकी सराहना किए। इस अवसर पर संध के कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अजीत कुमार यादव सहायक सचिव सच्चिदानंद सिंह, जीतेन्द्र प्रसाद राय,कोषाध्यक्ष जयराम सिंह, चन्द्रशेखर प्रसाद राय, दिनेश प्रसाद श्रीवास्तव, के़एऩराम के अलावे संगठन के सैकड़ो सदस्य उपस्थित थे। अंत मे मंडल रेल चिकित्सालय सोनपुर मे कार्यरत सभी चिकित्सक यथा श्री शैलेश कुमार, सी़एम़एस़,डॉक्टर रश्मीकान्त एसीडीएस, श्री सी़एस़झा, ए़सी़एम़एस़ डॉक्टर सुबोध कुमार, एसी एम़एस़ डॉक्टर सोनी, डॉक्टर विजय कुमार सिंह,,मधुमाला, रोचक गुप्ता, ममता गुप्ता, निर्भय कुमार, आयुर्वेद चिकित्सक, प्रभावती सिन्हा होम्योपैथिक चिकित्सक को शौल और मोमेनटो दे कर सम्मानित किया गया। देवेन्द्र कुमार पासवान मंडल सचिव-सह- शाखा सचिव, सोनपुर ने कार्यक्रम का संचालन की।

### विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल 13 जिलों को मिले नए डीईओ

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार सरकार ने शिक्षा विभाग में प्रशासनिक कसावट लाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य के 13 जिलों में नए जिला शिक्षा पदाधिकारियों (डीईओ) की तैनाती कर दी है। देर शाम जारी स्थानांतरण एवं पदस्थापन अधिसूचना के बाद शिक्षा महकमे में हलचल तेज हो गई। इस फेरबदल को विद्यालयी शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, जवाबदेह और परिणामोन्मुख बनाने की सरकार की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। जारी आदेश के अनुसार गोपालगंज के जिला शिक्षा पदाधिकारी योगेश कुमार का स्थानांतरण पटना के जिला शिक्षा पदाधिकारी के रूप में किया गया है। वहीं अमित कुमार, जो वर्तमान में कोशी प्रमंडल, सहरसा के क्षेत्रीय शिक्षा निदेशक के पद पर कार्यरत थे, उन्हें पटना प्रमंडल के क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक के पद पर उनके वर्तमान वेतनमान में पदस्थापित किया गया है। वे उप निदेशक माध्यमिक शिक्षा के अतिरिक्तप्रभार में भी रहेंगे। विभागीय सूत्रों के अनुसार अमित कुमार इससे पहले पटना के जिला शिक्षा पदाधिकारी के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। प्रशासनिक अनुभव और कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हें एक बार फिर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का मानना है कि नए पदस्थापनों से विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, निरीक्षण व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी को और अधिक मजबूती मिलेगी। साथ ही जिला स्तर पर लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में भी अपेक्षित गति आने की संभावना है।स्थानांतरण आदेश जारी होने के साथ ही संबंधित अधिकारियों ने नए पदस्थापन स्थलों पर योगदान की तैयारी शुरू कर दी है। विभाग ने सभी स्थानांतरित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर योगदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है, ताकि शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यो में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।शिक्षा महकमे में हुए इस व्यापक फेरबदल को सरकार की उस नीति से जोड़कर देखा जा रहा है, जिसके तहत प्रशासनिक कार्यसंसति को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाते हुए विद्यालयी शिक्षा व्यवस्था को नई गति देने का प्रयास किया जा रहा है।

### श्राद्ध भोज से लौटे बुजुर्ग किसान की गोशाला में गोलियों से हत्या

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** मोकामा थाना क्षेत्र के मोर पोखर गांव में मंगलवार की देर रात बेखौफ अपराधियों ने घर के परिसर में घुसकर एक बुजुर्ग किसान की गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधियों ने श्राद्ध भोज से लौटकर गोशाला में सो रहे किसान के सिर और कनपटी में बेहद करीब से दो गोलियां दागीं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।बुधवार सुबह घटना का खुलासा होते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई। वारदात ने न केवल इलाके की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश भी गहरा गया है। मृतक की पहचान मोर पोखर गांव निवासी भूखन यादव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, वे मंगलवार रात गांव में आयोजित एक श्राद्ध भोज में शामिल होकर लौटे थे। भोजन के बाद रोज की तरह अपने घर के समीप स्थित गोशाला में सोने चले गए। देर रात अज्ञात अपराधी वहां पहुंचे और बेहद करीब से उनकी कनपटी तथा सिर में दो गोलियां दाग दीं। गोली लगते ही उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। रातभर किसी को घटना की भनक तक नहीं लगी। बुधवार सुबह जब परिजन गोशाला पहुंचे तो भूखन यादव का शव खून से लथपथ पड़ा मिला। यह श्य देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। कुछ ही देर में सैकड़ों ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए और पूरे गांव में मातम के साथ भय का माहौल फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही मोकामा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में लेकर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए बाढ़-01 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामष्ण स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और जांच की कमान संभाल ली। उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, परिजनों एवं ग्रामीणों से पूछताछ की तथा अनुसंधान टीम को हर संभावित पहलू पर गहन जांच के निर्देश दिए। हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए एफएसएल (फरेंसिक साइंस लेबोरेटरी), श्वान दस्ता और तकनीकी जांच टीम को भी मौके पर बुलाया गया। घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, मोबाइल लोकेशन, कल डिटेल और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की भी गहन जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल हत्या के पीछे की वजह रहस्य बनी हुई है। प्रारंभिक जांच में मृतक की किसी से हालिया रंजिश या विवाद की स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है। इसी कारण पुलिस व्यक्तिगत दुश्मनी, भूमि या संपत्ति विवाद, आपसी वैमनस्य सहित सभी संभावित पहलुओं को समान गंभीरता से खंगाल रही है। संदिग्धों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# सीओ और सीडीपीओ सहित कई कार्यपालक सहायकों का तबादला

**प्रशासनिक फेरबदल**

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** कोईलवर प्रखंड में प्रशासनिक स्तर पर बड़े पैमाने पर फेरबदल किया गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, समाज कल्याण विभाग, पंचायत राज विभाग तथा कृषि विभाग की ओर से जारी आदेश के तहत कई अधिकारियों एवं कर्मियों का तबादला किया गया है। इससे प्रखंड के विभिन्न विभागों में नई जिम्मेदारियां तय हो गई हैं।

अंचलाधिकारी प्रियंका कुमारी का तबादला लखीसराय जिले के बड़हिया अंचल में किया गया है। कोईलवर के नए अंचलाधिकारी के रूप में पूर्वी चंपारण जिले के अरेराज अंचल में पदस्थापित उदय प्रताप सिंह की नियुक्ति की गई है। वे मूल रूप से बक्सर जिले के निवासी हैं। समाज कल्याण विभाग ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुषमा कुमारी का तबादला पटना सदर-1 में कर दिया है। उनकी जगह वैशाली जिले के महनार प्रखंड में कार्यरत गीता को सीडीपीओ बनाया है। भोजपुर समाहरणालय की पंचायत शाखा द्वारा जिला स्तर पर पंचायत कार्यपालक सहायकों का भी स्थानांतरण किया गया है। गोपालपुर पंचायत में अमित प्रकाश, भदवर में प्रियंका कुमारी, सकड्डी में नीरज कुमार, कायमनगर में मनीष कुमार, नरबीरपुर में रणजीत कुमार, खनगांव में रितेश पंडित, दौलतपुर में जावेद अख्तर, खेसरहियां में रोहित कुमार तथा जलपुरा पंचायत में सुजीत पासवान कार्यपालक सहायक के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। प्रखंड के कई कृषि समन्वयकों का तबादला भी किया है। विभाग ने संबंधित कृषि समन्वयकों को नए पदस्थापन स्थल पर शीघ्र योगदान देने का निर्देश दिया है।

# भोजपुरी पेंटिंग को जीआई टैग मिलने के बाद पहली भोजपुरी पेंटिंग प्रदर्शनी कल से

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुरी पेंटिंग को जीआई टैग पीड़िया मिलने के बाद पहली बार आसरा सेवा केंद्र एवं बिहार कला मंच बिहार म्यूजियम पटना भोजपुरी पेंटिंग लोक कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा हैं। इसमें कमलेश कुंदन, रोशन राय, सुनीता राय, अनीता पांडेय, सुशील विश्वकर्मा, गुड़िया कुमारी, रूपा कुमारी, रुखसार परवीन, रामवती देवी, अंजलि तिवारी, मोनी कूमारी, अभिनव मिश्रा, संगीता देवी, अमन राज, मुकेश कुमार चौधरी, कौशलेश पांडे, खुशबू कुमारी, मीरा पांडेय, प्रिया पांडेय, निर्मला कुमारी, शिव मिश्रा, शालिनी कुमारी, निक्की कुमारी, मधु कुमारी, नताशा कुमारी, अंकित सिन्हा, प्रियंका कुमारी, चंद्रिका कुमारी, प्रियंका कुमारी गुप्ता,




सरदा रेखा, संगीता देवी सहित 40 कलकारों की चौयनित भोजपुरी पेंटिंग को बाल दीर्घा बिहार म्यूजियम पटना में प्रदर्शित किया जाएगी। यह जानकारी देते हुए बिहार म्यूजियम के एडिशनल डायरेक्टर अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि भोजपुरी लोक कला

**इसमें जिले के कई कलाकारों की कला का होगा पदर्शन**

पड़िया को एक बड़ी उपलब्धि मिली है। आने वाला समय में कलाकारों को एक बड़ा प्लेटफॉर्म मिलेगा। भोजपुरी पेंटिंग का देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी अपना बजार होगा। इस कला को लोग दूर दूर तक जानेंगे। कला मंच के वीरेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि भोजपुरी पेंटिंग को जीआई टैग मिलने से बड़ी बात हमारे भोजपुर के लिए हो ही नहीं सकती। भोजपुरी पेंटिंग के जरिए हमारी लोककला, संस्कार और संस्कृति की जन-जन में पहचान बढ़ेगी। यह हर घर की दीवारों को सुंदरता प्रदान करेगी।

# भोजपुर में दूसरे केंद्रीय विद्यालय के लिए भूमि का हुआ निबंधन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर जिले के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में नए केंद्रीय विद्यालय के निर्माण हेतु प्रस्तावित 5 एकड़ सरकारी भूमि का निबंधन (रजिस्ट्रेशन) 01 जुलाई को हो गया। इससे जिले में नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो गया।



शिक्षा सचिव, संजय कुमार।

विदित हो कि पूर्व में भोजपुर के जिलाधिकारी रहे और वर्तमान में केंद्रीय शिक्षा सचिव संजय कुमार की पहल पर इस विद्यालय की स्वीकृति मिली है। जिला प्रशासन के प्रस्ताव पर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने आरा सदर अंचल के धनुपरा मौजा स्थित पांच एकड़ गैरमजरुआ मालिक भूमि को नए केंद्रीय विद्यालय के निर्माण हेतु केंद्रीय विद्यालय संगठन (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) के पक्ष में 30 वर्षों की लीज पर टोकन मूल्य 1 रुपय पर बंदोबस्त किए जाने की स्वीकृति दी थी। इसके बाद आज भूमि का विधिवत निबंधन भी पूरा कर लिया गया। निबंधन प्रक्रिया पूर्ण होने पर केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य शहनवाज अहमद ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग, मार्गदर्शन एवं विशेष पहल से यह महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। भूमि निबंधन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब नए केंद्रीय विद्यालय के भवन निर्माण की दिशा में आगे की कार्रवाई तेज होने की उम्मीद है, जिससे भोजपुर जिले के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण केंद्रीय शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### शोकाकुल परिजनों से मिले पूर्व विधायक

**गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** बालबांध सूर्य मंदिर के समीप सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले बहरी गांव निवासी अर्जुन पाल (28) एवं उनकी पत्नी रानी पाल (27) के परिजनों से बुधवार को पूर्व विधायक शिव प्रकाश रंजन ने मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। पूर्व विधायक ने घटना को बेहद हृदयविदारक बताते हुए कहा कि यह प्रशासन की लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस मार्ग पर भारी वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित है, वहां पुलिस की मिलीभगत से ट्रकों का आवागमन जारी है।

### आरा में बना भारत का पहला पूर्ण वातानुकूलि बार एसोसिएशन : मिश्र




**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला अधिवक्ता संघ भवन, आरा में केन्द्रीयकृत वातानुकूलित सुविधा का उद्घाटन आज बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन एवं सांसद मनन कुमार मिश्रा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। इस अवसर पर बिहार स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन रामाकांत शर्मा एवं सदस्य प्रेम कुमार झा तथा पन्ना कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मनन कुमार मिश्रा ने कहा कि यह गौरव की बात है कि आरा बार एसोसिएशन भारत का पहला बार एसोसिएशन बना, जहां अधिवक्ताओं के लिए केन्द्रीयकृत वातानुकूलित सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा एवं महासचिव मनमोहन ओझा को बधाई दी। बिहार स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन रामाकांत शर्मा ने अधिवक्ताओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से आरा बार एसोसिएशन में केन्द्रीयकृत एसी सुविधा का शुभारंभ किया। संचालन अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा एवं महासचिव मनमोहन ओझा ने संयुक्त रूप से किया।

### जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज में 10-11 को राष्ट्रीय संगोष्ठी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज में 10 एवं 11 जुलाई को होने




वाली दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी भारत में जीएसटी सुधारों का क्षेत्रीय विश्लेषण के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को कॉलेज परिसर में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। कॉलेज के निदेशक सिद्ध विजय जैन ने बताया कि यह राष्ट्रीय संगोष्ठी इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली के सहयोग तथा भोजपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, आरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। संगोष्ठी का उद्देश्य वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों के विभिन्न आर्थिक एवं औद्योगिक क्षेत्रों पर पड़े प्रभावों का विश्लेषण करना तथा शिक्षाविदों, उद्योग जगत, नीति-निर्माताओं, कर विशेषज्ञों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के बीच सार्थक संवाद स्थापित करना है। संगोष्ठी में देश के प्रतिष्ठित शिक्षाविद, नीति विशेषज्ञ, उद्योग प्रतिनिधि एवं कर विशेषज्ञ भाग लेंगे। कार्यक्रम में डॉ. दिपन साहू (एआईसीटीई, नई दिल्ली), डॉ. निरंजन प्रसाद यादव (कुलसचिव, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय), प्रो. नागेन्द्र कुमार झा (पटना विश्वविद्यालय), डॉ. बिपिन कुमार, प्रो. वी. शन्मुगा सुन्दरम (बीएचयू), डॉ. पवास कुमार (सीयूएसबी, गया), सीए निशांत राठौर, प्रो. (डॉ.) राज कुमार सिंह, पीएन दास, प्रो. (ड़ॉ) फतेह बहादुर सिंह, सीए अभय कुमार, डॉ. चारू गुप्ता तथा नरेश प्रसाद सहित कई विशेषज्ञ विभिन्न सत्रों को संबोधित करेंगे। आयोजकों ने बताया कि संगोष्ठी में देशभर के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से शोधार्थी, शिक्षक, चार्टर्ड अकाउंटेंट, उद्योग विशेषज्ञ, कर सलाहकार एवं विद्यार्थी अपने शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे। राष्ट्रीय संगोष्ठी के संयोजक डॉ. हर्षित विजय जैन ने कहा कि यह आयोजन अकादमिक शोध एवं उद्योग जगत के व्यावहारिक अनुभवों के बीच समन्वय स्थापित करने का महत्वपूर्ण मंच बनेगा।

### एमएम महिला महाविद्यालय में कबीर जयंती का आयोजन




**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** महंथ महादेवानंद महिला महाविद्यालय में कबीर जयंती के उपलक्ष्य में हिंदी विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रो. नरेन्द्र प्रताप पालित ने की। स्वागत भाषण एवं मंच संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सुधा निकेतन रंजनी ने किया। उन्होंने कहा कि कबीर के गुरुभाई पीपा कहते हैं 'जो कलिनाम कबीर ने होते, तो लोक, वेद और कलियुग मिलकर भगति रसातल देते। कबीर इतने समय बाद भी लगातार हमारे बीच श्रद्धा, प्रेम, भक्ति आदि विषयों में बहस का न केवल हिस्सा हैं बल्कि लगातार हमें प्रश्न उठाने को प्रेरित करते हैं। उन्होंने छात्राओं को समझाया कि कबीर के पदों को स्थूल अर्थों में ग्रहण न करके, उसके व्यापक अर्थ को समझें। प्रो. नरेन्द्र प्रताप पालित ने कहा कि कम पढ़े लिखे होने के बावजूद कबीर का लेखन वर्तमान समय में भी प्रासंगिक बना हुआ है। धार्मिक पाखंडों और आडम्बरों को दूर करने के लिए कबीर को पढ़ा जाना चाहिए। हिन्दू मुस्लिम में भेद न करते हुए उन्होंने दोनों की बुरी मान्यताओं पर समान प्रहार किया। इस मौके पर डॉ. प्रीति कुमारी के नेतृत्व में दोहा गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बीए के सभी सत्रों की छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम स्थान जागृति कुमारी, द्वितीय संयुक्त रूप से जूही कुमारी और प्राची प्रिया तथा तृतीय स्थान सुनिधि ने प्राप्त किया। डॉ. कुमारी शिल्पा तथा ड़ॉ रजनी नरसरिया ने निर्णायक की भूमिका अदा कीं। डॉ. अंजू कुमारी ने गुरु के महत्व पर ध्यानाकृष्ट करते हुए कबीर के पदों से प्रेरणा ग्रहण करने की आवश्यकता पर बल दिया। सभी विभाग के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने कबीरदास पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धा प्रकट की।

# शिक्षकों-पेंशनर्स का शांतिपूर्ण प्रदर्शन

दैनिक नवसंदेश

**वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय**

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के शिक्षकों और पेंशनर्स ने अपनी मांगों के समर्थन में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। बिहार राज्य विश्वविद्यालय शिक्षक महासंघ (फुटाब), पटना के आह्वान पर आज विवि मुख्यालय परिसर में शिक्षकों और पेंशनर्स ने एक दिवसीय शांतिपूर्ण प्रतिरोध-प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन वेतन, पेंशन, एनपीएस के समयबद्ध भुगतान एवं नियमित पदोन्नति प्रक्रिया की प्रभावी व्यवस्था करने तथा राज्य सरकार द्वारा बेहतर व मानवीय कार्य-स्थिति मानदंडों को लागू करने के समर्थन में आयोजित किया गया था।



स्नातकोत्तर शिक्षक संघ के सचिव डॉ. आमिर महमूद ने बताया कि सभी शिक्षक और पेंशनर्स अपने शैक्षणिक व प्रशासनिक दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए इस आंदोलन में शामिल हुए। प्रदर्शन के उपरांत स्नातकोत्तर शिक्षक संघ से संबद्ध पदाधिकारियों के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें अपनी मांगों से संबंधित विस्तृत ज्ञापन सौंपा और जल्द सकारात्मक कार्रवाई की मांग की। सचिव ने आंदोलन को शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से सफल बनाने के लिए सभी शिक्षक साथियों और पेंशनर्स के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रो. विश्वनाथ चौधरी ने कहा कि यह अति संवेदनहीनता है कि पेंशनरों और वेतन भोगियों को कई-कई महीने वेतन एवं पेंशन के लिए इंतजार करना पड़ता है। प्रो. सत्येंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि जहां का शासन शिक्षकों को संतुष्ट नहीं कर सकता वह राज्य या देश निश्चित ही गर्त की ओर चला जाता है। प्रो. कमल सिंह ने कहा कि हमें वेतन और पेंशन के लिए अवकाश प्राप्ति के 10-12 साल बाद तक प्रदर्शन करना पड़ता है। प्रो. किस्मत कुमार सिंह ने कहा कि तीन-चार महीने तक वेतन ना मिलना अति दुखदाई है। संचालन डॉ. अमित कुमार ने किया। मौके पर प्रो. विजय कुमार सिंह, प्रो. सत्यनारायण सिंह, डॉ. आमिर मोहम्मद, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. ट्विंकल केसरी, डॉ. किरण शर्मा, डॉ. रामधनी राम, डॉ. फौजिया रहमान, प्रियंका पाठक, कुमारी प्रीतिका, अंकित मिश्रा आदि उपस्थित थे।

**फुटाब के आह्वान पर समय पर वेतन-पेंशन और नियमित प्रोन्नति की मांग को लेकर पूरे राज्य में विश्वविद्यालयों के मुख्यालयों पर किया गया प्रदर्शन**

# आवास योजनाओं की समीक्षा, लंबित आवास शीघ्र पूरा करने के निर्देश



**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना की प्रगति की समीक्षा को लेकर बुधवार को कोईलवर प्रखंड कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी बीर बहादुर पाठक ने की।

इस दौरान योजनाओं के तहत लंबित आवासों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित आवास सहायकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में बीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लंबित द्वितीय एवं तृतीय किस्त के भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के लिए निर्धारित 3,075 आवासों के लक्ष्य में जिन लाभुकों के मकान अब तक अधूरे हैं, उनका निर्माण शीघ्र पूरा कराया जाए, ताकि सभी पात्र परिवारों को समय पर पक्के आवास का लाभ मिल सके। वहीं मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि निर्धारित 67 आवासों के लक्ष्य के विरुद्ध 60 आवासों का निर्माण पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष 7 आवास लंबित हैं। बीडीओ ने सभी संबंधित आवास सहायकों को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर शेष सभी आवासों का निर्माण पूर्ण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं।

बीडीओ बीर बहादुर पाठक ने कहा, सरकार की प्राथमिकता है कि हर पात्र परिवार को समय पर पक्का आवास उपलब्ध हो। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक में आवास पर्यवेक्षक शाहबाज अख्तर सहित आवास सहायक संदीप कुमार, वीरेंद्र कुमार, अमितेश उपाध्याय एवं सभी आवास सहायक उपस्थित रहे।

# क्षतिग्रस्त पुलिया का शीघ्र मरम्मत करने का विधायक ने दिया निर्देश

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** सुहिया बुझाराय के डेरा पथ पर हिरखी-पिपरा के समीप स्थित पुलिया के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिलते ही विधायक राकेश रंजन मंगलवार को स्थल निरीक्षण करने मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से पुलिया की स्थिति एवं आवागमन में हो रही परेशानियों की जानकारी ली। साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारियों से भी क्षति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। विधायक ने क्षतिग्रस्त पुलिया के कारण आम लोगों को हो रही कठिनाइयों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक मरम्मत कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिया को जल्द से जल्द सुरक्षित एवं सुचारु बनाया जाए। ताकि लोगों की आवाजाही सामान्य हो सके। साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक इंतजाम करने और कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनसुविधाओं की रक्षा तथा नागरिकों की सुरक्षित एवं निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिया की मरम्मत कार्य की नियमित निगरानी की जाएगी और इसे जल्द पूरा कराया जाएगा।



# माउंट लिट्रा जी विद्यालय में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर कार्यक्रम



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** माउंट लिट्रा जी विद्यालय के किड्जी, पकड़ी शाखा के प्रांगण में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में चिकित्सकों के योगदान को सम्मान देना एवं छात्रों को उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने हेतु प्रेरित करना था। संचालन मोनिका एवं रुही के संयोजन में किया गया। मंच संचालन रुही ने किया गया। शुभारंभ ऋषि एवं विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुआ। बच्चों ने कविता पाठ और भाषण के माध्यम से चिकित्सकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। मौके पर डॉ. अमित जायसवाल, डॉ. अनामिका सिंह, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. अमित, डॉ. मनीषा, डॉ. गणेश, डॉ. प्रज्ञा, डॉ. स्नेहा प्रिया एवं डॉ. लोकेश के साथ ही विद्यालय निदेशक श्रेयांश जैन, उपाध्यक्ष सुचिता जैन, प्रधानाचार्या सोनी चौधरी, शिक्षक और अभिभावक भी मौजूद थे। आमंत्रित चिकित्सकों ने चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा, समर्पण एवं मानवता के महत्व पर प्रकाश डाला। मोनिका ने अतिथि चिकित्सकों, शिक्षकों एवं छात्रों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पीएच-डी धारकों व शोधार्थियों ने नई नियमावली का किया विरोध

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** असिस्टेंट प्रोफेसर बहाली में नई नियमावली लागू किए जाने के विरोध में बुधवार का ऑल पीएच-डी होल्डर्स एण्ड रिसर्च स्कॉलरर्स एसोसिएषन ऑफ बिहार के बैनर तले पीएचडी धारकों और शोधार्थियों ने वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पुराने परिसर, कतीरा (आरा) में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व ड़ संदीप ठाकुर ने किया।



मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का फूंका पुतला

इस दौरान आक्रोशित शोधार्थियों ने मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री का पुतला दहन कर नई नियमावली वापस लेने की मांग की।प्रदर्शन के दौरान एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि सहायक प्राध्यापक बहाली में अचानक नई नियमावली लागू करना हजारों पीएच-डी धारकों और शोधार्थियों के भविष्य के साथ अन्याय है। अभ्यर्थियों ने वर्षो तक पुरानी नियमावली के आधार पर तैयारी की है, जिसमें एपीआई/एकेडेमिक स्कोर, पीएचडी, शोध-पत्र प्रकाशन, सेमिनार, कन्फ्रेंस, शिक्षण अनुभव और अन्य शैक्षणिक उपलब्धियों को महत्व दिया जाता था। एसोसिएशन ने सरकार के समक्ष पांच प्रमुख मांगें रखीं। इसमें वर्तमान सहायक प्राध्यापक बहाली को पुरानी नियमावली के आधार पर कराने, 211 नए डिग्री महाविद्यालयों में सभी विषयों की पढ़ाई सुनिश्चित करने, यूजीसी के नियमों के अनुसार आयु सीमा कम से कम 55 वर्ष करने, पीएचडी धारकों को नेट व जेआरएफ अभ्यर्थियों की तुलना में अधिक वरीयता देते हुए पुरानी नियमावली के अनुसार स्कोर में 30 अंक देने तथा बिहार के अभ्यर्थियों के हित में डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग शामिल है। प्रदर्शन में कुमुद पटेल, ज्योति कुमार, सुशील टाइगर, चंदन कुमार तिवारी, मोनू यादव, .ष्णा तिवारी, छोटू सिंह, राज पांडेय, संदीप ठाकुर, अनीश कुमार, सैफ अख्तर, चंदन तिवारी, निशांत कुमार, राजन कुमार, अमिताभ कुमार, केडी यादव, रतनेस कुमार, शेखर सिंह, तुषार कुमार सहित अन्य शोधार्थी मौजूद थे।

# एनकाउंटर नहीं, कानून के तहत हो कार्रवाई : दीपंकर

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस द्वारा कथित एनकाउंटर में मारे गए भरत भूषण तिवारी के परिजनों से मिलने बुधवार को सीपीएम-एमएल के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य एवं डुमरांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अजीत कुशवाहा बिलौटी पहुंचे। दोनों नेताओं ने स्व. तिवारी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर पूरी घटना की जानकारी ली और उनका पक्ष सुना।

भट्टाचार्य ने कहा कि बिहार में कानून का राज कमजोर पड़ता दिखाई दे रहा है। यहां पुलिस का राज हो गया है। उन्होंने कहा कि परिजनों के अनुसार पहले भरत के पिता को थाने में बैठाया गया, उनकी मां के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया और बाद में भरत की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस मामले में न्यायिक जांच आयोग के गठन की घोषणा की है। लेकिन



भरत भूषण तिवारी के परिजनों से बात करते दीपंकर भट्टाचार्य।

केवल आयोग बना देने से न्याय नहीं मिलेगा। इस प्रकार का आयोग लीपापोती के लिए होता है। पीड़ित परिवार को निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अपराधी है तो उसे कानून के तहत गिरतार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाना चाहिए। एनकाउंटर किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि बहुजन पंचायत का आयोजन भी सही नहीं है। पूर्व विधायक अजीत कुशवाहा ने भी पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की। मौके पर सीपीएम-एमएल के कई नेता एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# कटाव पीड़ितों के नए आशियाने की राह आसान, गड्ढे में भरी जा रही मिट्टी

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** गंगानदी के कटाव से विस्थापित जवइनिया गांव के पीड़ित परिवारों के पुनर्वास की दिशा में जिला प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। बिलौटी गांव के दक्षिणी हिस्से में कटाव पीड़ितों को आवंटित भूमि को रहने योग्य बनाने के लिए गड्ढेनुमा स्थानों पर युद्धस्तर पर मिट्टी भराई एवं समतलीकरण का कार्य कराया जा रहा है। कार्य की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन को सौंपी गई है। शाहपुर के अंचलाधिकारी आनंद प्रकाश लगातार स्थल निरीक्षण कर समतलीकरण कार्य की प्रगति पर नजर बनाए हुए हैं। प्रशासन का प्रयास है कि जिन कटाव पीड़ित परिवारों को पुनर्वास योजना के तहत भूमि का पर्चा मिल चुका है उन्हें मकान निर्माण के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। इसके लिए जेसीबी एवं अन्य मशीनों की मदद से गड्ढों को भरकर जमीन को समतल किया जा रहा है। गौरतलब है कि शाहपुर प्रखंड के जवइनिया गांव के 70 कटाव पीड़ित परिवारों को पुनर्वास योजना के तहत बिलौटी गांव के दक्षिणी भाग स्थित सरकारी भूमि पर प्रति परिवार तीन-तीन डिसमिल जमीन आवंटित की गई है। हालांकि आवंटित भूमि का कुछ हिस्सा गड्ढानुमा होने के कारण वहां तत्काल मकान निर्माण संभव नहीं था। कटाव पीड़ित परिवार लगातार प्रशासन से जमीन का समतलीकरण करने की मांग कर रहे थे। कटाव पीड़ितों की मांग को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने समतलीकरण का कार्य शुरू कराया है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि कार्य पूरा होते ही लाभुक परिवार अपने नए आशियाने का निर्माण शुरू कर सकेंगे।

**सीओ लगातार कर रहे मॉनिटरिंग**

## संक्षिप्त खबरें

### कलेर प्रखंड को मिले नए बीडीओ व सीओ सोमवार को देंगे योगदान

**मेहंदिया (एनएसबी)** बिहार सरकार द्वारा जारी प्रशासनिक तबादला सूची के तहत जिले के कलेर प्रखंड में नए प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी की तैनाती की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुशील कुमार को कलेर का नया प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा उत्तम राहुल को नया अंचलाधिकारी बनाया गया है। दोनों अधिकारियों के सोमवार को कलेर प्रखंड मुख्यालय में योगदान देने की संभावना है।वर्तमान में कलेर प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में मनोज कुमार तथा अंचलाधिकारी के रूप में सर्वेश कुमार सिंह कार्यरत थे। लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने के बाद अब उनका स्थानांतरण कर दिया गया है।नए अधिकारियों की नियुक्ति से प्रखंड के विकास कार्यों और राजस्व प्रशासन में नई गति आने की उम्मीद जताई जा रही है। आम लोगों को भी उम्मीद है कि नए अधिकारी जनसमस्याओं के त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देंगे।

### मोटर चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**मेहंदिया (एनएसबी)** कलेर थाना क्षेत्र में मोटर चोरी की घटना का पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही चोरी की गई मोटर भी बरामद कर ली गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक गुड्डू कुमार की ओर से चोरी की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। इस दौरान दो आरोपियों को चोरी की मोटर के साथ पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बसंत कुमार, पिता बबन साह तथा विकास कुमार, पिता सियाराम पासवान, दोनों निवासी ग्राम ठाकुरबीघा, के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है तथा मामले की गहन जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### जयपुर गांव में सड़क निर्माण को लेकर विवाद गहराया प्रशासनिक कार्रवाई टली

**मेहंदिया (एनएसबी)** प्रखंड के जयपुर गांव में सड़क निर्माण को लेकर चल रहा विवाद लगातार गहराता जा रहा है। कई माह से लंबित इस मामले में पुलिस व प्रशासन की मौजूदी के बावजूद अब तक कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकल सका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण लंबे समय से आहर के पिंड के सहारे आवागमन करते थे। ग्रामीणों द्वारा षि कार्य व आवागमन की सुविधा के लिए उस पिंड पर मिट्टी भरकर सड़क बनाने का प्रयास किया जा रहा था। इसी दौरान गांव के ही प्रकाश कुमार द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई, उनका कहना था कि सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही मिट्टी उनके खेत में भी फैल रही है। इसके बाद प्रशासन को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर सीओ, बीडीओ एवं एसडीओ द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया और एक सीमांकन कर वैकल्पिक रास्ता चिन्हित किया गया। प्रशासन ने निर्देश दिया था कि उसी निर्धारित सीमा से सड़क निर्माण किया जाए। लेकिन जब प्रकाश कुमार द्वारा चिन्हित भूमि से मिट्टी हटाने की कोशिश की गई, तो ग्रामीणों ने इसका विरोध कर दिया। स्थिति बिगड़ने पर उन्होंने प्रशासन से सहयोग की मांग की।इसके बाद कलेर सी ओ सरवेश कुमार सिंह मेहंदिया के थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन ग्रामीणों के विरोध के कारण कोई भी कार्यवाही नहीं हो सकी।इस संबंध में अंचलधिकारी सरवेश कुमार सिंह ने बताया कि एसडीओ के आदेशानुसार फिलहाल अगली कार्रवाई रोक दी गई है और आगे के निर्देश की प्रतीक्षा की जा रही है। ग्रामीणों की ओर से आपसी सहमति बनाने की मांग की जा रही है, जबकि फिलहाल गांव में तनावपूर्ण स्थिति बना हुआ है।

### पूर्व जिला परिषद सदस्य स्व सत्येंद्र चौधरी को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**जहानाबाद।** सदर प्रखंड के कोरमा मिल्की निवासी, पूर्व जिला परिषद सदस्य, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता एवं अखिल भारतीय पासी समाज के जिला अध्यक्ष स्वर्गीय सत्येंद्र चौधरी के श्राद्धकर्म के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में वक्ताओं ने स्व सत्येंद्र चौधरी के व्यक्तित्व एवं तित्व को स्मरण करते हुए कहा कि वे सरल, मिलनसार और उच्च विचारों वाले समाजसेवी थे।

# बारिश की बेरुखी से किसानों की बढ़ी परेशानी

## सूखे पड़े खेत, धान की खेती पर मंडराया संकट

**मेहंदिया (एनएसबी)।** आषाढ़ माह की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन अब तक क्षेत्र में अच्छी वर्षा नहीं होने से किसानों के चेहरे पर चिंता साफ दिखाई देने लगी है। खेत सूखे पड़े हैं और खरीफ फसलों की खेती की शुरुआत भी नहीं हो सकी है। धान की खेती पूरी तरह पिछड़ती जा रही है। जिन किसानों ने बड़ी उम्मीद के साथ धान का बिचड़ा तैयार किया था, वह भी पानी के अभाव में सूखने लगा है। यदि अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो इस वर्ष धान की खेती पर गंभीर संकट खड़ा हो सकता है।


सुखी पड़ी खेत।

प्रखंड के बेलाव मैनपुरा , चंदा, कोयल, कामता, परासी, बिशनपुरा , मठिया, परशुरामपुर, बाथे, समेत दर्जनों गांवों में खेती लगभग पूरी गुजरती है, लेकिन उसमें पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं छोड़े जाने के कारण अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंचता। ऐसे में किसानों के पास वर्षा का इंतजार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। किसानों का कहना है कि सामान्य वर्षों में इस समय तक खेतों की जुताई पूरी हो जाती थी और धान की रोपाई का कार्य भी शुरू हो जाता था। लेकिन इस बार खेतों में न तो पर्याप्त नमी है और न ही सिंचाई का कोई भरोसेमंद साधन। कई किसानों ने निजी संसाधनों से किसी तरह धान का बिचड़ा तैयार किया, लेकिन लगातार तेज धूप और पानी की कमी के कारण बिचड़े पीले पड़ने लगे हैं। कई स्थानों पर बिचड़े सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं।किसानों ने बताया कि आषाढ़ का महत्वपूर्ण आद्रा नक्षत्र भी लगभग समाप्त हो गया, लेकिन अब तक मानसून पूरी तरह सक्रिय नहीं हो पाया है। आसमान में बादल तो आते हैं, लेकिन बिना बरसे लौट जाते हैं। मौसम के इस बदले मिजाज ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द बारिश नहीं हुई तो धान की रोपाई का समय निकल जाएगा, जिससे उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा।खेती प्रभावित होने का असर केवल किसानों तक सीमित नहीं रहेगा। षि कार्य ठप रहने से खेतिहर मजदूरों के सामने भी रोजी-रोटी का संकट खड़ा होने लगा है। जिन मजदूरों को इस समय खेतों में रोपाई और अन्य षि कार्यों से रोजगार मिलता था, वे भी काम की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं।किसानों का कहना है कि यदि नहरों में समय पर पर्याप्त पानी छोड़ा जाता तो वर्षा की कमी का असर काफी हद तक कम हो सकता था। लेकिन सिंचाई व्यवस्था की लापरवाही के कारण हर साल किसानों को प्रातिक वर्षा के भरोसे ही खेती करनी पड़ती है। छोटी नहर होने के बावजूद उसमें पर्याप्त जल उपलब्ध नहीं रहने से अंतिम छोर के गांवों तक पानी नहीं पहुंच पाता।क्षेत्र के किसानों ने सरकार और सिंचाई विभाग से तत्काल नहरों में पर्याप्त पानी छोड़ने, डीजल अनुदान तथा वैकल्पिक सिंचाई की व्यवस्था करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि अगले एक सप्ताह के भीतर अच्छी वर्षा नहीं हुई तो इस वर्ष खरीफ फसल का रकबा काफी घट जाएगा और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।बारिश की लगातार बेरुखी और कमजोर सिंचाई व्यवस्था ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। अब पूरे क्षेत्र के किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

## डीएम ने किया शक्ति सदन का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**अरवल (एनएसबी)**जिला पदाधिकारी ने शक्ति सदन का किया निरीक्षण, आवासित महिलाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का दिया निर्देश जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा जिला प्रोग्राम कार्यालय के अंतर्गत संचालित शक्ति सदन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शक्ति सदन में आवासित संवासिनों से संवाद स्थापित कर उनके आवासन, भोजन, स्वास्थ्य, सुरक्षा, दैनिक दिनचर्या एवं उपलब्ध कराई जा रही अन्य मूलभूत सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा संस्थान की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया।उल्लेखनीय है कि अरवल जिला अंतर्गत संचालित शक्ति सदन में घरेलू हिंसा, लैंगिक हिंसा एवं अन्य प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं के सुरक्षित आवासन की समुचित व्यवस्था की गई है। यहाँ संवासिनों की आवश्यकता एवं परिस्थितियों के अनुरूप नियमित काउंसलिंग की जाती है तथा उनके सामाजिक एवं आर्थिक पुनर्वास के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाती हैं, ताकि वे आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक जीवन की ओर अग्रसर हो सकें।निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शक्ति सदन में रह रही सभी महिलाओं को सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षित, सम्मानजनक एवं संवेदनशील वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि संस्थान में उपलब्ध सभी सुविधाओं की नियमित निगरानी की जाए तथा किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर उसका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जिला पदाधिकारी ने शक्ति सदन में कार्यरत कर्मियों की उपस्थिति, अभिलेखों के संधारण एवं संस्थान की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की। उन्होंने जिला प्रोग्राम पदाधिकारी श्रीमती माला कुमारी को निर्देशित किया कि शक्ति सदन में आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता सतत बनी रहे तथा आवश्यकता के अनुसार सभी आवश्यक संसाधन समय पर उपलब्ध कराए जाएँ, जिससे संवासिनों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के अवसर पर उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार, वरीय उप समाहर्ता ऋषिकेश तिवारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी माला कुमारी, शक्ति सदन के केयरटेकर एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।


निरीक्षण करते डीएम।

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने पर खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**अरवल (एनएसबी)**राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में अरवल के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, पदक विजेताओं को जिला प्रशासन ने किया सम्मानित महाराष्ट्र के नासिक में दिनांक 25 जून, 2026 से 28 जून, 2026 तक आयोजित 14वीं जूनियर एवं सब-जूनियर राष्ट्रीय पेंचक सिलाट चौंपियनशिप में बिहार टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अरवल जिले के कुल 12 खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने उत्ष्ट प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण एवं तीन कांस्य पदक अर्जित कर अरवल तथा बिहार का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में सुप्रिया राज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं साक्षी राज, जिज्ञासा चंद्रा एवं गौरव कुमार ने उत्ष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। राष्ट्रीय स्तर पर उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस, उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार तथा जिला खेल पदाधिकारी रितेश कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए निरंतर उत्ष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि यह पूरे अरवल जिले के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का उत्ष्ट प्रदर्शन करते हुए लगातार पदक अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले के बालक एवं बालिकाएं खेलों के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहे हैं, जो अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, अरवल खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, आवश्यक संसाधन एवं प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा भविष्य में भी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा, ताकि वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जिले, राज्य एवं देश का नाम और अधिक गौरवान्वित कर सकें।इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों एवं उनके प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में अरवल के खिलाड़ी खेल जगत में नई उपलब्धियां हासिल करेंगे।


सम्मानित करते डीएम।

## महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराये : अमृषा

**अरवल (एनएसबी)**जिला पदाधिकारी ने मिशन शक्ति अंतर्गत संचालित वन स्टप सेंटर का किया निरीक्षण, महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराने का दिया निर्देश जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस मिशन शक्ति योजना अंतर्गत संचालित समाहरणालय परिसर में अवस्थित वन स्टप सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र की समस्त व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन करते हुए महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने वन स्टप सेंटर के अंतर्गत संचालित पालना घर का भी निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं बच्चों की देखभाल संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत उन्होंने केंद्र में प्राप्त सभी मामलों (केसों) की समीक्षा करते हुए संधारित मास्टर रजिस्टर, प्रत्येक मामले से संबंधित व्यक्तिगत फाइल, काउंसलिंग रिपोर्ट, मेडिकल रिपोर्ट, प्राथमिकी (एफआईआर) एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया। जिला पदाधिकारी ने केंद्र प्रशासक शिम्पू कुमारी से प्रत्येक मामले की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिया कि केंद्र में सहायता के लिए आने वाली प्रत्येक महिला को संवेदनशील एवं सम्मानजनक वातावरण में आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं की नियमित काउंसलिंग सुनिश्चित करने के साथ-साथ प्रत्येक मामले का समय-समय पर फलो-अप भी किया जाए, ताकि उन्हें न्याय, सुरक्षा एवं पुनर्वास की प्रक्रिया में समुचित सहयोग प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि आवश्यकता के अनुरूप पीड़ित महिलाओं को चिकित्सीय सहायता, कानूनी सहायता, पुलिस सहायता, मनोसामाजिक परामर्श तथा अन्य आवश्यक सेवाएं निर्धारित प्रावधानों के अनुसार समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाएं। सभी मामलों का अभिलेखीकरण सुव्यवस्थित ढंग से किया जाए तथा गोपनीयता एवं संवेदनशीलता का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने महिलाओं की काउंसलिंग हेतु निर्धारित कक्ष का भी निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने जिला प्रोग्राम पदाधिकारी श्रीमती माला कुमारी को निर्देश दिया कि काउंसलिंग प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाया जाए, ताकि हिंसा से प्रभावित महिलाओं को मानसिक, सामाजिक एवं भावनात्मक संबल प्रदान किया जा सके। जिला पदाधिकारी ने कहा कि वन स्टप सेंटर महिलाओं को एक ही स्थान पर त्वरित एवं समेकित सहायता उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण व्यवस्था है। ऐसे में केंद्र की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी, संवेदनशील एवं उत्तरदायी बनाए रखने के लिए सभी पदाधिकारी एवं कर्मी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें।निरीक्षण के अवसर पर उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार, वरीय उप समाहर्ता ऋषिकेश तिवारी, वन स्टप सेंटर के सभी कर्मी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।


निरीक्षण करते डीएम व अन्य।

### जहानाबाद पाक्षिक काव्य गोष्ठी में मुख्तार हुसैन बिक्कन एवं कृष्णा प्रसाद गुप्ता को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**जहानाबाद।** विश्व सोशल मीडिया दिवस के अवसर पर नागरिक विकास मंच, जहानाबाद के तत्वावधान में मंगलवार को को-अपरेटिव बैंक परिसर में आयोजित जहानाबाद पाक्षिक काव्य गोष्ठी श्रद्धा, संवेदना और साहित्य का अनुपम संगम बन गई। कार्यक्रम में शहर के दो सम्मानित समाजसेवी मरहूम सैयद मुख्तार हुसैन उर्फ बिक्कन एवं स्मृतिशेष ष्णा प्रसाद गुप्ता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों दिवंगत विभूतियों के चित्रों पर पुष्पांजलि एवं दो मिनट का मौन रखकर किया गया। उपस्थित साहित्यकारों, समाजसेवियों एवं नागरिकों ने उनके सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि ऐसे व्यक्तित्व कभी मृत्यु को प्राप्त नहीं होते, बल्कि अपने कार्यों के माध्यम से समाज में सदैव जीवित रहते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रपति पदक से सम्मानित शिक्षाविद एवं नागरिक विकास मंच के अध्यक्ष ड़ एस. के़ सुनील ने की, जबकि मंच संचालन वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार एवं मंच के सचिव संतोष श्रीवास्तव ने किया। सोशल मीडिया दिवस के अवसर पर आयोजित इस गोष्ठी में साहित्यकारों ने सोशल मीडिया के सकारात्मक एवं जिम्मेदार उपयोग पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि सोशल मीडिया संवाद, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता का प्रभावी माध्यम है, लेकिन इसका उपयोग सत्य, संयम और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ किया जाना चाहिए। अफवाह, नफरत और असत्य के प्रसार से बचना आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। काव्य गोष्ठी में गया के प्रख्यात कवि एवं साहित्यकार अरविंद कुमार, जहानाबाद के प्रसिद्ध मगही साहित्यकार दीपक जी, साहित्यकार चित्तरंजन चौनपुरा, प्रसिद्ध नाटककार विश्वजीत अलबेला, नागरिक विकास मंच के कोषाध्यक्ष रामजीवन पासवान, मूर्तिकार अजय जी, कवयित्री मान्या गुप्ता, सुनील जी, वृद्धाश्रम के संचालक कुन्दन कुमार तथा मगही विकास मंच के सचिव अरविंद कुमार आंजाश ने अपने विचार व्यक्त किए और काव्य पाठ से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

## जिला अनुश्रवण एवं समन्वय समिति की बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी छिरिड़ वाई भूटिया की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में जिला अनुश्रवण एवं समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी विभागों के तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदाधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

जिला पदाधिकारी ने पंचायतों में सामुदायिक शौचालय, स्वास्थ्य भवन, आंगनबाड़ी केंद्र तथा विवाह मंडप के निर्माण के लिए शीघ्र भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए। राजस्व महाअभियान के लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन तथा 31 जुलाई तक भूमिहीन परिवारों को जांच के आधार पर भूमि उपलब्ध कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में गर्भवती महिलाओं, संस्थागत प्रसव, कुपोषित बच्चों (सैम एवं मैम) की नियमित निगरानी, डेंगू एवं टीबी जैसी बीमारियों पर जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक आयोजित करने तथा फार्मर रजिस्ट्रेशन आईडी से जुड़े लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। साथ ही ड़ भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय के मरम्मत कार्य, प्रखंड स्तरीय नियमित समीक्षा बैठक तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय के माध्यम से सभी योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।



समीक्षा बैठक करते अधिकारी।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक ने किया विद्यालयों में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक

**अरवल (एनएसबी)** विधायक अरवल की अध्यक्षता में विधानसभा क्षेत्र के विद्यालयों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई विधायक मनोज कुमार की अध्यक्षता में अरवल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित विद्यालयों की समीक्षात्मक बैठक अतिथि गृह, अरवल में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, आधारभूत संरचना, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विद्यालयों के समग्र विकास की समीक्षा करना था। बैठक के प्रारंभ में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा विधायक को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया अगया। इसके उपरांत विधायक ने बैठक में उपस्थित सभी प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया तथा विद्यालयों की वर्तमान स्थिति, उपलब्धियों एवं विकास संबंधी आवश्यकताओं की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने अपने-अपने विद्यालयों से संबंधित भवन निर्माण, अतिरिक्त कक्षाओं की आवश्यकता, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, खेल सामग्री, पेयजल, शौचालय, स्मार्ट क्लास, विद्युत व्यवस्था, नामांकन, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, पठन-पाठन की गुणवत्ता तथा अन्य आधारभूत एवं विकासात्मक आवश्यकताओं से जुड़े विषयों को विस्तारपूर्वक रखा। बैठक को संबोधित करते हुए माननीय विधायक नें कहा कि राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण एवं समावेशी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा के केंद्र नहीं, बल्कि समाज निर्माण की आधारशिला हैं। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों से विद्यालयों में अनुशासित एवं शिक्षण-अनुकूल वातावरण बनाए रखने, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, शैक्षणिक गुणवत्ता में सतत सुधार लाने तथा उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग करते हुए विद्यालयों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि विद्यालयों से संबंधित विकासात्मक आवश्यकताओं एवं समस्याओं के समाधान हेतु हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी, अरवल नें कहा कि शिक्षा विभाग राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था बनाए रखने, विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करने, आधारभूत सुविधाओं के रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने, विद्यार्थियों की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा विभागीय दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने विद्यालयों से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान एवं विकास कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान विद्यालयों में संचालित विभिन्न योजनाओं, शैक्षणिक गतिविधियों, आधारभूत संरचना के सुढ़ीकरण तथा भावी विकास योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रधानाध्यापकों द्वारा दिए गए सुझावों पर माननीय विधायक एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने सकारात्मक विचार-विमर्श करते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी तथा अरवल विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।


)बैठक करते विधायक।

### अब्दुल कयूम और अब्दुल हमीद की जयंती मनाई गई

**अरवल (एनएसबी)** पूर्व मंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल क्युम अंसारी तथा परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन अब्दुल हमीद की संयुक्त जयंती समारोह श्रद्धापूर्वक मनाई गई माईनोरिटीज वेल्फेयर सोसाइटी, अरवल के बैनर तले बिहार सरकार के पूर्व मंत्री, प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल क्युम अंसारी तथा परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद कैप्टन अब्दुल हमीद की संयुक्त जयंती श्रीष्ण आश्रम, अरवल में श्रद्धा, सम्मान एवं राष्ट्रीय गौरव के साथ मनाई गई। समारोह में दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोसाइटी के अध्यक्ष अधिवक्ता निसार अख्तर अंसारी ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में निसार अख्तर अंसारी ने कहा कि बाबा ए कौम अब्दुल क्युम अंसारी केवल एक स्वतंत्रता सेनानी या मंत्री ही नहीं थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय, राष्ट्रीय एकता और पसमांदा समाज के अधिकारों के सशक्त प्रहरी थे। उन्होंने जीवनभर सांप्रदायिक सद्भाव, सामाजिक समानता और संविधान के मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति को सम्मान और अवसर दिलाने की लड़ाई लड़ी तथा यह संदेश दिया कि किसी भी समाज की वास्तविक उन्नति तभी संभव है, जब हर वर्ग को समान अधिकार और सम्मान मिले। वे भारत बिभाजन के बिरोधी थे ,वे अखंड भारत के पक्षधर थे, महज 11 साल के उम्र में वे स्वतंत्रता आंदोलन में कुद गए थे और अंगरेजी किताबों को जलाने के बिरोध में अंग्रेजों ने इतनी छोटी उम्र में ही जेल में डाल दिया था उन्होंने आगे कहा कि परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन अब्दुल हमीद भारतीय सेना के ऐसे अमर योद्धा हैं, जिन्होंने 1965 के भारत-पाक युद्ध में अपने अदम्य साहस, अद्वितीय वीरता और सर्वोच्च बलिदान से पूरे देश का मस्तक ऊँचा कर दिया। उन्होंने अपने प्राणों की परवाह किए बिना दुश्मन के कई पैटन टैंकों को ध्वस्त कर भारतीय सेना की विजय में ऐतिहासिक योगदान दिया। उनका जीवन प्रत्येक भारतीय के लिए राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और साहस की सर्वोच्च प्रेरणा है। श्री अंसारी ने कहा कि आज के समय में इन दोनों महान विभूतियों के विचार और आदर्श पहले से अधिक प्रासंगिक हैं। एक ओर अब्दुल क्युम अंसारी सामाजिक समरसता, शिक्षा और समान अधिकारों के प्रतीक हैं, तो दूसरी ओर कैप्टन अब्दुल हमीद राष्ट्र की रक्षा, वीरता और बलिदान के अमर प्रतीक हैं। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में भाईचारा, शिक्षा, राष्ट्रप्रेम और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे जाति, धर्म और भाषा से ऊपर उठकर देश और समाज के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ। यही इन दोनों महान विभूतियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि माईनोरिटीज वेल्फेयर सोसाइटी भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी, ताकि नई पीढ़ी अपने महापुरुषों के संघर्ष, त्याग और योगदान से परिचित हो सके। समारोह में उपस्थित मास्टर जमील अख्तर, मो जावेद अख्तर,कामेश्वर शर्मा, मदन यादव, शौकत अली, सगीर शाह, सगीर आलम, आबिद हुसैन,संजय कुमार सिंहा, सुनील कुमार, कैस आलम, अख्तर आमिर निसार,हाजी इसलाम अंसारी, वार्ड प्रतिनिधि इसलाम अंसारी सहीत बहुत से लोगों ने दोनों महान सपूतों के आदर्शो को जन-जन तक पहुँचाने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया।


जयंती मनाते लोग।

### 5 जुलाई को जहानाबाद में मनाया जाएगा राजद का स्थापना दिवस, तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**जहानाबाद।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के आह्वान तथा प्रदेश अध्यक्ष मंगनीलाल मंडल के निर्देश पर मंगलवार को कारगिल चौक स्थित राजद जिला कार्यालय में पार्टी के स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महेश ठाकुर ने की, जबकि संचालन जिला प्रधान महासचिव परमहंस राय ने किया। बैठक में पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस समारोह को भव्य एवं सफल बनाने पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान पार्टी के संगठनात्मक विस्तार, जनसंपर्क अभियान तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर अपने विचार रखते हुए राजद की नीतियों और पूर्व सरकार में किए गए कार्यो का उल्लेख किया। साथ ही उन्होंने वर्तमान राज्य सरकार की कार्यशैली की आलोचना करते हुए विभिन्न मुद्दों पर अपनी राय व्यक्त की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 5 जुलाई 2026 को टाउन हल, जहानाबाद में राष्ट्रीय जनता दल का स्थापना दिवस समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।